* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

13 जुलाई, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 263

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नीति आयोग के सदस्य विनोद कुमार पॉल के साथ

YBN UNIVERSITY

Established by the Jharkhand Act of 15, 2017 Gazette Notificaiton No. 505 dated 17th July 2017, Published by Govt. of Jharkhand as per Section 2(f) of UGC Act 1956

Rajaulatu, Namkum, Ranchi-834010

ADMISSION OPEN

SESSION (2023-2024)

APPROVAL

Established under Jharkhand Govt. Act | Recognized under Section 2 (1 of UGC) Act. | NCTE App. by NCTE for Education Programme | App. by PCI New Delhi | App. by BCI for Law Programme | Indian Nursing Council | Member of AIU

*100% Scholarship for ST/SC/ OBC those belong to Jharkhand Only | Bus Facility | Separate Hostel for Boys & Girls | • Bank Loan Assistance | *100% Placement Assistance

PHARMACY
D.Pharm / B.Pharm / M.Pharm*
Pharm.D* / Ph.D.
*Subject to Approval

LAW
BBA- LLB / LLB / LLM. /Ph.D.

ENGINEERING
Diploma / B.Tech / M.Tech
Computer Science, Electrical, Information Technology
Civil, Electrical & Electronics,
Electronics & Communication, Mechanical, Mining

AGRICULTURE SCIENCE
DIPLOMA IN AGRICULTURE
B.Sc Hon's. Agriculture
M.Sc (Agriculture)

PARAMEDICAL
B.Sc., M.Sc. in (Optometry, Medical Rediation Imaging, Medical Lab Technician Operation Theatre Tech.)
BPT / MPT / MHA / MPH

BCA / MCA
in (Software Engineering)

BBA / MBA
in (Retail Management)

B.Tech in (Software Engineering, Artificial Intelligence)

Admission Helpline
9709500400 / 9153882055 / 56
Helpline : ybnuniversity2017@gmail.com I Website : www.ybnu.acin

Application invited for Professor, Associate Professor, Assistant Professor in Library Science, Pharmacy, Nursing, Education and may more department please send resume on E-mail on hr@ybnu.ac.in

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,300 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 13 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in

बिहार की सियासत के लिए 18 जुलाई की तारीख है महत्वपूर्ण

■ एनडीए और विपक्षी दलों का सीट शेयरिंग फार्मूला आकार पा सकता है

■ दोनों ही ओर हैं चाचा-भतीजा, एनडीए गुट के चाचा-भतीजे में बराबर-बराबर बंटेंगी सीटें, चाचा नीतीश और भतीजा तेजस्वी का फार्मूला अभी तय नहीं

आजाद सिपाही विशेष

देश में अगले साल होनेवाले आम चुनावों की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। लगातार तीसरी बार देश की सत्ता हासिल करने के लिए भाजपा और उसे हराने के लिए विपक्ष की कोशिशें जोर पकड़ने लगी हैं। भाजपा को अपने उस चेहरे पर भरोसा है, जिसे नरेंद्र मोदी कहते हैं। वहीं विपक्षी दलों के पास बहुत से चेहरे हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री बनना है। अभी कोई सर्वमान्य चेहरा फाइनल नहीं हो पाया है। विपक्षी एकता की एक ही बैठक हुई और शरद पवार की पार्टी एनसीपी टूट गयी। आगे पता नहीं क्या होगा? राजनीति के जानकारों का कहना है कि अगला नंबर नीतीश कुमार की पार्टी जदयू का है। इसलिए नीतीश कुमार घबराये हुए से दिखायी पड़ रहे हैं। वह भी अपना फार्मूला बना ही रहे होंगे। उनका अंतरात्मा को सुनने का दौर शुरू है। पिछली बार नीतीश ने अंतरात्मा की सुनी तो पलटी मार बैठे, इस बार पता नहीं क्या होनेवाला है। खैर, भाजपा अपनी तैयारी में जुटी हुई है। उसने हर राज्य के लिए अलग-अलग फार्मूला निकाला है। उसी क्रम में बिहार में भी एनडीए का फार्मूला लगभग तैयार हो गया है। बड़े भाई की भूमिका में भाजपा नेतृत्व ने बारी-बारी से बिहार में एनडीए के घटक दलों के नेताओं से मुलाकात की। उसके बाद लोकसभा चुनाव में सीट शेयरिंग का फार्मूला तय कर लिया गया। राष्ट्रीय लोक जनता दल के नेता उपेंद्र कुशवाहा और हम के नेता जीतन राम मांझी ने पहले ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर अपनी हिस्सेदारी को तय करवा लिया है। लोक जनशक्ति पार्टी के नेता और केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस भी हिस्से में मिली सीटों की संख्या से संतुष्ट हैं। लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान भले ही औपचारिक रूप से अभी एनडीए का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन उनके कोटे की सीटें भी भाजपा ने तय कर दी हैं। वहीं, विपक्षी दलों की 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में बैठक है। अब लगता है बेंगलुरु से ही विपक्ष भी बिहार का फार्मूला निकालेगा। फिलहाल बिहार की गरमायी सियासत से क्या छन कर आ रहा? एनडीए का सियासी फार्मूला क्या है? यह बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

राकेश सिंह

चाचा-भतीजे को बराबर सीटें

पहले बात एनडीए की करते हैं। यहां अंदरखाने से आ रही खबरों के मुताबिक भाजपा ने लोक जनशक्ति पार्टी के चाचा-भतीजे दोनों धड़ों के लिए फार्मूला लगभग तय कर दिया है। सूचनाओं के अनुसार उनके खाते में बराबर-बराबर सीटें जायेंगी। रामविलास पासवान की स्थापित लोक जनशक्ति पार्टी में उनके निधन के बाद विभाजन हो गया था। केंद्र में मंत्री बनने की लालच में चिराग पासवान के चाचा पशुपति पारस ने पार्टी तोड़ ली थी। लोजपा के कुल छह सांसदों में पांच पारस के साथ चले गये थे। चिराग पासवान अकेले रह गये थे। जब चुनाव आयोग ने दोनों की पार्टी को अलग कर दिया, तो चिराग पासवान की पार्टी का नाम लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) तय हुआ। चाचा-भतीजे के बीच खटास इतनी बढ़ी कि चिराग पासवान एनडीए से बाहर ही छूट गये। हालांकि उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के प्रति अपनी निष्ठा बनाये रखी। और वह हमेशा अपने को मोदी का हनुमान बताते रहे। अब चिराग की पार्टी न सिर्फ एनडीए में शामिल होनेवाली है, बल्कि वह अलग सीटें लेकर चुनाव भी लड़ सकती है। पहले की तरह ही दोनों दलों (लोजपा और लोजपा-आर) को मिला कर छह सीटें ही दी जायेंगी। पारस की पार्टी को तीन और चिराग की पार्टी को तीन सीटें तय हुई हैं।

बिहार में एनडीए का सीट शेयरिंग फार्मूला

बिहार में लोकसभा की कुल 40 सीटें हैं। साल 2019 के चुनाव में जदयू भी एनडीए का हिस्सा था। तब एनडीए ने 39 सीटें जीती थीं। पूर्णिया की सीट कांग्रेस के खाते में चली गयी थी। एनडीए को मिली 39 सीटों में 17 भाजपा, 16 जदयू और छह लोजपा ने जीती थीं। इस बार जदयू एनडीए छोड़ महागठबंधन के साथ है। इसलिए साथी दलों के बीच सीट बंटवारे में भाजपा के सामने कोई परेशानी आनेवाली नहीं है। भाजपा ने साल 2014 के लोकसभा चुनाव में 30 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किये थे, जिनमें 22 ने जीत दर्ज की थी। उस वक्त भी एनडीए के साथ जदयू नहीं था। इसलिए भाजपा की कोशिश है कि वह कम से कम 30 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। बाकी 10 सीटें साथियों के लिए रहेंगी। इसमें छह सीटें तो लोजपा के दोनों धड़ों को दी जायेंगी, दो सीटें उपेंद्र कुशवाहा के आरएलजेडी और एक सीट जीतन राम मांझी की पार्टी हम को दी जायेगी। मुकेश सहनी की पार्टी वीआइपी को विधानसभा और विधान परिषद में सीटें देकर मनाया जायेगा। अगर वह नहीं मानें, तो उन्हें भी एक सीट दी जा सकती है।

18 जुलाई को हो सकता है सीटों का एलान

दिल्ली में 18 जुलाई को एनडीए की बैठक होनेवाली है। बैठक की खासियत यह रहेगी कि बिछड़े कुछ साथी दलों के अलावा नये साथी भी शामिल होंगे। बिहार की बात करें तो लोजपा के दोनों धड़ों के नेताओं के अलावा हम, आरएलजेडी और वीआइपी के प्रमुख बैठक में शामिल होंगे। हम के प्रमुख और बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी, आरएलजेडी के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, लोजपा (दोनों धड़ों) के चिराग पासवान और पशुपति पारस पहले भी एनडीए में रह चुके हैं। शुद्ध रूप से नये साथी वीआइपी के मुकेश सहनी ही होंगे। हालांकि मुकेश सहनी भी बिहार विधानसभा के पिछले चुनाव (2020) में भाजपा के साथ चुनाव लड़ चुके हैं। भाजपा इस तरह का फार्मूला (बिहार जैसा) अन्य राज्यों के लिए भी अपना सकती है। इस बीच भाजपा ने बिहार के नेताओं को वीआइपी सिक्योरिटी देकर पहले से ही अपने पाले में कर लिया है।

विपक्ष की बेंगलुरू बैठक होगी अहम, तय होगा फार्मूला

उधर, विपक्षी पार्टियां भाजपा को दिल्ली की सत्ता से बेदखल करने के लिए लामबंद नजर आ रही हैं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी ने विपक्षी दलों की 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में बैठक बुलायी है। कांग्रेस ने देश के 24 विपक्षी दलों को न्योता भेजा है, जिसमें आम आदमी पार्टी भी शामिल है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस और आप में खींचतान के बीच पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अरविंद केजरीवाल को कॉल करके मीटिंग में आने का न्योता दिया है। मुख्य बैठक 18 जुलाई को होगी। इससे एक दिन पहले यानी 17 जुलाई को डिनर रखा गया है। यह डिनर सभी दलों के लिए कांग्रेस की तरफ से होगी। बता दें कि विपक्ष की पहली बैठक बिहार की राजधानी पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हो चुकी है, जिसमें दक्षिण से लेकर उत्तर भारत के 15 प्रमुख दल शामिल हुए थे। इस बीच पहली बैठक होने के बाद एनसीपी में फूट पड़ गयी। अब देखना यह है कि दूसरी बैठक के बाद क्या होता है। सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में सभी विपक्षी दल 'वन टिकट, वन कैंडिडेट' पर चर्चा कर सकते हैं। इसके अलावा सीटों की शेयरिंग पर भी सहमति बन सकती है। खबरें ये भी हैं कि नीतीश कुमार को विपक्षी एकता का संयोजक बनाया जा सकता है। इस बैठक में यह भी देखना दिलचस्प होगा कि बिहार में नीतीश सीट शेयरिंग का क्या फार्मूला अपनाते हैं। इससे जुड़े कई सवाल राजनीतिक गलियारे में उठ रहे हैं। मसलन क्या नीतीश को मनचाहा सीट मिलेगी या राजद के साथ सीट को लेकर टकराव होगा? बिहार की सीट शेयरिंग को लेकर कहीं खटास तो पैदा नहीं हो जायेगी? चुनाव करीब आते-आते नीतीश हवा के रुख के साथ बहना तो नहीं चाहेंगे? इन सभी सवालों के जवाब के लिए बेंगलुरु की बैठक का इंतजार किया जा रहा है। अब देखना है कि इस बार नीतीश अपने कमिटमेंट पर डटे रहेंगे या नहीं। क्योंकि सभी कहते हैं आखिर नीतीश कुमार तो नीतीश कुमार हैं। कब उनकी अंतरात्मा आवाज देने लगेगी और वह आवाज सुन कर पलटी मार देंगे, उनके दल के लोग भी नहीं जानते।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बापू की प्रतिमा के समक्ष किया मौन सत्याग्रह

राहुल गांधी की आवाज को भाजपा नहीं दबा सकती : राजेश ठाकुर

मौन सत्याग्रह के माध्यम से तानाशाही केंद्र सरकार को करारा जवाब दिया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गुजरात हाइकोर्ट द्वारा राहुल गांधी की संसद सदस्यता की याचिका खारिज करने और भाजपा के शासन काल में देश की हो रही बदतर स्थिति के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की शुरुआत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कर चुकी है। बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कमेटी मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के पास मौन सत्याग्रह पर बैठी। इस मौन सत्याग्रह में प्रदेश के तमाम कांग्रेस के बड़े नेता से लेकर कार्यकर्ता हिस्सा लिये। मौन सत्याग्रह कार्यक्रम के उपरांत राजेश ठाकुर ने कहा कि मौन सत्याग्रह के माध्यम से भाजपा की तानाशाही केंद्र सरकार को करारा जवाब दिया गया है और लगातार इसी तरह से गांधीवादी तरीके से जवाब देते रहेंगे। हमारे नेता राहुल गांधी की सांसद की सदस्यता को खत्म करके उनकी आवाज को दबाना चाहती है। केंद्र सरकार और भाजपा राहुल गांधी को रोकने के लिए जितना भी दम लगा ले उन्हें रोक नहीं पायेगी।

राहुल गांधी गरीब, मजदूर, बेरोजगार युवा और आम जनता से जुड़े हुए मुद्दों को देश की जनता के सामने लाते हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी ने विभिन्न मंचों पर लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अडाणी के संबंधों को उजागर करते हुए महंगाई, बेरोजगारी, देश की गिरती अर्थव्यवस्था, बेटियों के साथ अन्याय के खिलाफ सवाल उठाते रहे हैं। राहुल गांधी के साहसी प्रयास ने प्रधानमंत्री और भाजपा को कुटिल कदम उठाने के लिए मजबूर कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें दोषी ठहराया गया और लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया।

मौन सत्याग्रह कार्यक्रम में विधायक दल के उपनेता प्रदीप यादव, प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, प्रदेश उपाध्यक्ष अनादि ब्रह्म, अनवर अंसारी, विधायक उमाशंकर अकेला, अंबा प्रसाद, शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, मन्नान मल्लिक, ममता देवी, योगेंद्र साव, महासचिव अमूल्य निराज खलखो, राकेश सिन्हा, मदन मोहन शर्मा, विनय सिन्हा दीपू, अजय नाथ सहदेव, प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ, गजेंद्र सिंह, मंजूर अंसारी, गुंजन सिंह, केदार पासवान, अभिजीत राज, अमीर हाशमी, जोसाई मार्डी, जवाहर महथा, ईश्वर आनंद, मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रवींद्र सिंह, गौ सेवा आयोग के चेयरमैन राजीव रंजन प्रसाद शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डॉ कुमार राजा, डॉ राकेश किरण महतो, मुन्ना पासवान, संतोष सिंह, उमेश प्रसाद, हरीमोहन मिश्र, बिट्टू पाठक, उदयप्रकाश, नारायण तिवारी ओबेदुल्ला अंसारी, प्रमोद दुबे, चैतू उरांव सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

देश के युवा राहुल गांधी के साथ खड़े हैं : आलमगीर आलम

कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि राहुल गांधी देश में एक ऐसे नेता हैं जो लगातार देश की भलाई के लिए आवाज उठाते रहते हैं। भाजपा उनके सवालों से डरी रहती है। भाजपा ने पहले इडी के माध्यम से राहुल गांधी को एवं उनके परिवार को परेशान करने की कोशिश की। इडी ने उनका या उनके परिवार का कुछ भी नहीं कर पायी। लोकसभा में जब उन्होंने अडाणी से संबंधित मोदी से सवाल पूछा तो पूरा भाजपा परिवार तिलमिला गया। उनकी आवाज को दबाने के लिए सांसद की सदस्यता को आरोप गठित कर के खत्म करवा दिया। उसके बावजूद राहुल गांधी मोदी सरकार या भाजपा से डरने वाले नहीं हैं और निडरता के साथ इनका मुकाबला करेंगे। पूरे देश के युवा राहुल गांधी के साथ खड़े हैं।

इडी के गलत इस्तेमाल से सुप्रीम कोर्ट ने पर्दा उठा दिया है: सुप्रियो

जेएमएम ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बहाने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बहाने केंद्र सरकार पर तीखा हमला किया है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बुधवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि इडी के गलत इस्तेमाल पर से सुप्रीम कोर्ट ने पर्दा उठा दिया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से दूध का दूध और पानी का पानी सामने आ चुका है कि किस तरह केंद्र सरकार इडी सहित अन्य जांच एजेंसियों का अपने राजनीतिक फायदे और राजनीतिक दुश्मनी निभाने के लिए इस्तेमाल कर रही है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद यह भी साबित हो गया कि इडी का इस्तेमाल गैर भाजपाई सरकार को डिस्टर्ब कर विकास कार्य को बाधित करने के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया गया। अब केंद्र सरकार को अपने किये पर आत्ममंथन करना चाहिए।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इलेक्टोरल बांड के जरिए वित्तीय वर्ष 2021-22 में देश के राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दलों के खाते में 92 88.36 करोड़ रुपये आया। जिसमें से 55 प्रतिशत यानी 5271.975 करोड़ रुपये केवल भाजपा के खाते में आये। यह एक तरह से मनी लॉन्ड्रिंग का भी मामला बनता है। मगर इडी का ध्यान इस ओर कभी नहीं गया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इडी का कैसे गलत इस्तेमाल हो रहा है, इसका जीता-जागता प्रमाण महाराष्ट्र है। जहां पर एनसीपी के एक विधायक पर इडी का छापा पड़ता है और तुरंत बाद महाराष्ट्र सरकार में शामिल होकर मंत्री बन जाता है। देश की जनता सारा कुछ देख और समझ रही है। समय पर इसका जवाब मिलेगा।

भाजपा अब बाबूलाल की जगह किसी अन्य नेता को नेता प्रतिपक्ष बनाये

श्री भट्टाचार्य ने भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के सीधी की घटना के विरोध में जब आदिवासी लोग भाजपा कार्यालय घेराव कर रहे थे, तो उन्होंने कहा कि ये लोग आदिवासी नहीं जमीन दलाल हैं। तो अब यह सवाल उठता है कि बाबूलाल मरांडी के अध्यक्ष बनने के बाद पूरे शहर में जितने पोस्टर लगे हैं, उनके स्वागत और सम्मान में, वे लोग कौन हैं, जिसे बाबूलाल को खंगालना चाहिए। भाजपा कार्यालय के घेराव के दिन आदिवासी संगठनों में वे लोग भी शामिल थे, जो कभी झारखंड विकास मोर्चा के साथ नेता हुआ करते थे। उन्होंने कहा कि आदिवासी संगठन के लोग महाराष्ट्र के सीधी की घटना के बाद भाजपा नेताओं से जवाब मांग रहे थे। आखिर बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, समीर उरांव ने इस घटना का विरोध क्यों नहीं किया। उन्होंने बाबूलाल और भाजपा को सलाह दी है कि अब उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया है, इसलिए जल्द से जल्द किसी अनुभवी नेता को विधायक दल का नेता चुन कर नेता प्रतिपक्ष बना दिया जाये, क्योंकि अब तीन साल से अधिक हो चुके हैं।

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

13 जुलाई, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 263

बंगाल में पंचायत चुनाव के दौरान मृतकों के परिजन को 2 लाख रुपये और नौकरी मिलेगी, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने की घोषणा।

सीएम की अध्यक्षता में नीति आयोग की टीम के साथ हुई बैठक

संघीय ढांचे की मजबूती के लिए जरूरी है केंद्र और राज्यों का सर्वांगीण विकास हो : हेमंत

- मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के ग्रीन कार्ड धारियों के लिए फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से अनाज दिलाने की दिशा में पहल का किया आग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि संघीय ढांचे की मजबूती के लिए जरूरी है कि केंद्र और राज्यों का सर्वांगीण विकास हो। केंद्र और राज्य सरकारें एक दूसरे को सहयोग करें, तभी विकास के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किये हैं, उसे हासिल कर सकेंगे। मुख्यमंत्री बुधवार को नीति आयोग की टीम के साथ बैठक में बोल रहे थे। बैठक में कोयला मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय, ऊर्जा मंत्रालय, केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय और महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बैठक में पुराने और लंबित विषयों पर चर्चा हुई है और उसका समाधान भी निकला। इसके साथ कई नये मुद्दों को भी रखा गया, जिस पर नीति आयोग की ओर से सकारात्मक पहल करने का आश्वासन मिला। नीति आयोग के समक्ष राज्य सरकार के द्वारा जो भी मामले रखे गये हैं ,वे केंद्र सरकार तक पहुंचेगी और झारखंड के हित में नीति निर्धारित होगी, ऐसी उम्मीद है। **पिछड़े राज्यों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास की दौड़ में कई राज्य आगे बढ़ गये हैं। कुछ राज्य अभी भी पिछड़े हुए हैं। इसमें झारखंड भी शामिल है। ऐसे राज्य कैसे विकास की राह में आगे बढ़ें, इसके लिए विशेष कार्य करने की जरूरत है। इसके लिए सभी को साथ लेकर चलना होगा।

संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल हो

हेमंत सोरेन ने कहा कि हमें संसाधन तो मिल रहे हैं, लेकिन उसका उपयोग ऐसी जगह हो रहा है, जिससे उसका जितना फायदा होना चाहिए, वह नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में संसाधनों की बेहतर उपयोगिता के लिए केंद्र और राज्य को मिलकर काम करना होगा, तभी हम विकसित देश और विकसित राज्य बना पायेंगे तथा जनता उसका बेहतर सदुपयोग कर सकेगी।

कोयला कंपनियों पर रखी बात

मुख्यमंत्री ने कोयला मंत्रालय से जुड़े मामलों में कोल कंपनियों द्वारा जमीन अधिग्रहण के एवज में मुआवजा और कोयले पर राज्य सरकार को मिलने वाली रॉयल्टी से जुड़े मुद्दे को विशेष रूप से रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न कोयला कंपनियों का जमीन अधिग्रहण को लेकर लगभग 80 हजार करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाना है, लेकिन मात्र 2532 करोड़ रुपए राज्य सरकार और रैयतों को मुआवजा दिया गया है। उन्होंने कहा कि कोल कंपनियां जो भी जमीन अधिग्रहित करती है, उसका मुआवजा मिलना चाहिए। भले ही उस पर खनन कार्य शुरू नहीं हुआ हो। इस पर कोयला मंत्रालय की ओर से पक्ष रखा गया। वहीं, नीति आयोग के सहयोग से यह सहमति बनी कि कोल कंपनियां कितना जमीन अधिग्रहित कर चुकी है और कितना मुआवजा वितरित किया गया है, इसकी पूरी रिपोर्ट जल्द देगी। मुख्यमंत्री ने कोयला पर मिलने वाली रॉयल्टी बढ़ाने की मांग रखी और कहा कि राज्य सरकार को ज्यादा से ज्यादा कोल रॉयल्टी मिलनी चाहिए। **एफसीआइ से अनाज मिले:** मुख्यमंत्री ने फूड सिक्योरिटी को लेकर कहा कि केंद्र द्वारा लाभुकों का जितना कोटा तय है, उससे कहीं ज्यादा लाभुकों को राशन की जरूरत है। इसलिए राज्य सरकार ने अपने स्तर पर राशन कार्ड जारी किए हैं। नीति आयोग केंद्र सरकार के पास झारखंड की इस मांग को रखे कि राज्य सरकार के राशन कार्ड धारियों के लिए भी राज्य सरकार को एफसीआइ से अनाज उपलब्ध कराया जाये। मुख्यमंत्री ने बैठक में राज्य में स्थापित होने वाले मेडिकल कॉलेज से संबंधित बातें भी नीति आयोग के समक्ष रखी। उन्होंने कहा कि राज्य में मेडिकल कॉलेज के लिए ऐसी जगहों को चिन्हित किया गया है, जहां उसकी उपयोगिता उतनी नहीं है। अगर केंद्र सरकार मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की दिशा में निर्णय ले रही है तो उसमें राज्य सरकार की भी सलाह ली जानी चाहिये। उन्होंने सड़क निर्माण का मामला उटाते हुए कहा कि झारखंड में साहिबगंज से रांची तक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस बनाया जाना है। राज्य सरकार की ओर से इससे संबंधित दो प्रस्ताव भेजे गये हैं, उन्हें जल्द स्वीकृति मिले। बैठक में राज्य सरकार के द्वारा स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, गंगा नदी पर पुल निर्माण, मनरेगा दर बढ़ाने समेत खई अन्य बातों को रखा गया।

नीति आयोग के सदस्य ने राज्य सरकार के कार्यों की सराहना की

इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य विनोद कुमार पॉल, वरीय सलाहकार नीरज सिन्हा, सलाहकार नीलम पटेल, अमृत कॉल पॉल, अशोक ए, थ्यागराजू, सुमन सौरभ, नमन अग्रवाल के अलावा राज्य के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। सदस्य विनोद कुमार पॉल ने कहा कि नीति आयोग केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच सेतु का कार्य करती है। झारखंड विकास के पथ पर तेजी से कैसे आगे बढ़े, इस दिशा में केंद्र से जो भी सहयोग की जरूरत होगी, नीति आयोग उसे पूरा करने की दिशा में पहल करेगी। उन्होंने कहा कि आज की बैठक काफी सार्थक रही है और उसके सार्थक परिणाम आयेंगे। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, पशुपालन, मत्स्य पालन, दुग्ध उत्पादन और रागी उत्पादन के फील्ड में में काफी बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने राज्य सरकार की सराहना की।

बंगाल पंचायत चुनाव पर हाइकोर्ट ने कहा अंतिम नतीजे हमारे आदेश पर निर्भर होंगे

कोलकाता (आजाद सिपाही)। पश्चिम बंगाल चुनाव के अंतिम नतीजे कलकत्ता हाइकोर्ट के आदेश पर निर्भर करेंगे। अदालत ने राज्य चुनाव आयोग से पूछा कि आखिर आयोग ने केवल 696 बूथों पर दोबारा मतदान करने की घोषणा क्यों की? क्या इसके लिए कोई जांच की गयी थी? इसके साथ ही कोर्ट ने हिंसा को लेकर की गयी कार्रवाई पर चुनाव आयोग की रिपोर्ट पर भी नाराजगी जतायी। कोर्ट ने कहा कि यह रिपोर्ट अधूरी और असंतोषजनक है। चीफ जस्टिस टीएस शिवगणनम और जस्टिस हिरणमय भट्टाचार्य की बेंच ने मामले में केंद्र, राज्य सरकार और चुनाव आयोग से तीन जनहित याचिकाओं में लगाये गये सभी आरोपों से निपटने के लिए हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। केस की अगली सुनवाई 19 जुलाई को होगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। भाजपा के नवनियुक्त झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी इन दिनों दिल्ली दौरे पर हैं। वह प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार दिल्ली गये हैं। वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह समेत अन्य नेताओं से मिल रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। दोनों के बीच राज्य की राजनीति और संगठन को लेकर बातचीत हुई।

धनबाद छात्रा आत्महत्या मामले में प्रिंसिपल और शिक्षिका गिरफ्तार

- दो सदस्यीय टीम मामले की करेगी जांच
- एनसीपीसीआर ने प्रशासन से मांगी रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। धनबाद के तेतुलमारी स्थित संत जेवियर्स स्कूल की छात्रा उषा की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने शिक्षिका सिंधु झा और प्रिंसिपल आरके सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। छात्रा उषा बीते सोमवार को बिंदी लगाकर स्कूल पहुंची थी। इस पर शिक्षिका ने उसे थप्पड़ मारा था और स्कूल से निकाल दिया था। इस घटना से आहत छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। इधर, केंद्रीय बाल संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने मामले पर संज्ञान लिया है। उसने धनबाद के जिला प्रशासन से मामले पर रिपोर्ट मांगी है। गौरतलब है कि इस घटना से आक्रोशित छात्रा के स्वजनों और आसपास के लोग मंगलवार को संत जेवियर्स स्कूल के पास शव रखकर सड़क को जाम कर दिया। आक्रोशित भीड़ स्कूल ने मुख्यद्वार का ताला तोड़कर अंदर जाने की कोशिश की। घटना को लेकर छात्रा की मां ने तेतुलमारी थाने में दर्ज प्राथमिकी में भी शिक्षिका सिंधु झा एवं प्राचार्य राजकिशोर सिंह को अपनी बेटी की मौत का जिम्मेदार बताया। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

सख्ती : प्रवर्तन निदेशालय ने जमीन और टेंडर घोटाले में की कार्रवाई

विष्णु अग्रवाल को समन भेजा, तो हरीश यादव को किया गिरफ्तार

- जमीन फर्जीवाड़ा कांड में अग्रवाल 17 को फिर होगी पूछताछ
- वीरेंद्र राम मामले से जुड़े सीए मुकेश मित्तल का हरीश है सहयोगी

आजाद सिपाही संवादाता

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बुधवार को दो मामले जमीन और टेंडर घोटाला में अलग-अलग कार्रवाई की है। जमीन फर्जीवाड़ा मामले में न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल को पूछताछ के लिए समन भेजा गया। उन्हें 17 जुलाई को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। वहीं, टेंडर घोटाला और मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम केस से जुड़े सीए मुकेश मित्तल के सहयोगी हरीश यादव को इडी ने गिरफ्तार कर लिया है।

पहले भी अग्रवाल से हो चुकी है पूछताछ:

जमीन घोटाले मामले में न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल से इडी पहले भी पूछताछ कर चुकी है। इस मामेल में इडी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इडी ने पिछले दिनों विष्णु अग्रवाल से 8 घंटे पूछताछ की थी। उनसे बरियातु स्थित सेना की जमीन और चेशयर होम की जमीन खरीद के मामले में पूछा गया था। साथ ही डीसी छवि रंजन और अन्य अधिकारियों से उनके संबंध के बारे में भी पूछताछ की गयी थी। सूत्रों के मुताबिक वह कई सवालों का संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं दे पाये थे। साथ ही जो जवाब उन्होंने दिया था इडी ने इसबीच उसकी पुष्टि भी की है। अब एक बार फिर फिर विष्णप अग्रवाल को 17 जुलाई को पूछताछ के लिए समन जारी किया गया है।

वीरेंद्र राम और मुकेश जेल में हैं बंद:

टेंडर घोटाला मामले में गिरफ्तार ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम केस से जुड़े सीए मुकेश मित्तल के सहयोगी हरीश यादव को इडी ने गिरफ्तार कर लिया है। वीरेंद्र राम और मुकेश मित्तल पहले से ही जेल में है। गौरतलब है कि मार्च 2023 में इडी के संयुक्त निदेशक के आवेदन पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा में दर्ज किया गया था। जिसमें वीरेंद्र राम के अलावा उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल व अन्य को आरोपी बनाया गया था। इडी ने छापेमारी में वीरेंद्र राम के ठिकाने से अवैध चल-अचल संपत्ति की जानकारी मिली थी। उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल के पास से भी मनी लांड्रिंग की पुष्टि करने वाले दस्तावेज बरामद हुए थे। इडी दोनों से इस मामले में पूछताछ किया था। अब मित्तल के सहयोगी हरीश यादव पर शिकंजा कसा गया है। इडी ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ भी करेगी।

अवैध धंधा : जंगलों में अवैध भंडारण करके होती है तस्करी

उरीमारी में चलता है कोयला तस्करों का सिक्का

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। हजारीबाग जिले के उरीमारी ओपी क्षेत्र कोयले के अवैध कारोबार से गुलजार है। कोयला तस्करी जमकर की जा रही है। कोयला लदा ट्रक बड़कागांव के रास्ते डेहरी मंडी पहुंच रहा है। सबकुछ वैध तरीके से किया जा रहा है। अवैध कोयला लदे ट्रकों पर डिपो का पेपर लगाया जा रहा है। सबकुछ स्थानीय पुलिस की मिली भगत से होने की बात सामने आ रही है। उरीमारी के न्यू बिरसा कोलियरी के निकट अवैध भंडारण कर कोयला तस्करी होती है। जिसे रोकने-टोकने वाला कोई नहीं है।

असवा में भंडारण है अवैध कोयला

आजाद सिपाही की टीम ने बुधवार को उरीमारी ओपी क्षेत्र के न्यू बिरसा प्रोजेक्ट के निकट असवा का अवलोकल किया। इस दौरान पाया कि कोयला तस्कर तंबू लगाकर कोयला भंडारण कर रहा है। असवा में बुधवार को करीब तीन-चार कोयला भंडारण किया गया है। आसपास कुछ लोगों ने नाम नहीं छापने के शर्त बताया कि पिछले 15 दिनों से रोजाना तीन चार ट्रकों पर अवैध कोयला लादकर कोयला तस्कर बाहर ले जा रहे हैं। जिसकी शिकायत पुलिस से की गयी तो उल्टा शांत रहने की धमकी दी जा रही है।

बिरसा संभालता है लोकल मैनेजमेंट

इधर, पूरे क्षेत्र घूमने के बाद जो बातें छनकर सामने आयी हैं। उसमें बताया जाता है कि लोकल मैनेजमेंट को बिरसा नामक व्यक्ति संभालता है। सूत्रों ने बताया कि बिरसा ही स्थानीय स्तर पर सबकुछ देखता है। कोयला खरीददारी से लेकर पैसा बांटने का काम करता है। बिरसा को सफेदपोश से लेकर कुछ पुलिस पदाधिकारियों के साथ सांठगांठ करते देखा जा सकता है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 13 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in

सांसद संजय सेठ ने डॉक्टरों को किया सम्मानित

आयुष्मान भारत को धरातल पर उतारने में देश में तीसरे स्थान पर सदर अस्पताल

सदर अस्पताल के चिकित्सकों और आयुष्मान की टीम ने सेवा की मिसाल पेश की

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आयुष्मान भारत योजना को धरातल पर उतारने और इसका लाभ जनता को देने में सदर अस्पताल रांची भारत में तीसरे नंबर पर रहा। इस बड़ी उपलब्धि के बाद सांसद संजय सेठ ने बुधवार को सदर अस्पताल में सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सहित सभी चिकित्सकों और आयुष्मान भारत की पूरी टीम को सम्मानित किया। सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज के अंतिम व्यक्ति की चिंता की है। पहले सामान्य से सामान्य बीमारियों के भी उपचार में लोग अपनी जमीनों को गिरवी रखते थे। जमीनें बेच देते थे। महिलाओं को जेवर बेचना पड़ता था। लोग कर्ज में डूब जाते थे। यह ऐसी स्थिति थी जिससे आदमी को उबरने में लंबा समय लगता था। परंतु अब न तो किसी को जमीन बेचने की जरूरत है, और न जेवर बेचने या कर्ज लेने की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना ऐसे ही परिवारों के लिए लायी है। यहां पांच लाख तक का उपचार निःशुल्क किया जाता है। कई अस्पतालों में इसका उपचार शुरू हुआ। परंतु सदर अस्पताल ने जो उपलब्धि हासिल की यह पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है।

सांसद ने कहा कि यह चिकित्सकों का सेवाभाव है। इन्होंने इतनी बड़ी उपलब्धि को हासिल की है। प्रधानमंत्री ने जो सोचा सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे जमीन पर उतारने का काम किया। इसके लिए सभी साधुवाद के पात्र हैं। सांसद श्री सेठ ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना ने देश के लाखों परिवारों को जीवनदान दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह सोच है कि पैसे के अभाव में किसी व्यक्ति का इलाज नहीं रुके। सांसद ने जहां इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया है।

वहीं सदर अस्पताल की पूरी टीम की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। आयुष्मान भारत की टीम की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल ने एक उदाहरण पेश किया है। यदि टीम चाहे तो सरकार की हर योजना को धरातल पर उतारा जा सकता है। यह अन्य अस्पतालों के लिए भी सीखने योग्य कार्य है। इस अवसर पर सांसद द्वारा डॉ किरण, डॉ रविंद्र, डॉ अखिलेश, डॉ एके झा, डॉ उषा सिंह, डॉ उमा सिन्हा, डॉ दयानंद, डॉ लक्ष्मीकांत, डॉ प्रभात, डॉ अमरेश, डॉ विमलेश सहित अन्य प्रमुख लोग मौजूद थे।

एक सौ श्मशान घाटों के सौंदर्यीकरण का लक्ष्य: संजय सेठ

रांची (आजाद सिपाही)। सांसद संजय सेठ ने कहा कि अपने पहले कार्यकाल में लोकसभा क्षेत्र के एक सौ श्मशान घाटों के निर्माण और सौंदर्यीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसे तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। सेठ बुधवार को वार्ड संख्या 34 स्थित हेहल में सीसीएल के सहयोग से लगभग 46 लाख रुपये की लागत से बनाये जा रहे श्मशान घाट निर्माण कार्य के शिलान्यास के अवसर पर बोल रहे थे। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद विनोद सिंह, डॉक्टर भीम प्रभाकर और शशांक शेखर ने भी विचार रखे। इस मौके पर बिंदेश्वर वेग, मंटू केसरी, अजीत भगत, सोनू श्रीवास्तव, संतोष सिंह आलोक सिंह परमार, सतीश चौधरी, प्रदीप सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

केरल और बंगाल की राह पर चल पड़ा है झारखंड : सांसद

रांची। धनबाद में आरएसएस कार्यकर्ता सह ग्राम रक्षा दल के सदस्य शंकर प्रसाद की बीती रात गोली मारकर हत्या कर दी गयी। इस घटना पर सांसद संजय सेठ ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। श्री सेठ ने कहा कि झारखंड की यूपीए सरकार पूरी तरह से तुष्टीकरण की नीति पर आ गयी है। धनबाद में एक मिशनरी स्कूल में छात्रा को बिंदी लगाने पर प्रताड़ित किया गया। इससे छात्रा ने आत्महत्या कर ली। बोकारो में इस्कॉन मंदिर पर हमला हुआ और अब एक संघ कार्यकर्ता की हत्या हो गयी। रांची में भी कुछ माह पूर्व एक हिंदूवादी कार्यकर्ता की हत्या हुई थी। कुल मिलाकर पूरे राज्य की स्थिति भगवान भरोसे है। सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में व्यस्त है और अपराधी मस्त है। सरकारी संरक्षण में अपराधी ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

युवक ने की खुदकुशी सुसाइड नोट बरामद

रांची। पुंदाग ओपी क्षेत्र के लाजपतनगर में किराये के मकान में रहने वाले एक युवक ने खुदकुशी कर ली। मृत युवक की शिनाख्त सपन कुमार राउत (31) के रूप में की गयी है। वह मूल रूप से ओड़िशा का रहने वाला था। पुलिस ने मृतक के कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिसमें बच्ची की बीमारी का जिक्र है। पुंदाग ओपी प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति ने कमरे में फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली है।

संताल के छात्रों को रेलवे भर्ती में आ रही तकनीकी कठिनाइयां जल्द दूर होंगी : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी कमान संभालने से पहले ही फॉर्म में दिख रहे है। बुधवार को दिल्ली में भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर झारखंड में कोविड काल में कई बंद पड़ी ट्रेनों को दुबारा चलाने पर चर्चा की। श्री मरांडी ने ट्वीट कर बताया है कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात संथाल क्षेत्र के संताल छात्रों को रेलवे भर्ती में जो तकनीकी कठिनाइयां होती है, वो भी मंत्री जी के संज्ञान में लाया गया। विभिन्न मुद्दों पर एक सकारात्मक चर्चा हुई और झारखंड के विकास में पूर्ण सहयोग का भरोसा मिला। बता दें कि बाबूलाल मरांडी 15 जुलाई को अध्यक्ष पद के लिए पदभार ग्रहण करेंगे। इसकी तैयारी पार्टी प्रदेश कार्यालय में हो रही है।

तुष्टीकरण का नतीजा एक बेटी को जान गंवानी पड़ी : संजय पोद्दार

आजाद सिपाही संवाददाता

संत जेवियर की घटना शिक्षा के मंदिर को कलंकित करने वाला

रांची। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष संजय पोद्दार ने धनबाद की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि धनबाद के संत जेवियर स्कूल में बिंदी लगाकर आयी छात्रा को शिक्षिका द्वारा थप्पड़ मारा गया एवं उसे प्रताड़ित किया गया। उससे आहत छात्रा ने आत्महत्या कर ली। जो कि इस राज्य और शिक्षा के मंदिर को कलंकित करता है। राज्य में ऐसे कई स्कूल हैं जो क्रिश्चन संस्था द्वारा संचालित हैं। वहां पर इस तरह के भेद भाव अक्सर देखे जा सकते हैं। झारखंड के कई विद्यालय में ऐसी हरकत और प्रताड़ना आम हो चुकी है। हिंदू प्रतीक चिह्न और पर्व से इन्हें नफरत है। हिंदू पर्व में भी छुट्टी को लेकर भेद भाव करते हैं। वहीं बड़ा दिन में एक महीने की छुट्टी होती है। यह घटना शिक्षा के मंदिर को कलंकित करती है। सम्मेलन सरकार से मांग करती है कि स्कूल के निबंध को रद्द करें। प्रिंसिपल और टीचर पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो और स्कूल प्रबंधक उसके परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा दें। सरकार इसे गंभीरता पूर्वक कारवाई करे, ताकि फिर कोई विद्यालय इस तरह का अपराध ना कर सके।

युवा राजद आज अल्बर्ट एक्का चौक पर करेगा प्रदर्शन

रांची। युवा राष्ट्रीय जनता दल की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को राजकीय अतिथिशाला में संपन्न हुई। बैठक में केंद्र सरकार की गलत नीतियों और बढ़ती महंगाई के खिलाफ गुरुवार 13 जुलाई को अल्बर्ट एक्का चौक पर विरोध-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार, युवा राजद के राष्ट्रीय महासचिव विशु विशाल, उपाध्यक्ष डॉ अविनाश, शौकत अंसारी, जफीर खान, राजेश यादव, राजकुमार, क्षितिज मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह समेत युवा राजद के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

न्यायालय की अवमानना करना कांग्रेस के डीएनए में है:अविनेश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राहुल गांधी के समर्थन में हुए कांग्रेस के मौन सत्याग्रह को लेकर भाजपा ने सवाल उठाया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार ने कहा कि अंतिम सांस गिन रही कांग्रेस को अब न तो संविधान और न ही न्यायपालिका पर भरोसा रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को मिली सजा के खिलाफ आज पूरे देश में कांग्रेस के लोग मौन सत्याग्रह कर रहे हैं। दरअसल यह सत्याग्रह न्यायालय के विरुद्ध है। भारत की न्यायिक व्यवस्था का मखौल उड़ाने वाला है। न्यायमूर्तियों के विवेक पर प्रश्नचिह्न लगाने वाला है। यह धरना नहीं नौटंकी है इसकी जितनी भी भर्त्सना की जाये वह कम है। अविनेश ने कहा कि कांग्रेस कोर्ट का फैसला सिर्फ अपने पक्ष में चाहती है। वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के लिए वह कोर्ट के निर्णयों को बदलती रही है। न्यायालय की अवमानना करना कांग्रेस के डीएनए में है।

राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था बैसाखी के सहारे चल रही है:अमित कुमार

रांची। भाजपा ने राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सीएम और विभागीय मंत्री बन्ना गुप्ता को कटघरे में खड़ा किया है। प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था बैसाखी के सहारे चल रही है। बाकी जिलों को छोड़िए, मुख्यमंत्री के गृह जिले साहिबगंज में ही मरीजों को एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिल पा रही है। राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था खाट पर आ गयी है। केंद्र सरकार राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन राज्य सरकार केंद्र की योजनाओं में रोड़े अटका रही है। धनबाद में 26 स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने 14. 43 करोड़ की राशि दी है, लेकिन राज्य सरकार ने इसमें रोड़े अटका दिया।

रांची हिंसा : कोर्ट ने प्रार्थी से मांगा जवाब

एनआइए को मामले की जांच क्यों दी जाये

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी में 10 जून 2022 को हुई हिंसा मामले पर झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को कहा गया कि यह मामला एनआइए गतिविधियों से जुड़ा है। इसलिए इसकी जांच एनआइए को दे देनी चाहिए। इस पर कोर्ट ने प्रार्थी से पूछा है कि क्यों इस मामले को एनआइए को दे दिया जाये। क्या इस हिंसा की घटना में आंतकवादी गतिविधि दिखती है। इसके लिए अदालत ने प्रार्थी के अधिवक्ता को 3 सप्ताह के अंदर रिजवांडर फाइल करने को कहा है। उन तमाम तथ्यों को पेश करने को कहा है, जिससे यह साबित हो सके कि मामला आतंकवादी गतिविधियों से जुड़ा है।

शेड्यूल ऑफेंस में केस बनेगा, तभी इस केस को ले सकती है एनआइए

प्रार्थी के अधिवक्ता ने अदालत को यह भी बताया कि इस मामले के तार एसडीपीआइ संगठन (जो भारत में प्रतिबंधित है) से भी जुड़े हुए हैं। हालांकि राज्य सरकार एवं एनआइए की ओर से कोर्ट को बताया गया कि एनआइए एक्ट के तहत शेड्यूल ऑफेंस में कैस बनेगा, तभी एनआइए इस केस को ले सकती है।

कोर्ट को बताया गया कि एनआइए ने भी शपथ पत्र में कहा है कि यह मामला एनआइए जांच वाला नहीं है। इस पर राज्य सरकार को भी हस्तक्षेप याचिका पर जवाब दाखिल करना है।

अफसर अली की जमानत याचिका पर सुनवाई 19 को

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सेना के कब्जे वाली जमीन सहित अन्य भूमि की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े जमीन घोटाले के आरोपित अफसर अली की जमानत याचिका पर इडी की विशेष अदालत में 19 जुलाई को सुनवाई होगी।

आरोपित अफसर अली की ओर से अधिवक्ता शंभू अग्रवाल और अक्षय शर्मा पक्ष रखेंगे जबकि इडी की तरफ से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार बहस करेंगे। इससे पूर्व अफसर अली ने 11 जुलाई को इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में जमानत याचिका दायर की थी।

उल्लेखनीय है कि रांची में अवैध तरीके से जमीन की बड़े पैमाने पर हुई खरीद-फरोख्त के मामले में इडी ने बीते 13 अप्रैल को झारखंड, बंगाल और बिहार के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस मामले में इडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन अफसर अली सहित अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था।

अब तक की जांच में इडी अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर चुकी है।

आंगनबाड़ी सेविकाओं का राजभवन के सामने प्रदर्शन

मांगें पूरी नहीं होने पर जंतर-मंतर पर देंगी धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन के तत्वावधान में आंगनबाड़ी सेविकाओं ने अपनी मांगों को लेकर बुधवार को राजभवन के समक्ष एक दिवसीय प्रदर्शन किया। झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी के अध्यक्ष बालमुकुंद सिन्हा ने कहा कि अगर सरकार हमारी मांगें पूरी नहीं करेगी तो वो दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। बालमुकुंद सिन्हा ने बताया कि 11-12 सितंबर को जंतर मंतर पर राज्यभर की आंगनबाड़ी सेविकाएं प्रदर्शन करेंगी।

तय मानक के हिसाब से मिल रहे पैसे पड़ रहे कम

प्रदेश संयोजक रामचंद्र पासवान ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को खाना पका कर नहीं खिलाया जा रहा है। इतनी महंगाई में भी सरकार तय मानक के हिसाब से सामान खरीदने के पैसे दे रही है। ऐसे में चावल, दाल, सब्जी और लकड़ी खरीदना मुश्किल हो रहा है। उन्हें पैकेट बंद खाना परोसा जा रहा है। सरकार बताये कि इतनी महंगाई में बच्चों को कैसे खाना पका कर खिलाया जाये। मौके पर शीला तिर्की, मीना तिर्की, परनी देवी, आशा देवी, सरोजनी देवी, विनिता लिंडा समेत राज्य भर की आंगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद रहीं।

आंगनबाड़ी सेविकाओं की मांगें

- आंगनबाड़ी सेविकाओं को केंद्रीय कर्मचारी घोषित किया जाये और श्रमिक का दर्जा दिया जाये।
- आंगनबाड़ी सहायिकाओं को सेवानिवृत्त होने पर पांच लाख का एक मुश्त आर्थिक लाभ दिया जाये।
- मानदेय की आधी पेंशन लागू की जाये।
- आंगनबाड़ी सेविकाओं की ग्रेच्युटी पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन किया जाये।
- पोषाहार उधार पर खरीदना बंद किया जाये।
- पोषाहार की राशि पहले की तरह खाता में उपलब्ध करायी जाये।
- सहायिका का बकाया मानदेय और बकाया पोषाहार का भुगतान किया जाये।
- पोषाहार की खरीद के लिए वर्तमान बाजार मूल्य निर्धारित किया जाये।

इडी के गवाह से पंकज के वकील ने पूछा-

आप पर फाइन हुआ था, गवाह ने कहा-नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में इडी की विशेष कोर्ट में बुधवार को भी सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इडी के गवाह विनोद जायसवाल से बचाव पक्ष यानी पंकज मिश्रा और अन्य आरोपियों के वकील ने सवाल किये, जिनका विनोद जायसवाल ने कोर्ट के समक्ष जवाब दिया। विनोद जायसवाल साहेबगंज जिले के खनन व्यवसायी हैं। बचाव पक्ष के वकील ने इडी के गवाह से पूछा कि उनका क्रशर और माइंस कहां है, जिसपर विनोद जायसवाल ने बताया कि मेरे नाम से माइनिंग लीज थी जो सात वर्षों के लिए मिली थी। इसके बाद इडी के गवाह से पूछा गया कि क्या आपके खिलाफ अवैध माइनिंग करने के लिए जुर्माना लगाया गया था। इसपर विनोद जायसवाल ने इनकार करते हुए कहा कि उसपर कोई जुर्माना नहीं लगा है। कहा कि जब मैंने खनन पट्टा के लिए आवेदन दिया था, उस वक्त रघुवर दास की सरकार थी। लेकिन मुझे खनन पट्टा नहीं मिला। गवाही के दौरान इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार और पंकज मिश्रा की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा मौजूद रहे।

कांग्रेस के निलंबित नेताओं ने भी राहुल गांधी के समर्थन में मौन जुलूस निकाला

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को प्रधानमंत्री एवं संवैधानिक संस्थाओं द्वारा प्रताड़ित किये जाने के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस से निलंबित नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, फिरोज रिजवी मुन्ना, रमेश उरांव के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने मौन सत्याग्रह मार्च निकाला।

अनोखे अंदाज में प्रधानमंत्री के कटआउट लेकर जिसमें किस प्रकार से संवैधानिक संस्थाओं को कुचला जा रहा है इसे दर्शाया गया। विवेकानंद चौक से मौन सत्याग्रह मार्च निकाला और लगभग एक किलोमीटर मार्च करने के बाद अंबेडकर चौक पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मौन सत्याग्रह मार्च की समाप्ति की गयी। वहीं सभा को संबोधित करते हुए आलोक कुमार दुबे ने कहा कि एक राजनीतिक षड्यंत्र के साथ राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त की गयी है। सच यह है कि यह एक कानूनी लड़ाई नहीं है, यह एक राजनीतिक संघर्ष है जिसका पुरजोर मुकाबला किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का इडी को लेकर दिया गया स्पष्ट निर्देश इस बात को प्रमाणित करता है कि किस प्रकार केंद्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं को अपने हिसाब से चलाना चाहती है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा भारत जोड़ो यात्रा ने राहुल गांधी को देश का लोकप्रिय एवं विश्वसनीय नेता के तौर पर स्थापित किया है। 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी एकता से प्रधानमंत्री की बेचैनी और घबड़ाहट साफ दिखायी दे रही है। राहुल गांधी की बेबाक आवाज सरकार को नागवार गुजरती है। इस मौन सत्याग्रह मार्च में रंजीत महतो, बबलू वर्मा, लालजी प्रसाद, हरेराम यादव, ऋषि कुमार, लक्की महतो, मंजू देवी, प्यारी टोप्पो, किरण तिर्की, वीरेंद्र कुमार, सुमन तिर्की, प्रभा देवी, विजय तिर्की, साजन अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

धुर्वा थाना के बैरक में लगी आग, कई सिपाही मरते-मरते बचे

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के धुर्वा थाना परिसर में उस वक्त अफरा-तफरा मच गयी जब पुलिस बैरक में अचानक आग लग गयी। घटना बुधवार सुबह की है। आग लगने के बाद वहां हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने अपने स्तर से आग पर काबू पाने की कोशिश में लग गये। लेकिन आग ने तुरंत में भयावह रूप ले लिया। कई सिपही मरते-मरते बचे। इसके बाद इसकी सूचना तुरंत दमकल की टीम को दी गयी। मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया गया। आग लगने के पीछे का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस अगलगी से कितने का नुकसान हुआ है, इसका पता नहीं लगा है। लेकिन कई जरूरी कागजात और वर्दी जलकर खाक हो गयीं हैं।

आइपीएस वाइएस रमेश को मिला जैप 2 का अतिरिक्त प्रभार

रांची (आजाद सिपाही)। जैप 1 के कमांडेंट वाइएस रमेश को अपने कार्यों के अतिरिक्त जैप 2 टाटीसिलवे का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसको लेकर जैप डीआइजी सुनील भास्कर द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि जैप 2 कमांडेंट के पद पर पदस्थापित इंद्रजीत महथा के डीआइजी के पद पर प्रोन्नत होने के बाद से जैप 2 कमांडेंट का पद रिक्त हो गया है। जिससे दैनिक कार्य प्रभावित हो रहा है। इसलिए वाइएस रमेश अपने कार्यों के अतिरिक्त जैप 2 के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। वाइएस रमेश के पास पूर्व से होमगार्ड एवं अग्निशमन विभाग के एसपी का अतिरिक्त प्रभार है।

नाबार्ड का 42वां स्थापना दिवस मनाया गया

झारखंड समृद्ध संस्कृति वाला प्रदेश : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि झारखंड समृद्ध संस्कृति वाला प्रदेश है। यहां के लोगों को विभिन्न क्षेत्रों कला और शिल्प की जानकारी है। इनकी शिल्प कला को समुन्नत करने और बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में नाबार्ड को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। राज्यपाल बुधवार को नाबार्ड के 42वां स्थापना दिवस पर आड्रे हाउस में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नाबार्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने जैसी पहल से न केवल आजीविका में सुधार हुआ है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन भी

हुआ है। उन्होंने कहा कि विगत दिनों सड़क मार्ग से राज्य के सभी 24 जिलों के भ्रमण के क्रम में उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया। कार्यक्रम में उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की ओर से बताया गया कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति में सुधार हुआ है। इसलिए नाबार्ड को ऐसी महिलाओं की सहायता के लिए और अधिक सक्रिय और समर्पित रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आईआईएम, रांची के निदेशक दीपक कुमार श्रीवास्तव, आरबीआई-रांची के प्रभारी अधिकारी श्री संजीव सिन्हा, एसएलबीसी-महाप्रबंधक मनोज कुमार शामिल हुए। इसके अलावा कार्यक्रम में वाणिज्यिक और निजी बैंकों के प्रमुख, सरकारी अधिकारी, एफपीओ, एसएचजी के किसान और मीडिया प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

आरयू ने 64वां स्थापना दिवस मनाया

1960 में लगाया गया यह कल्पतरु आज फल दे रहा है: अजित कुमार सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची विश्वविद्यालय में बुधवार को 64वां स्थापना दिवस मनाया गया। रांची के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो अजित कुमार सिन्हा ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना 12 जुलाई 1960 में हुई थी, जिसके पहले कुलपति डॉ. बीएन सिंह थे। 1960 में लगाया गया यह कल्पतरु आज फल दे रहा है। वैसे ही हमारे आज के किये गये प्रयास कल्पतरु के पौधे लगाने के समान हैं, जो भविष्य में युवाओं-छात्रों के काम आयेंगे। मौके पर पीपीटी के माध्यम से विश्वविद्यालय की उन्नति और उपलब्धि के बारे में जानकारी दी गयी। स्थापना दिवस कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया।

कुलपति ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय में सीएससी केंद्र खोला गया, जिससे छात्रों को काफी सुविधायें हो रही हैं। कहा कि इस साल कैंपस सेलेक्शन के तहत 333 छात्र-छात्राओं की नौकरी लगी। 383000 तक का पैकेज मिला। उन्होंने कहा कि परीक्षा के पैटर्न में बदलाव होना है। कई सालों से पुराना पैटर्न चलता आ रहा है। वहीं 10 में से 5 प्रश्नों का उत्तर देना। चिंता जताते हुए कहा कि हाल के दिनों में रांची में 14 प्रतिशत युवा नशे की लत शिकार हो गये हैं। मोबाइल डिप्रेशन इसका सबसे बड़ा कारण है। यह भी बताया कि लोहरदगा कॉलेज में स्टेडियम बन कर तैयार है। एक तरफ की दीवार नहीं होने के कारण उसे हैंडओवर नहीं लिया जा रहा है। इससे पहले स्थापना दिवस पर रांची विश्वविद्यालय के परफार्मिंग फाइन आर्ट विभाग के छात्रों ने विश्वविद्यालय गठन की कहानी एक्ट के माध्यम से बताया। साइंस, आर्ट्स, कॉमर्स और वोकेशनल विभाग के बारे में बताया गया। म्यूजिक विभाग के छात्रों ने गजल की प्रस्तुति की। मौके पर विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। एथेलीट्स, हॉकी, खेले इंडिया और फुटबॉल के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। उन्हें मोमेंटो भी दिया गया। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में 90 प्रतिशत खिलाड़ी एसएस मेमोरियल कॉलेज से हैं। कार्यक्रम का संचालन वोकेशनल की डिप्टी डायरेक्टर और एसडीओ कुलपति डॉ समृति सिंह ने किया। इस अवसर पर इस अवसर पर कुलपति प्रो (डॉ) अजीत कुमार सिन्हा, रजिस्ट्रार डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा, एफओ डॉ कुमार आदित्य नाथ शाहदेव, एफए डॉ देवाशीष गोस्वामी, सीसीडीसी डॉ पीकेझा, डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश साहू, डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ. स्मृति सिंह, डॉ बीआरझा, एनइपी कोर्डिनेटर डॉआरके शर्मा, डॉ कुनुल कुंदीर, डॉ जीएसझा सभी डींस अन्य पदाधिकारी और विभिन्न विभागों के हेड और कई छात्र उपस्थित थे।

सरला बिरला विश्वविद्यालय में इंटरनेशनल एक्सपर्ट टॉक का किया गया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक के संरक्षण में विश्वविद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक के बोर्ड रूम में इंटरनेशनल एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मिसिसिपी वाटरशेड मैनेजमेंट ऑगेर्नाइजेशन, मिनीपॉलिश-मिनेसोटा, यूएसए के डायरेक्टर डॉ उदय भान सिंह ने अपना प्रेरक और अनुभवात्मक विचार साझा करते विश्वविद्यालय के शोधार्थियों और प्राध्यापकों के इंटरनेशनल अकैडमिक एक्सपोजर के कई महत्वपूर्ण गुर से अवगत कराया। विदित हो कि जल्द ही दोनों विश्वविद्यालयों के बीच फैकल्टी एक्सचेंज एंड स्टूडेंट एक्सचेंज के लिए आपसी सहमति पत्र पर भी हस्ताक्षर किये जाने की सहमति बनी। उक्त एक्सपर्ट टॉक में विश्वविद्यालय के सभी ऑफिसर, संकायाध्यक्ष, सह संकायाध्यक्ष, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर और अध्यापकों तथा रिसर्च स्कॉलर्स ने न केवल सहभागिता की बल्कि कई महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तरों द्वारा इंटरनेशनल एकेडमिक्स से संबंधित प्रविधानो से वाकिफ हुए।

डीएसपीएमयू के जंतु विज्ञान विभाग में स्टूडेंट डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के जंतु विज्ञान विभाग में स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसका आयोजन विभाग के स्नातक और स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए किया गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अभिजीत कुमार, सीईओ, राजमति समूह और करियर विशेषज्ञ के तौर पर मौजूद थे। उन्होने विद्यार्थियों को विभिन्न कॉरपोरेट उपक्रम में रोजगार प्राप्ति के विभिन्न पहलुओं की विस्तार से चर्चा की इस दौरान उन्होंने बताया कि अपने व्यक्तित्व के विकास और अपनी गुणवत्ता को कैसे बढ़ाया जाये ताकि वो रोजगार प्राप्ति में सहायक साबित हो। मौके पर जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ गणेश चंद्र

बास्की ने विद्यार्थियों को अपने करियर निर्माण से संबंधित कई महत्वपूर्ण टिप्स दिये। इस अवसर पर विभाग के सभी विद्यार्थी और शिक्षक मौजूद थे।

अशोक कुमार ने कुलपति को शिक्षकों के हितों के संबंध में लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय टीचर एसोसिएशन के महासचिव अशोक कुमार नाग ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र लिख कर सरकार द्वारा शिक्षकों के हित में विभिन्न संकल्प पत्रों के माध्यम से दिये गये निर्देशों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। जिसमें स्नातकोत्तर विभागों और अंगीभूत महाविद्यालय में आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों को यूजीसी द्वारा निर्धारित बेसिक सैलरी रू0 577200/- दिये जाने की बात कही गयी है।

गेस्ट फैकल्टी के संबंध में दिये गये दिशा निर्देशों के अनुपालन करने की बात कही गयी है। जिसमें गेस्ट फैकल्टी को 900/1500 रुपये प्रति कक्षा तथा अधिकतम रू0 50,000/- देने की बात कही

गयी है। साथ ही अनुबंधित शिक्षकों का नया अनुबंध बनाने की बात भी कही गयी है।

अशोक कुमार नाग ने पत्र के माध्यम से कहा कि:

1. वोकेशनल के सभी अनुबंधित शिक्षकों को पारंपरिक कोर्स के शिक्षकों के समान 57700/- रू0 प्रतिमाह समान रूप से दिया जाये।

2. झारखंड राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों के बीएड के शिक्षकों को 57700/- रू0 इस संकल्प के आधार पर दिया जा रहा है।

एक न्यायप्रिय कुलपति के रूप में उम्मीद है कि आपस सभी शिक्षकों के साथ न्याय करेंगे और राज्य सरकार के पत्र के आलोक में उचित निर्णय लेंगे।

समान नागरिक संहिता कुड़मी समाज को स्वीकार नहीं : शीतल ओहदार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बुधवार को टोटेमिक कुरमी कुड़मी(महतो) समाज के बैनर तले समान नागरिक सहिंता के विरोध में राजभवन के समीप प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान टोटेमिक कुरमी/कुड़मी(महतो) समाज के संयोजक शीतल ओहदार ने कहा कि समान नागरिक संहिता टोटेमिक कुडमी जनजाति के लिए काला कानून है, क्योंकि अब तक हम जनजातियों का संविधान में कस्टमरी लॉ विशेष अधिकार देता है। अभी भी रूढ़िवादी परंपरा

कायम है। पैतृक संपत्ति का अधिकार तथा शादी-विवाह भी अपने परंपरा से संपन्न होता है। यही नहीं जमीन संरक्षण के लिए छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम भी लागू है, इस प्रकार हम जनजातियों को कई विशेष संरक्षण प्राप्त है। ऐसे में समान नागरिक संहिता लागू होने से जनजातियों की अपनी विशेष अधिकार सामाजिक व्यवस्था समाप्त हो जायेगी। जो कुड़मी जनजाति के लिए विनाशकारी साबित होगा। शीतल ओहदार ने केंद्र सरकार से समान नागरिक संहिता कानून को लागू नहीं करने की मांग की। प्रधान महासचिव रामपोदो महतो ने कहा कि भारत में विविध धर्म व समुदाय के लोग रहते हैं, सभी के अपने रीति रिवाज और संस्कार हैं, सभी अपने समाज के नियम संविधान से संचालित होते हैं। समान नागरिक संहिता में अनेकता को समेटने का प्रयास किया जा रहा है, समान नागरिक संहिता आदिवासी कुड़मी के हित में नहीं है। आदिवासी कुड़मी को संविधान में विशेष अधिकार दिया गया, इसलिए यह समाज इस कानून को स्वीकार नहीं करेगा। इस मौके पर कुड़मी समाज के ओम प्रकाश महतो, रूपलाल महतो, दीपक महतो, नंदलाल महतो, सोनालाल महतो, सरस्वती देवी, नरेश महतो, राजेश महतो, रामकुमार दीपक, बाबुराम महतो, तारकेश्वर महतो, संदीप महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

हेमंत सरकार में दलित आदिवासी पर हो रहा चौतरफा प्रहार : समरी लाल

सांप्रदायिक और दलित विरोधी मानसिकता से चलने वाले विद्यालय की मान्यता रद्द हो

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। धनबाद की दलित छात्रा उषा बाउरी की आत्महत्या मामले पर भाजपा विधायक समरी लाल ने कहा कि हेमंत सरकार में दलित आदिवासी समाज लगातार प्रताड़ित हो रहे हैं। राज्य सरकार दलित आदिवासी को सुरक्षा मुहैया कराने, सम्मान की रक्षा करने में पूरी तरह विफल रही है। आये दिन राज्य में घटने वाली घटनाएं इस बात का पुख्ता प्रमाण हैं। उक्त बातें विधायक समरी लाल बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से धनबाद के संत जेवियर स्कूल की दलित छात्रा उषा बाउरी ने स्कूल के खिलाफ आरोप लगाकर आत्महत्या किया इससे स्पष्ट है कि दलित आदिवासी समाज की सेवा के नाम पर ढोंग करने वाली संस्थाओं का असली चेहरा क्या है? कहा कि हेमंत सरकार की तुष्टिकरण नीति और व्यवहार के कारण सांप्रदायिक ताकतों का मनोबल ऊंचा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति परंपरा में बिंदी महिलाओं, बहन बेटियों की शोभा है। आज पाश्चात्य प्रभाव में लोगों को परंपरा से काटने की कोशिश की जा रही। और ऐसे में अगर कोई लड़की बिंदी लगाकर विद्यालय चली गयी तो फिर कौन सा बड़ा अपराध कर दिया जिसके लिए उसे सार्वजनिक रूप से प्रताड़ित दंडित किया जायें। उन्होंने कहा कि दलित समाज भावना प्रधान समाज है। भारत के संविधान ने समाज को मजबूत सुरक्षा कवच दिया है लेकिन आज भी वैसी संस्थाएं जो सांप्रदायिक सोच के तहत सेवा, शिक्षा का धंधा चलाते हैं। और हेमंत सरकार ऐसी संस्थाओं के सोच को ताकत और संरक्षण प्रदान कर रही है।

कहा कि पिछले दिनों अनेक दलित विरोधी घटनाएं घटी जिसपर राज्य सरकार की कार्रवाई निराशाजनक रही। राज्य सरकार दलितों को तुष्टिकरण की आड़ में परेशान करना, शोषण करना बंद करें। दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता अमित सिंह और अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यालय मंत्री योगेंद्र लाल भी मौजूद थे।

साईनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति ने आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के बीच किया एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। साईंनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) एसपी अग्रवाल की अध्यक्षता में साईंनाथ विश्वविद्यालय और आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एसिया), जमशेदपुर के बीच एमओयू हुआ। इस एमओयू में आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एसिया) के अध्यक्ष- संतोष खेतान, महासचिव- दशरथ उपाध्याय, कार्यकारी सदस्य- देवांग गाँधी और अषोक कुमार गुप्ता मौजूद थे। एमओयू पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति- प्रो (डॉ) एस पी अग्रवाल ने हस्ताक्षर किये।

यह एमओयू से डिप्लोमा इंजीनियरिंग, बीबीए, बीसीए के

छात्र-छात्राओं को आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एसिया) के अंतर्गत 1400 इंडस्ट्रीज में ट्रेनिंग, स्टार्टअप, एंटरप्रन्योर और आत्मनिर्भर बनने में सहायक साबित होगा।

एमओयू के तहत आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के विभिन्न एक्सपर्ट विश्वविद्यालय का दौरा करेंगे। विश्वविद्यालय के छात्र आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एसिया) के इंडस्ट्रीज में छात्रों के सीखने की अपार संभावनायें है। एसिया के अंतर्गत 1400 इंडस्ट्रीज में साईं नाथ विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए रोजगार के अवसर खुल जायेंगे। इस एमओयू के होने से छात्रों के प्लेसमेंट में (एसिया) आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के विभिन्न इंडस्ट्रीजों में साईं नाथ विष्वविद्यालय के छात्रों को वरीयता प्रदान की जायेगी जिससे विश्वविद्यालय के छात्र एंटरप्रंयोर बनकर आत्मनिर्भर बनने के साथ ही विकसित राष्ट्र के निर्माण में अपना अहम योगदान देंगे। इसके अलावा डिप्लोमा इंजीनियरिंग के फैकल्टी को एसिया के विभिन्न इंडस्ट्रीजों में ज्ञान में वृद्धि और उन्नत करने के लिए भेजा जायेगा।

ज्ञातव्य है कि पूर्व में भी साईं नाथ विश्वविद्यालय के कुलपति-प्रो० (डॉ०) एस० पी० अग्रवाल के द्वारा लागातार विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराने, मूलभूत सुविधाओं को साक्षा और पारस्परिक सहयोग कर विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने, शैक्षणिक गुणवता में वृद्धि लाने और एक दूसरे की विषेशताओं का उपयोग कर कमियों को दूर करने के लिए कई प्रतिष्ठित संस्थाओ तथा कम्पनियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया हैं, जैसे-झारखंड सरकार टूल रूम, जिंदल स्टील एंड पावर प्लांट, बजाज मोटर्स लिमिटेड। और प्रॉक्टर एंड गैंबल कंपनी (जिलेट), नई दिल्ली के बीच Tie-Up किया गया है। साथ ही विश्वस्तरीय क्लीनिकल ट्रेनिंग के लिए राजधानी के आसपास जुड़े हुए क्षेत्रों के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों जैसे- अपोलो, फोर्टिस, रिम्स, पारस अस्पताल और रिनपास के साथ एमओयू किया जा चुका है। इसके अलावा विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो (डॉ) एस पी अग्रवाल ने प्रतिष्ठित संस्थाओ तथा कंपनियों, जैसे- 1. मीडिया और मनोरंजन कौशल परिषद, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, नई दिल्ली 2. इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, नई दिल्ली 3. गुजरात टेक्नोलॉजिकल युनिवर्सिटी, अहमदाबाद, गुजरात 4. सिक्किम मणिपाल युनिवर्सिटी, सिक्किम 5. रायसेटपी इंडिया प्रा लि, गुजरात 6. इंटरनेशनल स्कूल ऑफ डिजाइन, नई दिल्ली और जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित नमामि गंगे प्रोजेक्ट के बीच एमओयू अनुबंध पर हस्ताक्षर किया गया है। साईंनाथ विश्वविद्यालय द्वारा अपने विद्यार्थियों के लिए भारत सरकार के अधीन इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, देहरादून द्वारा संचालित आउटरीच कार्यक्रमों के लिए एमओयू किया गया है।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

ई-एनआईटी संख्या: एसटी-आरएनसी-एस05-एएमसी-आईपीएस, दिनांक: 11.07.2023। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** ओईएम द्वारा 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल में विभिन्न स्टेशनों/आईबीएच/मिड-सेक्शन एल.सी. फाटकों/ऑटो गुमटियों पर स्थापित स्टैटकॉन निर्मित मेन एंड मिनी इंटीग्रेटेड पावर सप्लाई सिस्टम (आईपीएस); मात्रा-47 सेट का व्यापक वार्षिक रखरखाव ठेका (एएमसी)। **विज्ञापित मूल्य:** ₹ 2,50,67,474.40। **बयाना राशि:** ₹ 2,75,300। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **ई-निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 04.08.2023 को सुबह 11:30 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख :** 21.07.2023। **वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in (works tender)। (PR-395)

अर्बन प्लानिंग पर दें ध्यान

उत्तर भारत में पिछले चार दिनों से हो रही बारिश में अब तक पचास से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और इससे शहरी जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इससे पता चलता है कि शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर और इसकी देखरेख के लिए जिम्मेदार एजेंसियां अपनी भूमिका में किस तरह से नाकाम रही हैं। इस बीच, देश के 17 राज्यों के पौने दो सौ जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। पहाड़ों में तो जैसे हर ओर आपदा आई हुई है, चाहे वह हिमाचल हो या उत्तराखंड। उधर, लाहौल स्पीति के लोसर गांव में बर्फबारी तक हुई। जिस तरीके से दो दिन के अंदर दिल्ली में 268 मिमी से अधिक हुई बारिश ने 44 साल का रेकॉर्ड तोड़ा और 74 साल बाद लद्दाख में साढ़े तीन हजार फीसदी से अधिक बारिश दर्ज हुई, यह साफ बताता है कि मामला जलवायु परिवर्तन से सीधा जुड़ा है। अब वैज्ञानिक बता रहे हैं कि पहाड़ों में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर है और पंजाब-हरियाणा में साइक्लोनिक सर्कुलेशन के साथ-साथ मॉनसून टर्फ भी है। इसी के चलते बीते चार दिनों में दिल्ली, हिमाचल प्रदेश , हरियाणा पंजाब और यूपी में इतनी ज्यादा बारिश हुई। याद करें तो महज पंद्रह दिन पहले मौसम विभाग कह रहा था कि बारिश सामान्य होगी और हो सकता है कि कहीं-कहीं सामान्य से भी कम हो। जाहिर है कि ऐसी बारिश का अनुमान लगाने में वह विफल रहा है। इस बारिश ने सिर्फ मौसम विभाग की ही पोल नहीं खोली है, इसने यह भी दिखाया है कि हमारी अर्बन प्लानिंग भी किसी खास काम की नहीं है। जिस तरह से इस बारिश में दिल्ली से लेकर अंबाला तक डूब गए, यह साफ बताता है कि पानी निकासी के हमारे जो भी इंतजाम हैं, एक तो वे नाकाफी हैं, दूसरे उनका रखरखाव भी ठीक से नहीं किया गया। दिल्ली में ही पानी निकालने का मास्टर प्लान 1976 में बना था, जो अब आउटडेटेड हो चुका है। अंबाला शहर में तो लोगों को बचाने के लिए सरकार को सेना लगानी पड़ी। वैसे यह कोई आज का ही सीन नहीं है। दिल्ली नहीं तो चेन्नई, अंबाला नहीं तो जयपुर या गुड़गांव नहीं तो मुंबई में यह दृश्य लगभग हर साल ही खुद को दोहराता रहा है। ऐसा भी नहीं कि हर नगरपालिका या नगर निगम के पास धन की ही कमी है, जिसके चलते ऐसा हो रहा है। मुंबई बीएमसी को तो पूरे देश भर में सबसे ज्यादा धन आवंटित होता है, फिर भी वहां हर साल पानी जमा होता है। असल में जलवायु परिवर्तन का अब जो हाल है, ड्रेनेज सिस्टम की सीजनल सफाई से बात नहीं बनने वाली है। अब तो न सिर्फ इसकी साल भर सफाई करती रहनी होगी, बल्कि आबादी के हिसाब से इन्हें नए सिरे से प्लान भी करना होगा। जलवायु परिवर्तन तो अब हमेशा परेशान करेगा, तो इसे ध्यान में रखते हुए किसी भी संभावित आपदा के लिए तैयार रहना होगा।

उत्तर भारत के कई शहरों में मॉनसून की कुछ दिनों की बारिश से ही बुरा हाल है। अब तक 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। इस बारिश ने शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर की पोल खोल कर रख दी है। सरकारों को शहरों की प्लानिंग पर ध्यान देने की जरूरत है।

अभिमत
आजाद सिपाही

भाजपा ने उत्तर प्रदेश में लोकसभा प्रत्याशियों के लिए नामों पर चर्चा शुरू कर दी है। यह चर्चा सार्वजनिक रूप से तो नहीं हो रही है, लेकिन अंदर खाने से जो खबर छन कर आ रही है, उससे ऐसा लगता है कि बीजेपी आलाकमान ने यह तय कर लिया है कि इस बार किस निवर्तमान सांसद का टिकट नहीं देना है। कुछ प्रत्याशी तो उम्रदराज होने के कारण चुनावी रेस से बाहर होते दिख रहें हैं, वहीं कुछ आलाकमान की कसौटी पर खरे नहीं उतर रहे हैं।

लोस चुनाव के लिए भाजपा की तैयारी तेज, यूपी में कई सांसदों की उम्मीदवारी खतरे में

अजय कुमार

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारी में बीजेपी सबसे आगे चल रही है। वह सब कुछ ठोक-बजा कर प्रत्याशियों का फैसला करने के लिए जमीन से लेकर बंद कमरों तक में रणनीति बना रही है। टिकट बांटते समय तमाम बातों का ध्यान रखा जायेगा, लेकिन अबकी से प्रत्याशियों का चयन करते समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी अहम भूमिका रहेगी, जो 2019 के लोकसभा चुनाव में नहीं दिखाई दी थी। इसकी वजह यह है कि बीजेपी ने उत्तर प्रदेश के 2017 के विधान सभा चुनाव मोदी का चेहरा आगे करके जीता था और चुनाव नतीजे आने के बाद योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाया गया था, इसलिए 2019 के लोकसभा चुनाव के समय टिकट बंटवारे में न उनसे राय ली गई थी और न ही उन्होंने इसमें दखलंदाजी की थी, लेकिन 2022 का विधानसभा चुनाव बीजेपी ने योगी को आगे करके लड़ा था और उम्मीद से कहीं अधिक अच्छा प्रदर्शन पार्टी का रहा था, जिसके बाद पार्टी के भीतर योगी का कद काफी बढ़ गया था, इसी के चलते अबकी से टिकट बंटवारे के समय योगी को आलाकमान अनदेखा नहीं कर पाएगा। खासकर पूर्वांचल में योगी की पसंद नापसंद का ज्यादा ख्याल रखा जा सकता है। यानी उनका सिक्का भी चलेगा। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि आज की तारीख में पार्टी के भीतर योगी का कद प्रधानमंत्री मोदी के बाद नंबर दो का समझा जाने लगा है। वह न केवल दमदार तरीके से सरकार चला रहे हैं, बल्कि कई राज्यों के चुनाव प्रचार में वह पार्टी के लिए तुरूप का इक्का भी साबित हो चुके हैं।

यूपी की 80 लोकसभा सीटों के लिए अभी बीजेपी को अपने गठबंधन सहयोगियों से भी बात करनी है।

भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में लोकसभा प्रत्याशियों के लिए नामों पर चर्चा शुरू कर दी है। यह चर्चा सार्वजनिक रूप से तो नहीं हो रही है, लेकिन अंदर खाने से जो खबर छन कर आ रही है, उससे ऐसा लगता है कि बीजेपी आलाकमान ने यह तय कर लिया है कि इस बार किस निवर्तमान सांसद का टिकट नहीं देना है। कुछ प्रत्याशी तो उम्रदराज होने के कारण चुनावी रेस से बाहर होते दिख रहें हैं, वहीं कुछ आलाकमान की कसौटी पर खरे नहीं उतर रहे हैं। यह वह सांसद हैं जहां से 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा था या फिर पार्टी पर आई किसी मुसीबत की घड़ी के समय जनता के बीच इनका प्रभाव काफी कम या नहीं के बराबर देखने को मिला था।

इसे उदाहरण से समझा जाए तो जब किसानों ने नये कृषि कानून के खिलाफ दिल्ली में आंदोलन किया तो भारतीय किसान यूनियन के नेता चौधरी राकेश टिकैत के आह्वान पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में किसान आंदोलन में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे, जबकि आलाकमान चाहता था कि पश्चिमी यूपी के बीजेपी नेता और सांसद-विधायक अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए यहां के आंदोलनकारी किसानों को दिल्ली कूच नहीं करने के लिए मनाएं। इसी प्रकार लखीमपुर-खीरी में भी जब केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी के बेटे ने वहां कृषि कानून के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों के ऊपर अपनी गाड़ी चढ़ा दी थी, तब भी वहां के स्थानीय सांसद और केन्द्रीय मंत्री टेनी का व्यवहार बहुत गैर-जिम्मेदाराना और बयानबाजी काफी घटिया स्तर की रही थी, जिससे मोदी सरकार की काफी फजीहत हुई थी, इसीलिए बीजेपी आलाकमान को रालोद मुखिया जयंत चौधरी रास आने लगे हैं। जयंत चौधरी यदि बीजेपी के साथ कंधे से कंधा मिलाते हैं तो पश्चिमी यूपी की करीब 20 सीटों का सियासी समीकरण बीजेपी के पक्ष में हो सकता है, इसके अलावा पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में भी इसका असर साफ दिखाई देगा। आरएलडी अपनी ताकत का एहसास बीते 2018 कैराना लोकसभा उपचुनाव और 2023 खतौली विधानसभा उपचुनाव में भी दिखा चुकी है। सबसे बड़ी बात यह है कि जयंत चौधरी के बीजेपी के साथ आने से बीजेपी के सामने जाट वोट में बिखराव का खतरा भी कम हो जायेगा।

दरअसल, पश्चिमी यूपी की जाट बेल्ट में एक बड़ा हिस्सा तो जरूर बीजेपी के साथ है, लेकिन अभी तक पार्टी पश्चिमी यूपी पर पूरी तरह से कंट्रोल नहीं कर पाई है। बीजेपी के स्थानीय नेता उतनी चमक नहीं बिखेर पा रहे हैं, जितनी उनसे अपेक्षा थी। यह सच है कि पश्चिमी यूपी के गुर्जर, सैनी, कश्यप, ठाकुर, शर्मा, त्यागी जाति के वोट का ज्यादातर हिस्सा भी बीजेपी के साथ है। पूरे यूपी में भले ही जाट समुदाय 4 से 6 फीसदी के बीच हो, लेकिन पश्चिमी यूपी के कुल वोट में करीब 17 फीसदी हिस्सेदारी जाट समुदाय की है। इस इलाके की 120 विधानसभा सीटों और 18 लोकसभा सीटों पर जाट वोट बैंक असर रखता है। इन्हीं में 12 लोकसभा सीट पर जयंत ताकत लगा रहे हैं। मेरठ, मथुरा, अलीगढ़, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर, आगरा, बिजनौर, मुरादाबाद, सहारनपुर, बरेली और बदायूं जैसे जिलों में जाटों का काफी प्रभाव है।

बात इससे आगे की कि जाए तो लगता है अबकी से बीजेपी पिछड़ों और दलितों को भी टिकट देने में ज्यादा दरियादिली दिखाएगी, जिस तरह से समाजवादी पार्टी पिछड़ों और दलितों को लेकर काफी आक्रामक दिखाई दे रही है, उसकी काट के लिए भी ऐसा करना जरूरी है। इसके अलावा मुसलमानों को रिझाने के लिए पसमांदा समाज के एक दो प्रत्याशियों को भी टिकट मिल सकता है। बीजेपी पसमांदा समाज के प्रत्याशियों को अपने सहयोगी दलों के चुनाव चिन्ह पर मैदान में उतार सकती है। यूपी की 80 लोकसभा सीटों के लिए अभी बीजेपी को अपने गठबंधन सहयोगियों से भी बात करनी है। यदि राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी और ओम प्रकाश राजभर की पार्टी से बीजेपी का गठबंधन हो जाता है तो बीजेपी को अपना दल एस, निषाद पार्टी के साथ-साथ इन दलों के नेताओं की दावेदारी पर भी गौर करना होगा। ऐसे में बीजेपी 65-70 सीटों पर ही चुनाव लड़ती नजर आए तो किसी को आश्चर्य नहीं होगा, इसके चलते भी बीजेपी के कुछ सांसदों को टिकट से हाथ धोना पड़ सकता है।

उधर, बीजेपी आलाकमान द्वारा मोदी सरकार के नौ वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर चलाए जा रहे महाजनसंपर्क अभियान और पार्टी की ओर से कराए जा रहे सर्वे में सांसदों की जमीनी हकीकत सामने आने लगी है। पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव के लिए सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे में मौजूदा सांसदों की जनता में पकड़ के साथ छवि का आकलन भी किया जा रहा है। साथ ही संभावित नए प्रत्याशियों की भी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में जुटी पार्टी किसी भी स्थिति में वैसे उम्मीदवार को चुनावी मैदान में नहीं उतारना चाहती है, जिन पर लोगों का अविश्वास बढ़ा है। ऐसे सांसदों की उम्मीदवारी पर खतरा मंडराने लगा है। बीजेपी ने अबकी से उन सीटों पर भी इस बार कमल खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिन सीटों (मैनपुरी-रायबरेली) पर 2014-2019 के लोकसभा चुनावों में जीत दर्ज नहीं कर पाई है। बीजेपी इन सभी सीटों को जीतने का रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में है, इसीलिए बीजेपी प्रदेश की एक-एक सीट का बारीकी से निरीक्षण करके ही प्रत्याशियों को उतारना चाह रही है।

आज की तारीख में पार्टी के भीतर योगी का कद प्रधानमंत्री मोदी के बाद नंबर दो का समझा जाने लगा है। वह न केवल दमदार तरीके से सरकार चला रहे हैं, बल्कि कई राज्यों के चुनाव प्रचार में वह पार्टी के लिए तुरूप का इक्का भी साबित हो चुके हैं।

जमशेदपुर की खबरें

जमशेदपुर दंगा: बीजेपी नेता अभय सिंह की बेल पर सुनवाई पूरी, हाइकोर्ट का फैसला सुरक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस एसएन प्रसाद और जस्टिस सुभाष चंद की खंडपीठ में जमशेदपुर में दंगा भड़काने के आरोपी भाजपा नेता अभय सिंह की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस केस से जुड़े सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत 21 जुलाई को अभय सिंह की जमानत अर्जी पर अपना फैसला सुनायेगी। अभय सिंह की ओर से हाइकोर्ट के वरीय अधिवक्ता आरएस मजूमदार और रोहन मजूमदार ने बहस की। पिछली सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अधिवक्ता भोलानाथ ओझा ने खंडपीठ को बताया था कि केस डायरी में अभय सिंह पर दंगा भड़काने की साजिश में शामिल होने की बात सामने आयी है। निचली अदालत से जमानत नहीं मिलने के बाद अभय सिंह ने हाइकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है।

बच्चे टिफिन में नॉनवेज नहीं लायेंगे विवाद के बाद लिया गया फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के बच्चे अब टिफिन में नॉनवेज नहीं ले जा सकेंगे। टिफिन में नॉनवेज ले जाने पर बैन लगा दिया गया है। मंगलवार को जिला शिक्षा अधीक्षक निशु कुमारी ने यह निर्देश दिया। इससे संबंधित गाइडलाइन सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूल प्रबंधकों को दो दिन में भेज दी जायेगी।

गौरतलब है कि पिछले दिनों शहर के एक प्राइवेट स्कूल की चौथी कक्षा की छात्रा ने टिफिन में अपनी सहेली के साथ नॉनवेज शेयर किया था। चूंकि उक्त छात्रा और उसके परिजन सावन में नॉनवेज नहीं खाते हैं, तो उन्होंने स्कूल प्रबंधन से नॉनवेज खिलाने वाली बच्ची के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी और अपनी बच्ची का टीसी स्कूल से ले लिया था।

मीडिया में यह बात सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधीक्षक नीशु कुमारी ने मामले में स्कूल प्रबंधन को तलब किया। पूरी घटना की जानकारी ली। प्रिंसिपल ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि दोनों चौथी कक्षा की छात्रा हैं। अबोधता के कारण उन्होंने आपस में नॉनवेज शेयर किया। इसके बाद तय किया गया कि भविष्य में इस प्रकार की घटना ना हो, इसलिए बच्चों को स्कूल में नॉनवेज लाने पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया। जंक फूड को लेकर भी एडवाइजरी जारी होगी।

डीएसइ का निर्देश : स्कूल की प्रिंसिपल को बुलाया गया था। मामले में उनका पक्ष लिया गया, इसके बाद बच्चों को टिफिन में नॉनवेज लेकर स्कूल आने पर रोक लगायी गयी है। तमाड़िया बस्ती मध्य विद्यालय के प्रिंसिपल का एक इंक्रीमेंट काटने का आदेश जमशेदपुर के बिरसानगर जोन नंबर छह के तमाड़िया बस्ती मध्य विद्यालय में पांच जुलाई को तीसरी के छात्र को कक्षा में सोये हुए छोड़ कर स्कूल में ताला लगाने के मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक ने कार्रवाई की है। स्कूल के प्रिंसिपल का एक इंक्रीमेंट काटने का फैसला लिया है। जांच में पाया कि यह पूरी तरह से लापरवाही का मामला है।

आजसू का पटमदा प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

पटमदा। आजसू के प्राधन सचिव और पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने सैकड़ों कार्यकताओं के साथ पटमदा प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बुधवार को पूर्व मंत्री ने प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थानीय समस्याओं और मुख्यमंत्री की ओर से चुनाव से पूर्व जारी घोषणा पत्र में जनता से किए गए वादों को लागू करने की मांग की। मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ अरविंद बेदिया को 25 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मौके पर मौजूद बीडीओ व सीओ से जाति,आय, आवासीय प्रमाण पत्रों के निर्गत होने में विलंब होने,जमीन के खारिज-दाखिल,ऑनलाईन के काम में ग्रामीणों को बेवजह परेशान करने, बिना चढ़ावे के काम नहीं करने की शिकायतों को दूर करने की मांग की। दोनों पदाधिकारियों ने आजसू पार्टी के नेता और कार्यकताओं को आश्वासन दिया कार्यालय में काम के दौरान किसी तरह की दिक्कत होती है तो सीधे उनसे संपर्क करें समाधान किया जाएगा। वही बेलटांड़ चौक में पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा राज्य के मुख्यमंत्री ने चुनाव पूर्व वादा किया था गरीबों को 3 लाख का आवास देंगे, वृद्धावस्था पेंशन के रूप में ढाई हजार रुपये, ढाई हजार रुपये प्रति क्विंटल धान की खरीदारी, मुफ्त में बिजली, एक साल में पांच लाख नौकरी व बेरोजगारी भत्ता देंगे। लेकिन सरकार के साढ़े तीन साल हो गए, एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। सहिस ने स्थानीय विधायक पर उनके ही कार्यकाल में किए गए शिक्षा, पेयजल व अन्य योजनाओं की उपलब्धि पर झूठा श्रेय लेने का आरोप लगाया। पूर्व झामुमो नेता आदित्य महतो ने कहा जनता विधायक बनाकर पछता रही है। क्योंकि उनसे किसी भी काम के लिए सम्पर्क करने पर लोगों को कामारडीह भेज देते हैं। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अजीत महतो, सचिव अनाथ बंधु कुंभकार, श्रीमंत मिश्रा सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहे।

हाथी के कुचलने से 55 वर्षीय किसान की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

राजनगर। सरायकेला खरसावां जिला के राजनगर थाना अंतर्गत टिंटीडीह पंचायत के बोड़ामतलिया गांव के समीप शौच करने गए एक 55 वर्षीय किसान को हाथी के झुंड ने कुचल कर मार डाला। बुधवार को घटना में मृतक की पहचान युधिष्ठिर महतो उर्फ गुड्डू महतो के रूप में की गई। मृतक बोड़ामतलिया गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गयी। बताया जा रहा है खबर लिखे जाने तक हाथी बोड़ाम तलिया पहाड़ी के आसपास ही मौजुत है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना राजनगर पुलिस व वन विभाग को दी घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। है। वहीं परिजनों में मातम छा गया।

अवैध बालू का खेल धड़ल्ले से चल रहा

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। सरायकेला जिला में अवैध बालू का खेल धरले से चल रही है। बालू माफिया का हौसले बुलंद हैं। उन्हें प्रशासन व खनन विभाग का डर नही है। बेखौफ होकर रात्रि 8:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक हाईवा से अवैध बालू की धुलाई जारी है। सूत्र के माने तो तिरूल्डीह, बुंडू व सापरा बालू घाटों से अवैध रूप से बालू का उठाव किया जा रहा। जिसे कांदरबेरा पाटा टोल के रास्ते सापरा होते हुए आदित्यपुर में प्रवेश कराया जाता है। बताया जा रहा है बालू लदा हाईवा की कीमत 22000 से 28000 के बीच है। कांड्रा की ओर से लगभग 25 से ज्यादा हाईवा में बालू भेजा जाता है। कुछ सरायकेला की ओर निकलते। बालू माफिया अवैध बालू का भंडारण सीमेंट पाइप प्लांट के शरण में करते है। अनुमान लगाया जा रहा है कांड्रा के दो बड़ी कंपनी में अवैध बालू का भंडारण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के सख्त आदेश व कोल्हान डीआईजी के निर्देश पर पूर्व में कारवाई की गई थी। लेकिन सूत्र के माने तो सफेदपोश व्यक्ति के द्वारा बालू के खेल को अंजाम दिया जा रहा, जिसमें कई व्यक्तियों के साथ सांठगांठ भिभोने की उमीद जताया जा रहा है। वही घर निर्माण के लिए आम जनता की जरूरत पर माफियाओ के द्वारा दुगनी कीमत में बेचे जाते हैं। इस तरह के कार्य को नही रोका गया तो आने वाले दिनों में बालू घाटों के लिए सरकार को करोड़ो का नुकसान होने की उमीद जताई जा सकती है। इससे से सरकारी राजस्व का नुकसान होने की उमीद जताई जा रही है। फिलहाल खनन विभाग के अधिकारी भी कार्रवाई के नाम पर मौन है।

धानचाटानी में आषाढ़ी पूजा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जुगसलाई प्रखंड के लुआबासा पंचायत स्थित धानचाटानी गांव में आषाढ़ी पुजा का आयोजन किया गया। पूजा के दौरान लाइआ जगन्नाथ महतो के द्वारा जाहिरा थान में बिना मंत्र उच्चारण के मन में सरन कर आषाढ़ी पुजा करते हुए क्षेत्र में अच्छी बारिश और गांव के समस्त परिवार के लिए सुख शांति की आराधना की। मौके पर लाइआ जगन्नाथ महतो बानुआर के नेतृत में केंद्रीय समिति के द्वारा गाछ रोपा होमदुमि 3 के तहत साल और महुआ के पौधे रोपा गया। जिला सचिव प्रकाश महतो ने कहा प्रकृति की आराधक धर्म स्थल खुले आसमान के नीचे पेड़ों के बीच अवस्थित होता है। इसका संबंध आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा है। उन्होंने समाज के लोगों से महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने की अपील की। मौके पर संजय महतो, नेपाल महतो, रंजीत महतो, गोबिंद महतो, ललित महतो, प्रदीप महतो, हर मोहन महतो, दुलाल महतो,लोला हो,सुरु कर्मकार,बिमल सिंह सरदार, जितेन हो, विश्वनाथ पांडे मौजूद रहे।

सीतारामडेरा में लूट के मामले का पुलिस ने किया खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। सीतारामडेरा थाना अंतर्गत खटाल संचालक का लूट के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया। बुधवार को पुलिस ने घटना में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जबकि अन्य एक अपराधी फरार है। मौके पर डीएसपी बीरेंद्र राम ने बताया ह्यूम पाइप बस्ती के रहने वाले खटाल संचालक विशाल तिवारी मवेशी का चारा लाने के लिए भुइयांडीह की ओर जा रहे थे। इसी बीच कल्याणनगर के समीप अपराधी बादल लोहार तीन साथियों के साथ उसके सिर पर वार कर 30 हजार नगद और मोबाइल लूट कर फरार हो गया। विशाल ने सीतारामडेरा थाना में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया। जिसके आलोक में टीम गठित कर अनुसंधान के दौरान बादल लोहार को गिरफ्तार किया गया। जिसके स्वीकारोक्ति बयान पर पिंटू सिंह और गौरव भुंइया को गिरफ्तार किया गया। डीएसपी श्री राम ने बताया घटना में 4 आरोपी शामिल थे। लुटे गये रुपये को आपस मे बांट कर खर्च कर लिए है। आरोपियों के पास से लुटे गए मोबाइल व एक स्कूटी बरामद किया गया। फरार आरोपी की गिरफ्तार जल्द कर ली जायेगी।

महत्वपूर्ण न्यूज

मंत्री के निर्देश पर रंका प्रखंड के गासेदाग गांव में लगा समस्या समाधान शिविर

रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में रंका बीडीओ देवानंद राम, सीओ शंभू राम के नेतृत्व में रंका प्रखंड के बाहाहारा पंचायत के गासेदाग गांव में पंचायत की जनता की समस्याओं एवं मांगों को लेकर समस्या समाधान शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस शिविर में बहाहारा पंचायत के पांच गांव के ग्रामीणों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं को आवेदन के माध्यम से रखा। जिसमें पेंशन के योग्य 18 लाभुकों को ऑन द स्पॉट स्वीकृति प्रदान की गई। राशन कार्ड बनाने संबंधी प्राप्त आवेदन में योग्य 13 लोगों को स्वीकृति प्रदान की गई। जबकि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आवास के लायक योग्य दो लोगों को स्वीकृति प्रदान की गई। जबकि बिजली, पानी आदि से भी संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसे विभागीय कार्रवाई हेतु भेज दिया गया है। इसके संबंध में रंका प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी ने बताया कि पुनः एक सप्ताह बाद शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें छूटे हुए सभी जरूरतमंद लोगों को लाभ दिया जा सके। मौके पर रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, अचलाधिकारी शंभू राम, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी , झामुमो युवा जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू , प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, बाहाहारा पंचायत के मुखिया किरण देवी, बीडीसी प्रतिनिधि उपेंद्र भुईया, बहाहारा पंचायत के झामुमो अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण जनता महिला पुरुष उपस्थित थे।

केतार प्रमुख और बीडीओ ने किया डिजिटल सेवा केंद्र का उद्घाटन

केतार (आजाद सिपाही)। केतार प्रखंड खरौंधी रोड कोल मोड़ केतार स्थित अर्शी कंप्यूटर एवं मोबाइल सर्विस सेंटर का उद्घाटन केतार बीडीओ मुकेश मछुआ एवं केतार प्रमुख चंद्रावती देवी के हाथों फीता काट कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बीडीओ मुकेश मछुआ ने बताया कि कोल मोड़ में एक भी प्रज्ञा केंद्र नहीं रहने से यहां के ग्रामीणों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। आज के समय केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को प्रज्ञा केंद्र द्वारा संचालित किया जा रहा है। वहीं अर्शी कंप्यूटर व प्रज्ञा केंद्र के संचालक दाता दानिश ने कहा कि इस प्रज्ञा केंद्र में पैन कार्ड, आय, जाति निवास, चरित्र प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, ड्राईविंग लाइसेंस, इंशुरेन्स, लेमिनेशन, रेलवे टिकट, एयर टिकट, ऑनलाइन जमीन रशीद, खतियान, म्यूटेशन, फसल राहत, पीएम किसान एवं सभी तरह का फॉर्म तथा ऑनलाइन कार्य किया जाता है। साथ ही सभी बैंकों का पैसा निकासी एवं जमा भी किया जाता है। जिससे क्षेत्र के लोगों को कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। इस मौके पर केतार पंचायत मुखिया प्रमोद कुमार, मुकुंदपुर पंचायत रोजगार सेवक धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंज कुमार गुप्ता, ब्रह्मदेव कुमार गुप्ता, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, बिसुत्रीय सदस्य छोटन कुमार सिंह, शमीम अंसारी, हकीमुदीन अंसारी, जमायत अंसारी एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

रंका एसडीएम ने भंडरिया प्रखंड में किया विकास योजनाओं का निरीक्षण

भंडरिया (आजाद सिपाही)। रंका एसडीएम रामनारायण सिंह ने बुधवार को भंडरिया अंचल कार्यालय व प्रखंड कार्यालय पहुंच बीडीओ विपिन कुमार भारती से प्रखंड में संचालित सभी विकास योजनाओं की बारी बारी से जानकारी प्राप्त की। एसडीएम ने मुख्य रूप से मनरेगा से संचालित कुआं, मेढ़बंदी व आम बागवानी पर जोर देते हुए उक्त योजनाओं की वर्तमान स्थिति का भी जानकारी प्राप्त कर योजना स्थल पर पहुंच योजना का निरीक्षण किया। भंडरिया पंचायत के मरदा गांव में मनरेगा से संचालित आम बागवानी का निरीक्षण किया तथा लाभुक पातो देवी से मिलकर योजना में किसी तरह की परेशानी की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आम बागवानी के लाभुक को एक पुत्र के समान उक्त पौधे देखभाल करने की बात कही। साथ ही उन्होंने आम बागवानी के रखरखाव के लिए कई तरह की जानकारी दी। उनके द्वारा भंडरिया मुख्यालय स्थित एफसीआई गोदाम का भी निरीक्षण किया जाना था। इस संबंध में उन्होंने कहा कि एमओ किसी जरूरी काम से बाहर गए हुए हैं। वहीं एजीएम हड़ताल पर हैं, जिस कारण गोदाम का निरीक्षण नहीं हो सका। अगली बार आएंगे तो गोदाम का निरीक्षण किया जाएगा।

उपलब्धि : 8 करोड़, 22 लाख की लागत से गढ़वा की तीन सड़कों का होगा निर्माण

मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा गढ़वा : मंत्री मिथिलेश

पक्की सड़क से जुड़ेंगे मॉडल डिग्री कॉलेज व महिला महाविद्यालय

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा में लगभग 8 करोड़ 22 लाख की लागत से तीन नयी सड़कों का निर्माण किया जाएगा। करीब नौ किलोमीटर लंबाई की सड़क निर्माण के लिए आठ करोड़, 21 लाख, 92 हजार, 400 रुपए की स्वीकृति झारखंड सरकार ने प्रदान कर दी है। इन सड़कों के निर्माण से गढ़वा के सोनपुरवा स्थित मॉडल डिग्री महाविद्यालय तथा निर्माणाधीन महिला महाविद्यालय भी पक्की सड़क से जुड़ जाएंगे। यथाशीघ्र टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर इन सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि शहर एवं शहर के समीपवर्ती क्षेत्र में तीन अति महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इनमें सुखबाना-गुर्दी मुख्य पथ से मॉडल डिग्री महाविद्यालय सोनपुरवा के मुख्य द्वार तक 1.730 किलोमीटर सड़क का निर्माण एक करोड़, 84 लाख 83 हजार, तीन सौ रुपए की लागत से किया जाएगा। जबकि गढ़वा मंझिआव-रोड पीडब्ल्यूडी मुख्य पथ उंचरी से नहर होते हुए महिला महाविद्यालय तक दो करोड़, 62 लाख, 47 हजार 200 रुपए की लागत से 2.890 किलोमीटर तथा एनएच 343 ओबरा से ओबरा मस्जिद होते हुए उच्च विद्यालय ओबरा बीटी रोड तक तीन करोड़, 74 लाख, 61 हजार, 900 रुपए की लागत से 4.0 70 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि ये सभी सड़कें अति महत्वपूर्ण हैं। लंबे समय से इस क्षेत्र के लोग एवं विद्यार्थी कच्ची एवं जर्जर सड़क से आवागमन करते थे। जिससे लोगों को काफी परेशानी होती थी।

बहुत जल्द इन सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा

मंत्री ने कहा कि महिला महाविद्यालय का शिलान्यास समारोह में उन्होंने कॉलेज तक पक्की सड़क निर्माण कराने की घोषणा की थी। इस क्षेत्र के लोग लंबे अरसे से इन सड़कों के निर्माण की मांग कर रहे थे। मैंने लोगों की आवागमन की विकट समस्या को देखते हुए इन सड़कों के निर्माण का वादा किया था। वह अब पूरा हो गया है। बहुत जल्द इन सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा। क्षेत्र के लोगों एवं छात्र-छात्राओं को आवागमन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि दोनों महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना अति आवश्यक था। उनकी आवश्यकता पूरी कर दी गई। मंत्री ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र भ्रमण के दौरान पूरे गढ़वा की एक-एक समस्या को काफी करीब से देखा है। अब वे सभी समस्याओं का निदान कर रहे हैं। गढ़वा का कोई भी क्षेत्र बेहतर आवागमन की सुविधा से वंचित नहीं रहेगा। हर गांव, हर गली में बेहतर सड़क का निर्माण किया जाएगा। गढ़वा अब मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा।

राशन कालाबाजारी के आरोप में डीलर पर प्राथमिकी दर्ज

जांच के दौरान डीलर फरार, थाना पुलिस की उपस्थिति में तोड़ा गया राशन गोदाम का ताला

15,874.54 किलोग्राम खाद्यान्न कालाबाजारी का आरोप

बलराम शर्मा

मेराल। बीडीओ सह एमओ प्रवेश कुमार साव ने बुधवार को मेराल पश्चिमी के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार शंभु राम पर राशन कालाबाजारी के आरोप में मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। डीलर शंभु राम पर विभिन्न कार्ड धारियों के लिए निर्गत 15,874.54 किलोग्राम खाद्यान्न कालाबाजारी का मामला प्रकाश में आने पर बीडीओ सह प्रभारी एमओ द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्रभारी एमओ द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी तथा मेराल थाना में प्राथमिकी के लिए दिए गए आवेदन में कहा गया है कि मेराल के जन वितरण प्रणाली के विक्रेता शंभू राम की दुकान का औचक निरीक्षण बुधवार को किया गया। निरीक्षण में दुकान के भंडार में खाद्यान्न की मात्रा शून्य पाया गया, जबकि डीलर द्वारा विभिन्न कार्ड धारियों के लिए माह जून एवं जुलाई के लिए 26574.48 किलोग्राम खाद्यान्न का उठाव किया गया है। जांच के दौरान उपस्थित लाभुकों के अनुसार डीलर द्वारा 73 कार्ड धारियों को दिग्भ्रमित कर फर्जी तरीके से ऑनलाइन पर्ची निकाली गई है, जबकि खाद्यान्न नहीं दिया गया है। खाद्यान्न उठाव एवं वितरण के अनुसार भी विक्रेता के भंडार में 15,874. 54 किलोग्राम खाद्यान्न उपलब्ध रहना चाहिए था।

जांच के दौरान डीलर हुआ फरार

जांच के दौरान डीलर द्वारा बताया गया कि दो कमरों में खाद्यान्न रखा गया है। डीलर के पुत्र द्वारा एक कमरा को खोलकर दिखाया गया जबकि दूसरा कमरा खोलने के पूर्व ही मौके से फरार हो गया। फरार होने के बाद बीडीओ सह एमओ द्वारा तत्काल इसकी सूचना मेराल थाना को देते हुए मौके पर पुलिस पदाधिकारी को भेजने का निर्देश दिया गया। सूचना पर पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार कुशवाहा दल बल के साथ पहुंचे। पुलिस जवानों तथा प्रभारी गोदाम प्रबंधक सतीश कुमार सिंह तथा दर्जनों लाभुकों की उपस्थिति में दूसरे कमरे का ताला तोड़कर जांच की गयी। जिसमें भी खदान की मात्रा शून्य पायी गयी। जांच प्रक्रिया की फोटोग्राफी भी करायी गयी है। जांच की गवाही में लाभुक पंकज कुमार, देव कुमार, खैरून बीबी, मंती देवी, मुखिया पति मुन्ना राम, लालती देवी, चान्या देवी तथा रामपति देवी शामिल हैं।

सांसद प्रतिनिधि के आग्रह पर उपायुक्त ने 700 छात्राओं का कराया नामांकन

अभिभावकों एवं छात्राओं ने उपायुक्त से मिलकर पुष्पगुच्छ देकर जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। बालिका उच्च विद्यालय गढ़वा को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिए जाने के उपरांत नामांकन से वंचित नौवीं कक्षा की छात्राओं के नामांकन हेतु सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल के द्वारा उपायुक्त, गढ़वा का ध्यान आकृष्ट करते हुए पत्र प्रेषित किया गया था। इस गंभीर मामले को उपायुक्त ने अपने संज्ञान में लेते हुए गोविंद हाई स्कूल गढ़वा में छात्राओं का नामांकन की व्यवस्था करायी। आज लगभग 700 छात्राओं का नौवीं कक्षा में नामांकन किया जा चुका है। इस कार्य हेतु सभी अभिभावकों एवं छत्राओ के द्वारा उपायुक्त से मिलकर पुष्पगुच्छ देकर का आभार प्रकट किया गया।

सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल ने उपायुक्त का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए अवसर प्रदान करना व प्रोत्साहित करना काफी सराहनीय कार्य है। यह अवसर सिर्फ उनके लिए एक सीढ़ी हीं नहीं बल्कि यह हमारे भविष्य में एक निवेश भी है।

विद्यालय के नवनिर्माण के लिए अवैध तरीके से किया गया है बालू का भंडारण

सरकार के निर्देशानुसार बरसात के दिनों में बालू घाट से बालू का उठाव पूर्ण रूप से बंद है लेकिन कंसट्रक्शन कंपनी को बालू भरपूर मात्रा में मिल जा रहा है

आजाद सिपाही संवाददाता

कांडी। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत के मझिगावां पंचायत में स्थित आश्रम अवासीय बालिका विद्यालय में नव निर्माण हो रहे सभागार कक्ष हेतु अवैध तरीके से बालू का भंडारण किया गया है। विदित हो कि कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम आवासीय बालिका विद्यालय के परिसर में 1 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से अतुल प्रताप कंट्रक्शन के द्वारा एक सभागार कक्ष का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य में प्रयुक्त किया जा रहा बालू किस नदी से लाया जा रहा है साथ ही बालू की गुणवत्ता भी देखने में निम्न स्तर का है। इस कंट्रक्शन के साइड पर नव निर्माण कार्य करा रहे कर्मचारियों ने बालू का उठाव कहां से किया जा रहा है इसके बारे में अनभिज्ञता जताई। परंतु जब बालू के भंडारण को देखा जाए तो ऐसा लगता है कि यह बालू पहाड़ी नदियों से लाया गया लगता है। दूसरी तरफ ग्रामीणों को आवास बनाने हेतु बालू का इतना किल्लत है कि आवास निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है, लेकिन इस कंस्ट्रक्शन में नव निर्माण कार्य में बालू के लिए किसी भी तरह की परेशानी नहीं है।

ज्ञात हो कि झारखंड सरकार के निर्देशानुसार बरसात के दिनों में बालू घाट से बालू का उठाव पूर्ण रूप से बंद रहता है लेकिन इस कंपनी को पहाड़ी नदियों का बालू भरपूर मात्रा में मिल जा रहा है। स्थल पर भंडारण किये गए बालू को देखने से यह प्रतीत होता है कि बालू ना ही कोयल नदी का है और ना ही सोन नदी का, देखने के पश्चात यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि भंडारण किया गया बालू पहाड़ियों से निकलने वाली छोटी-छोटी नदियों का है। जबकि इस संबंध में पूछे जाने पर साइड इंचार्ज नमन गुप्ता ने सीधे लहजे से बात करना भी मुनासिब नहीं समझा और सीधे शब्दों से इनकार कर दिया कि बालू कब और किस नदी से कैसे लाया जाता है यह मुझे भी पता नहीं है। ऐसे में प्रतीत होता है कि नव निर्माण कार्य में उपयोग किये जाने वाले बालू के संबंध में किसी भी कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारी को जानकारी होने से अनभिज्ञता जता रहे हैं, इससे उपयोग में लाए जा रहे बालू से सरकारी राजस्व के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

पूर्व विधायक के साथ भूमि विवाद मामले में दोनों पक्षों पर प्राथमिकी दर्ज

बिशुनपुरा (आजाद सिपाही)। मंगलवार की शाम पूर्व विधायक राज राजेन्द्र प्रताप देव के समर्थकों एवं ठाकुर परिवार के साथ भूमि विवाद मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पहला पक्ष से पूर्व विधायक सह बड़े राजा के सहयोगी धर्मेंद्र साव पिता रामजन्म साव ने गोरख भंडारी, बिकास भंडारी, दिनेश शर्मा सहित अन्य पांच लोगों के विरुद्ध आवेदन दिया है। वहीं दूसरे पक्ष से दिनेश शर्मा ने बड़े राजा सह राज राजेन्द्र प्रताप देव, बिजय देव सहित 30 लोगों पर आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी बुद्धराम सामद ने बताया कि थाना कांड संख्या 26/23 एवं 27/23 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। मालूम हो कि बीते दिन पूर्व विधायक के द्वारा खेत की जुताई में मारपीट को लेकर सैकड़ों ग्रामीण सड़क पर उतर गए थे। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक के खिलाफ काफी विरोध प्रदर्शन किया था। जिसके बाद बंशीधर नगर एसडीपीओ एवं पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन समाप्त किया था।

बैठक : उपायुक्त ने की आपूर्ति विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा, दिये आवश्यक निर्देश

मुहिम के तहत शत प्रतिशत लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण करायें

15 एवं 17 जुलाई को चावल दिवस को लेकर विशेष मुहिम चलाकर लाभुकों को जागरूक करने के दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। उपायुक्त शेखर जमुआर ने आपूर्ति विभाग से संबंधित कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से विगत माह में चावल दिवस-15, 16 जून तथा 25, 26 जून को वितरण किए गये खाद्यान की समीक्षा, निलंबित पीडीएस दुकान की स्थिति (विस्तृत विवरणी), निलंबित पीडीएस दुकान को दूसरी दुकान से संबद्ध करने की स्थिति दूरी सहित (विस्तृत विवरणी), जिले में पीवीटीजी परिवार को खाद्यान वितरण, बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में खाद्यान वितरण, मुख्यमंत्री दाल-भात योजना, नये राशन कार्ड की अद्यतन स्थिति, धान अधिप्राप्ति एवं लाभुकों को भुगतान की स्थिति, विभाग द्वारा संचालित अन्य सभी योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी राज महेश्वरम द्वारा बताया गया कि चावल दिवस के दिन 951 केंद्रों पर 6 लाख 43 हजार 702 किलोग्राम चावल का वितरण किया गया एवं जुलाई माह में भी 15 एवं 17 तारीख को चावल दिवस का आयोजन कर खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। उपायुक्त ने विशेष मुहिम चलाकर चावल दिवस को लेकर लाभुकों को जागरूक करने का निर्देश दिया। जिससे चावल दिवस के दिन शत प्रतिशत लाभुक खाद्यान्न का उठाव कर सकें। उपायुक्त ने मुहिम के तहत शत प्रतिशत लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने जिले के सभी जन वितरण प्रणाली डीलरों को अपनी दुकान के बाहर दुकान संबंधित लाइसेंस की जानकारी एवं खाद्यान्न वितरण को लेकर समय सारणी की जानकारी संबंधित साइनेज बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। किसी भी परिस्थिति में चावल दिवस के दिन दुकान को खुला रखने एवं शत-प्रतिशत लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण करने संबंधित निर्देश दिया। चावल दिवस के दिन जिला स्तरीय सभी पदाधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण करने एवं लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री धोती साड़ी योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने चावल दिवस के दिन लाभुकों के बीच धोती-साड़ी वितरण का भी निर्देश दिया। चावल दिवस को लेकर आम जनों को जागरूक करने को लेकर सभी पंचायतों के मुखिया एवं वार्ड सदस्य की सहभागिता भी सुनिश्चित करने को कहा गया। इस वर्ष पैक्स द्वारा जिले के 472 किसानों से किए गए धान अधिप्राप्ति की भी उपायुक्त द्वारा समीक्षा की गई। जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि क्रय किए गए धान की राशि का प्रथम किस्त की राशि का भुगतान शत प्रतिशत किसानों को कर दिया गया है एवं द्वितीय किस्त की राशि का भुगतान किया जा रहा है। उपायुक्त ने जल्द द्वितीय किस्त की राशि का भुगतान शत-प्रतिशत किसानों के बीच करने का निर्देश दिया। इस बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता, पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी, राज महेश्वरम समेत जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची
मेस्कॉट मैदान, डोरण्डा, राँची, पिन–834002 फोन नं.–0651-2482900
(E-mail ID- se.ranchi33@gmail.com)

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना सं०–01 वर्ष 2023-24
प्रथम आमंत्रण

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 15.07.2023 को 4:00 बजे अपराहन् तक।
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 22.07.2023 को 3:30 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा खोलने की सम्भावित तिथि एवं समय :– 24.07.2023 को 3:00 बजे अपराहन् तक।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– I. अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
II. कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
III. कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
IV. कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
8. कार्य का नाम :–

क्र० सं०	कार्य का नाम	ग्रुप संख्या	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की तिथि
1	2	3	4	5	6	7
1	पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची अन्तर्गत विभिन्न प्रमंडलों यथा राँची पूर्व, राँची/राँची पश्चिम, राँची एवं खूँटी में चापाकलों की मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य हेतु यथा आवश्यक 125x115 मि०मि० व्यास के हैण्ड पम्प I.M.-II & I.M.-III (65 मि०मि० एवं 50 मि०मि०) के लिए अद्यतन संशोधित आई०एस०– 15500 (पार्ट–1-7)/2004 के अनुसार Spare Part की आपूर्ति वर्ष 2023-24					01 (एक) माह
	D.W.&S. Division Ranchi East	SPRE	12.37	25000.00	2500	
	D.W.& S. Division Ranchi West	SPRW	17.99	36000.00	5000	
	D.W.& S. Division Khunti	SPKH	8.12	16300.00	1250	

• निविदा के नियम एवं शर्ते आदि झारखण्ड सरकार के वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
• निविदा संबंधी आवश्यक जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(निरंजन कुमार)
अधीक्षण अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।

PR.NO.302110 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

शशि रंजन ने किया सामुदायिक पैक हाउस सह शॉर्टिंग ग्रेडिंग सेंटर का उद्घाटन

तोरपा की महिलाओं ने कम समय में बनायी अपनी अलग पहचान : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। डीसी शशि रंजन ने बुधवार को तोरपा प्रखंड के गुफू स्थित सामुदायिक पैक हाउस सह शॉर्टिंग ग्रेडिंग सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि तोरपा एफपीओ अच्छा काम कर रहा है। बहुत कम समय में क्षेत्र की महिला किसान अपने उत्कृष्ट कार्यों से नई पहचान बना रही हैं। जिला प्रशासन एवं प्रदान के सहयोग से पिछले वर्ष एफपीओ ने 1.5 करोड़ रुपये का कारोबार किया और आनेवाले वर्षों में यह आंकड़ा तीन करोड़ से अधिक का होगा। डीसी ने कहा कि शॉर्टिंग ग्रेडिंग केंद्र क्षेत्र के लिए बाजार व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा एवं आगामी समय में अन्य एफपीओ का मार्गदर्शन करेगा। उन्होंने महिलाओं के योगदान को भी सराहा और अधिक से अधिक किसानों को एफपीओ से जुड़कर लाभाविंत होने की बात कही। डीसी और डीडीसी ने गुफू ग्राम में प्रदान और जिला प्रशासन के सामूहिक सहयोग से चल रही विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण भी किया और ग्रामीणों से बातचीत की। डीसी ने कहा कि सतत विकास के उद्देश्यों को पूर्ण करने की दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने इन कार्यो को सफल बनाने के लिए प्रदान और सखी मंडल की दीदियों की सराहना की। भ्रमण के दौरान डीसी ने दियांकेल में विकसित की जा रही किसान पाठशाला और समेकित आजीविका कृषि प्रणाली का भी अवलोकन किया। उद्यान कृषि, फूलों की बागवानी, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, सहित अन्य योजनाओं का भी डीसी ने निरीक्षण किया।

सामुदायिक पैक हाउस का उद्घाटन करते डीसी शशि रंजन।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन से विद्यार्थियों का होता है मानसिक विकास : मिथिलेश सिंह

कोड़ाकेल उत्क्रमित हाई स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। मुरहू प्रखंड की कोडकेल पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य सह उच्च विद्यालय में बुधवार को बच्चों के बीच क्विज, संगीत, चित्रांकन प्रतियोगिता और दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन वार्ड पार्षद के सौजन्य से किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों के उत्साह और सीखने की ललक देखी गयी। बच्चों से विभिन्न विषयों के प्रश्न पूछे गये। बीडीओ मिथिलेश सिंह ने गणित से संबंधित प्रश्न पूछे, जिसका उत्तर बच्चों ने दिया। बीडीओ ने कहा ऐसे आयोजनों से बच्चों का मानसिक विकास होता है। ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर प्रत्येक स्कूल में होना चाहिए। वहीं, प्रखंड के उप प्रमुख अरूण कुमार साबू ने कहा कि बच्चों को ऐसे अवसर प्रति माह मिल, इसका हमें प्रयास करना होगा। बच्चों की सोचने-समझने की शक्ति के विकास के लिए स्कूल की ओर से अन्य जगहों के लिए भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान स्कूल मे संचालित मध्याह्न भोजन का निरीक्षण किया गया। बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुरहू के प्रभारी चिकित्सक से प्रति माह बच्चों की स्वास्थ्य जांच करने को कहा गया। इस मौके पर प्रमुख एलिस ओड़ेया, सब इंस्पेक्टर विकी ठाकुर, जिला परिषद सदस्य नेलानी देमता, एबीवीपी खूंटी जिला के खेल प्रमुख किशोर साहू, पूर्व नगर मंत्री, शुभम कुमार, रितेश कुमार जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य रोशनलाल गौंझू आदि मौजूद थे।

सर्पदंश से आदिवासी दंपती की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। कर्रा थानांतर्गत कुदलुम पंचायत के छोटा चलटांडू गांव में सर्पदंश से आदिवासी दंपती की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतकों की पहचान दुगा मिंज (45) और चारया मिंज (40) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार प्रतिदिन की भांति पति-पत्नी मंगलवार की रात अपने घर के अंदर जमीन पर बिस्तर लगाकर सो रहे थे। आधी रात के बाद नींद में सोए दंपती को जहरीले करैत सांप ने डंस लिया। सर्पदंश से दुगा मिंज की नींद खुल गई और उसने उक्त सांप को डंडे से मार दिया। इसके बाद घटना की जानकारी कुछ ग्रामीणों को दी। कुछ देर बाद दंपती की हालत जब खराब होने लगी, तो गांव के कुछ लोग उन्हें इलाज के लिए कर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां हालत गंभीर होने पर रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। वह उक्त अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में दोनों ने दम तोड़ दिया। गावं वाले चारया देवी को किसी वैद्य के पास ले जा रहे थे, पर रास्तें में ही उसने भी दम तोड़ दिया। इस घटना से गांव में मातम का माहौल है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों शवों का बुधवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया।

14 से चलेगा जन्म-मृत्यु निबंधन विशेष अभियान

प्रखंड मुख्यालय में हुआ कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। खलारी प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को जन्म मृत्यु निबंधन अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग ने की। मौके पर लेखराज नाग ने कहा कि 14 जुलाई से 14 अगस्त तक जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसी को लेकर इस अभियान से पूर्व एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उन्होंने इस अभियान के तहत सभी पंचायतों में शत प्रतिशत जन्म मृत्यु निबंधन किए जाने की बात कही। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि जन्म मृत्यु निबंधन कराकर इस अभियान का लाभ उठाए। कार्यशाला के दौरान जन्म मृत्यु निबंधन करने संबंधित कई आवश्यक जानकारी भी दी गयी। इस मौके पर परीक्षित महतो, पुष्पा मुंडा, मन्ना टाना भगत, हर्कुलस प्रसाद साहू, राजेंद्र नायक, महावीर महतो, मार्शल तिर्की, पुतुल देवी, सुनीता देवी, पुष्पा खलखो, मलका मुंडा, पारसनाथ उरांव, शिवनाथ मुंडा, शीला कुमारी, शिवरत मुंडा, सेवा उरांव, विपिन कुमार वर्मा, रंजीत कुमार कुंडू, स्वाति कुमारी, रिशु कुमारी, दीपमाला कुमारी, ललिता देवी, सूरज कुमार आदि उपस्थित थे।

मानदेय भुगतान व स्थायी नौकरी की मांग को लेकर ग्राम रक्षा दल के सदस्यों का प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

राहे। ग्राम रक्षा दल के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर राहे प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना दिया। अपने संबोधन में संगठन के प्रखंड सचिव राजेंद्र अहिर ने कहा कि कोरोना काल में ग्राम रक्षा दल के सभी सदस्यों ने जान जोखिम में डालकर अपनी सेवा दी है। लेकिन सरकार ने अभी तक मानदेय नहीं दिया है। सरकार को ग्राम रक्षा दल के सदस्यों मानदेय भुगतान और नौकरी की गारंटी देनी होगी। धरना के बाद बीडीओ को मांग पत्र भी सौंपा गया। इस मौके पर जोगेश्वर सिंह मुंडा, कमल स्वांसी, विशंभर उरांव, भीमसेन कमल, नवल किशोर अहिर, भवानी कुमारी, शीला देवी, संबद्ध मुंडा, अरुण प्रजापति, नरेश महतो आदि मौजूद थे।

दुकानें सिर्फ स्थानीय लोगों को ही दी जायेंगी : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। यूथ कांग्रेस के खूंटी जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरूण संगा और विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मो उस्मान खान के नेतृत्व में मुरहू प्रखंड के सायको गांव के ग्रामीणें ने डीडीसी नीतीश कुमार सिंह से मुलाकात की सायको में प्रशासन की ओर से बनाई जा रही दुकानों के संबंध में बातचीत की। अरूण संगा ने डीडीसी को बताया कि सायको में बनाई जा रही दुकानों से स्थानीय लोगों को कोई लाभ नहीं मिलेगा। कांग्रेस नेताओं ने सायको में बाजार के समीप यात्री पड़ाव और पार्किंग की व्यवस्था करने की भी मांग की। अरूण संगा ने कहा कि सायको में दुकानों के निर्माण का अनुचित तरीके से दिया गया है। इस पर डीडीसी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सायको बाजार के समीप बन रही दुकानें सिर्फ स्थानीय लोगों को ही दी जाएंगी और किराया भी न्यूनतम रखा जाएगा।

नामांकन से वंचित विद्यार्थियों ने जुलूस निकाल जताया आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

बुंडू। पांच परगना किसान महाविद्यालय छात्र संघ के तत्वधान में इंटर के विद्यार्थियों ने नामांकन नहीं होने के प्रतिवाद में आदिवासी छात्रावास से काली मंदिर चौक होते हुए अनुमंडल कार्यालय तक आक्रोश जुलूस निकाला। छात्र-छात्राएं सड़क पर उतर कर हाथों में तख्ता लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही वीसी और प्रिंसिपल की मनमानी के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। छात्र संघ के नेता सुरेंद्र लोहरा ने कहा कि क्षेत्र के गरीबों के बच्चे निजी कॉलेजों में कैसे नामांकन करा पाएंगे। जुलूस के बाद छात्र-छात्राओं ने अनुमंडल कार्यालय में कार्यपालक दंडाधिकारी संजय कुमार और अनुमंडल कार्यालय के बड़ा बाबू राम कुमार सेठ को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। कहा कि उनकी मांगे रांची डीसी के पास भेजा जाएगा, ताकि उचित कार्रवाई की जा सके।

गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा पूण्य : करण महतो

भाजपा नेता ने गरीब-जरूरतमंदों के बीच बांटा अंग वस्त्र

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत के सिदालु गांव में भाजपा नेता करण कुमार महतो की ओर से वृद्ध महिला, पुरुष और विधवाओं के बीच बुधवार को अंग वस्त्र का किया वितरण। करण महतो ने कहा कि गरीब और असहाय की मदद करना सबसे बड़ा पूण्य का काम है। उन्होंने गरीबों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही। साथ ही गरीब बच्चों के शिक्षा में हर संभव मदद का भरोसा दिया। बतातें चलें कि करण महतो पिपरवार क्षेत्र में संचालित आउटसोर्सिंग सैनिक कंपनी में एक मजदूर के पद पर कार्यरत हैं। इससे पूर्व कोरोना महामारी के समय लगे लॉकडाउन के दौरान अपने तीन साल का वेतन क्षेत्र के गरीब असहाय लोगों के बीच खाद्य सामाग्री में बांट दिया था। इस मौके पर धनराज भोगता, संजय कुमार भोगता, सोनू कुमार गुप्ता, शंकर कुमार महतो, बासदेव गझू, शंकर गझू, बुधन गझू, भुनेशर गंझ, उमेश गंझू, सविता देबी और सोनी कुमारी आदि उपस्थित थे।

झारखंडी खतियानी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राहे में फूंका सरकार का पुतला

राहे (आाजद सिपाही)। झारखंडी खतियानी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राहे में बुधवार की देर शाम झारखंड सरकार का पुतला दहन किया। कार्यकर्ता पूर्व विधायक सह पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष अमित महतो के जेल भेजे जाने का विरोध कर रहे थे। इसके पूर्व कार्यकर्ताओ ने भगत सिंह चौक से सुभाष चौक तक विरोध जुलूस निकाला। इस मौके पर जिप सदस्य बादल महतो, रोहित महतो, महेंद्र प्रसाद, पशुपति अहीर, सुरेश महतो, राजू महतो, गोपेश्वर महतो और सर्वेश्वर महतो आदि थे।

स्कूल के मैदान पर हाइवा मालिकों का कब्जा, खेल से वंचित विद्यार्थी

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। जिले के प्रतिष्ठित विद्यालयों में शुमार तोरपा के श्रीहरि प्लस टू स्कूल का खेल मैदान इन दिनों हाइवा मालिकों के कब्जे में है। हर समय मैदान में कई हाइवा ट्रक खड़े रहते हैं। स्कूल की प्राचार्या किरण हेरेंज ने कई बार हाइवा मलिकों और चालकों से स्कूल मैदान में वाहन खड़ा नहीं करने को कहा, लेकिन किसी ने उनकी बातों को नहीं सुना और आज भी मैदान में खेल नहीं होते, बल्कि मैदान हाइवा का निःशुल्क स्टैंड बन गया है। हर समय हाइवा ट्रक के आने-जाने से पूरा मैदान गड्ढे में तब्दील हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन हाइवा का उपयोग बालू के परिवाहन में किया जाता है। दिन भर मैदान में वाहनों के खड़ा रहने से छात्र-छात्राएं मैदान में खेल नहीं पाते। कुछ लोग दबी जुबान से स्वीकार करते हैं कि अधिकतर हाइवा मालिक दबंग प्रवृत्ति के हैं, इस कारण लोग मुंह खोलने से कतराते हैं। प्राचार्या किरण हेरेंज ने बताया कि इस संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी सूचना दी गई, पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

कांग्रेस का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

कांग्रेस ही देश को संवार सकती है : राजेश कच्छप

आजाद सिपाही संवाददाता

राहे। प्रखंड के प्रजापति मैरेज हॉल में बुधवार को कांग्रेस का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप भी शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी हर प्रखंड में कार्यकर्ता सम्मेलन कर रही है। इसके माध्यम से देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और अराजकता को रोक पाने में विफल केंद्र की सत्ताधारी भाजपा को जन विरोधी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया है। वहीं, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुनील सहाय ने कार्यकर्ताओं को जन-जन के बीच जाकर भाजपा सरकार के जन विरोधघी नीति और विफलता से अवगत कराने को कहा। जबकि ग्रामीण जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन के स्वरूप को बनाये, सफलता जरूर मिलेगी। इस मौके पर ग्राम, पंचायत और प्रखंड कमेटी की समीक्षा भी की गयी। कार्यक्रम का संचालन जगदीशचंद्र महतो ने किया। इस मौके पर मेरी तिर्की, राजकिशोर मुंडा, कृष्ण कुमार चटर्जी, गदाधर महतो, अक्षय महतो, बैजनाथ प्रमाणिक, कासिम अंसारी, कृष्णा यादव और देवेंद्र महतो आदि मौजूद थे।

कांग्रेस के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित विधायक राजेश कच्छप व पार्टी कार्यकर्ता।

विधायक प्रतिनिधि के पिता के ब्रह्मभोज में शामिल हुईं विधायक अंबा प्रसाद

पिपरवार (आजाद सिपाही)। बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद के प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता के पिता स्व. रामकुमार गुप्ता के ब्रह्मभोज में शामिल हुई। विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता के पैतृक निवास बुंडू पहुंच कर विधायक अंबा प्रसाद ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। विधायक प्रतिनिधि के पिता के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित आसपास के काफी ग्रामीण मौजूद थे। बतातें चलें कि 30 जून की सुबह रांची के एक अस्पताल मे विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता के पिता रामकुमार गुप्ता का निधन हो गया था।

भाजपाइयों ने किया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन

तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत सलगाडीह कस्तूरबा बालिका विद्यालय में भाजपाईयों ने बुधवार को 63 केवी के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, जिप सदस्य दिलीप सेठ, वरिष्ठ कार्यकर्ता संतोष साहु और दिवाकर कुमार के संयुक्त रुप से फीता काटकर नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया।

जैलैंद्र कुमार ने दिल्ली में बाबूलाल मरांडी से मिलकर शुभकामनाएं दी

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेन्द्र कुमार ने बुधवार को दिल्ली में भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात की। उन्होंने बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें बधाई दी। जैलेन्द्र कुमार ने प्रदेश अध्यक्ष से संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए मार्गदर्शन मांगा। उन्होंने आगामी चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने के लिए कहा। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, संजय पटेल आदि उपस्थित थे।

शिक्षकों का वार्षिक वेतन वृद्धि एवं मूल सेवा पुस्तिका का किया गया सत्यापन

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की मांग पर जिला शिक्षा अधीक्षक रांची द्वारा प्रखंडवार कैम्प लगाया गया। बुधवार को बीआरसी स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकला ओरमांझी के प्रांगण में वार्षिक वेतन वृद्धि एवं मूल सेवा पुस्तिका में सत्यापन हेतु कैम्प लगाकर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक की देखरेख में प्रखंड के लगभग 120 शिक्षकों का वार्षिक वेतन वृद्धि एवं मूल सेवा पुस्तिका में सत्यापन का कार्य बीईईओ ओरमांझी सीमा कुमारी के द्वारा किया गया। कैम्प को सफल बनाने में शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, वरीय शिक्षक अरविंद कुमार, सहदेव कुमार, पवन प्रकाश, अब्दुल रहमान अंसारी, संतोष कुमार तिवारी, सतीश कुमार महतो, अनिरुद्ध श्रीवास्तव, जनार्दन महतो सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर मध्य विद्यालय चकला टैग प्रभारी कुमारी किरण माला, रेखा साहू, अवधेश प्रसाद, मो. जमाल अंसारी, आनन्द मुंडा, राजेश्वर महतो, सविता पन्ना, रामेश्वर महतो, शांतनु मिश्रा सहित प्रखंड के कई शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।

लाह खेती करने वाला किसान पेड़ से गिरा, इलाज के दौरान मौत

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। नवागढ़ पंचायत के ओबर हड़राबेड़ा निवासी लाह खेती करने वाला किसान जगरण बेदिया, पिता स्व. मोगा बेदिया (55) कुसुम पेड़ में लाह काटने के दौरान पेड़ से गिर गया, जिससे गंभीर चोटें आई थीं। उसे घायलावस्था में बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची में एडमीट किया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना मंगलवार 3:00 बजे आसपास की है। उनके आकस्मिक निधन से जिला परिषद अनगड़ा पूर्वी राजेन्द्र शाही मुण्डा, मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, पंसस फाल्गुनी शाही, वार्ड सदस्य एतवा बेदिया, करमदेव बेदिया आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया व परिवार जनों को ढांढस बंधाया।

रांची पूर्वी वन क्षेत्र महिलोंग ने बांस गेवियन पौधरोपण कार्य का किया शुभारंभ

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। नवागढ़ पंचायत के नवागढ़ मड़ई टोली मोड़ से ओबर हड़राबेड़ा तक निर्धारित रोड साईड बांस गेवियन पौधा रोपाई कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पूर्वी राजेन्द्र शाही मुण्डा, मुखिया नवागढ़ भुवनेश्वर बेदिया एवं पंसस नवागढ़ फाल्गुनी शाही ने संयुक्त रूप से किया। पौधारोपण कार्यक्रम रांची पूर्वी वन क्षेत्र महिलोंग के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित पंसस फाल्गनी शाही ने पूर्वी वन क्षेत्र महिलोंग के कार्यों की सरहना करते हुए कहा कि ये कार्य बहुत ही अच्छा हो रहा है। इससे रोड की खूबसूरती के साथ-साथ पथिकों को भी भविष्य में छाया मिलेगी। विभाग के वनरक्षी कृष्णा महतो ने जानकारी दी कि इस वर्ष अनगड़ा प्रखण्ड में नवागढ़ से ओबर हड़राबेड़ा तक 1000 पौधा, बीसा से बूढ़ाकोचा तक 1000 पौधा, रेचत चमघटी से खेरवाकोचा तक 1000 पौधा, रोड साइड बांस गेवियन पौधा रोपाई कार्यक्रम के अन्तर्गत लगाना है। पौधों को कोई नुकसान न हो इसके लिए पूरी तरह से घेराबंदी भी की जा रही है। मौके पर वार्ड सदस्य विजय बेदिया, सोसो ग्राम प्रधान राजेन्द्र शाही, कुच्चू ग्रामप्रधान जयशंकर मुण्डा, संजय बेदिया, दीपू हजाम, अजय उरांव, सोमरा बेदिया आदि उपस्थित थे।

इंडियन पोस्ट बैंक ने शिविर आयोजित कर पीएम किसान के लाभुकों का खाता खोला

इटकी (आजाद सिपाही)। गड़गांव व कुल्ली पंचायत भवन में बुधवार को इंडियन पोस्ट बैंक द्वारा शिविर आयोजित कर पीएम किसान के लाभुकों का खाता खोला गया। गड़गांव में 46 व कुल्ली में 35 खाते खोले गये। कई लाभुकों के खाते का आधार सीडिंग किया गया। शिविर के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सुमन बारला, इंडियन पोस्ट बैंक के राजेंद्र सिंह, भऊला उरांव, शंकर सिंह, रजनी उरांव, सुखदेव उरांव, चारो उरांव व कृषक मित्र अशोक कुमार गुप्ता सहित अन्य शामिल थे।

सीआइटी में विद्यार्थियों के लिए पर्सनाल्टी डेवलपमेंट विषय पर कार्यशाला आयोजित

नामकुम (आजाद सिपाही)। सीआईटी के इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष एवं एमबीए के विद्यार्थियों के लिये पर्सनाल्टी डेवलपमेंट विषय पर बुधवार को संस्थान के टीएनपी विभाग के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन रांची के स्मार्ट फाउंडेशन के आशीष कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास के लिये आवश्यक टिप्स साझा किये। साथ ही जॉब के लिये इंटरव्यू की तैयारी करें आदि विषयों की जानकारी दी। मौके पर टीएनपी प्रो. इंचार्ज डॉ केपी दत्ता के अलावे सभी विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद थे।

बैठक : ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने किया विशेष ग्रामसभा का आयोजन

आजादी के कई दशक बाद भी रस्साबेड़ा गांव बुनियादी सुविधाओं से है वंचित

ग्रामीणों ने प्रशासन से हाथियों के आतंक से निजात दिलाने व बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। राजधानी रांची से तकरीबन 40 किमी दूर प्रखंड के कुच्चू पंचायत अंतर्गत सुदूर कमता रस्साबेड़ा गांव के लोग आजादी के कई दशक गुजर जाने के बाद भी मुलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं। वहीं जंगली हाथियों के आतंक से त्राहिमाम कर रहे हैं। इस गांव में बिजली, सड़क, पानी, चिकित्सा, रोजगार आदि बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। आदिवासी बहुल इस गांव में लगभग 30 परिवार निवास करते हैं। बुधवार को ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से एक विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामप्रधान दुलाल बेदिया की अध्यक्षता में रस्साबेड़ा झाड़ी पीपर में आयोजित इस ग्रामसभा में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता बेलस तिर्की, मुन्ना मुण्डा, मुमताज खान एवं बरतु मुण्डा विशेष रूप से उपस्थित हुए।

ग्रामसभा में ग्रामीणों ने बिजली, पानी, चिकित्सा, रोजगार आदि बुनियादी समस्याओं को सामने रखा। साथ ही जंगली हाथियों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सरकारी विकास योजनाएं नहीं पहुंच पाई हैं। आज भी यहां के लोग आदिम युग में जीने को विवश हैं। पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से आज भी यहां के लोग चुआं और डाड़ी का प्रदूषित जल पीने को मजबूर हैं। जंगलों और पहाड़ों से घिरे इस रस्साबेड़ा गांव में हमेशा जंगली हाथियों का उत्पात चरम पर रहता है। यहां के ग्रामीण जंगली हाथियों के डर से शाम होते ही घरों में कैद हो जाते हैं। हाथियों द्वारा यहां काफी जान-माल की क्षति पहुंचाई गई है। कुछ दिन पूर्व जंगली हाथियों ने करम सिंह बेदिया को कुचल कर मार डाला। इससे पहले भी कई ग्रामीणों को हाथियों ने अपनी चपेट में लिया है। ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित कर हाथी द्वारा मारे गये करमसिंह बेदिया के आश्रित को उचित मुआवजा देने, गांव में पथ निर्माण कराने, पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने, बिजली आपूर्ति व्यवस्था शुरू करने, हाथियों से सुरक्षा के लिए सभी टोला में टॉर्च और विस्फोटक सामग्री आपूर्ति करने, हाथियों को यहां से भगाने आदि मांग की गई। ग्रामसभा में सालीखराम बेदिया, सोहरईया बेदिया, बुदगी देवी, उर्मिला देवी, सावना बेदिया, बसंती देवी, अमर बेदिया डोहरी देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

बाल विवाह के प्रति हमें सजग होना जरूरी : तनुश्री सरकार

बाल विवाह जागरूकता को लेकर प्रखंड कार्यालय सभागार में कार्यशाला आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

ओरमांझी। सिन्दुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय के द्वारा बाल विवाह जागरूकता को लेकर प्रखंड कार्यालय सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष तनुश्री सरकार ने कहा कि आज के परिवेश में बेटियां कभी भी कहीं भी सहज नहीं हैं। हमसबों को आज की भयावह स्थिति से बचने के लिए जागरूक होना जरूरी है। सबसे पहले बाल विवाह के प्रति हमें सजग होना जरूरी है। लड़कियों की शादी 18 वर्ष और लड़के की शादी 21 वर्ष से पहले न हो, ये हमसबों का नैतिक व सामाजिक कर्तव्य है। प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सोनी ने कहा कि दबाव में अगर कोई भी व्यक्ति बाल विवाह बच्चों का करा रहा है तो इसकी जानकारी मुझे अविलंब दें। उप प्रमुख रिजवान अंसारी ने कहा कि जागरूकता बचाव का पहला पड़ाव है। जिप पूर्वी सरिता देवी ने कहा कि बाल विवाह एक अभिशाप है। इसे जड़ से खत्म करने की जरूरत है। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाऊंडेशन नई दिल्ली के सहयोग से ग्रामोदय विकास विद्यालय ने प्रखंड के 10 पंचायत के 57 गांवों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है। जागरुकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष तनुश्री सरकार, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, जिप पूर्वी सदस्य सरिता देवी, मुखिया दीपक बड़ाइक, मुखिया सुनिल उरांव, पूर्व मुखिया समुंदर पाहन, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एनीमा नीलम भेंगरा, सचिव राजन कुमार, अरविंद कुमार, विवेक कुमार, रितेश कुमार, भास्कर महतो, मुन्नी देवी, सुषमा कुमारी, मंजू कुमारी शामिल थे।

बेड़ो में सीमांकन की प्रक्रिया शुरू

प्रखंड मुख्यालय में नालियों से अतिक्रमण हटाने के लिए सड़क की मापी की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को अतिक्रमण और जलजमाव की समस्या को लेकर अंचल प्रशासन के द्वारा मापी की प्रक्रिया शुरू की गई। अंचल निरीक्षक भीखम कुमार के नेतृत्व में अमीन तुलसी दास,फिरोज खान, बोनिखास कच्छप व अनूप कच्छप ने तेतरटोली से होते हुए देवी मंडप चौक वाले सड़क पर मापी किया। वहीं सड़क मापी के दौरान अतिक्रमण किए जगहों पर सड़क की जमीन को चिन्हित करके निशान लगाया गया। इधर अंचल निरीक्षक ने बताया कि मापी के पश्चात नजरी-नक्शा बनाते हुए अतिक्रमण की गई जमीन का जिक्र किया जाएगा। अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी किया जाएगा। ज्ञात हो कि दुकानदारों व लोगों को जल निकासी को लेकर काफी परेशानी हो रही थी।आए दिन सड़कों पर जलभराव से सड़क बदहाल हो गई थी। इस समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए प्रखंड प्रशासन के द्वारा मापी कर नाली निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। वहीं नाली के बन जाने के बाद लोगों को जल निकासी की समस्या से मुक्ति मिलेगी। साथ ही बेड़ोवासियों के घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर नहीं बहेगा। जिससे बारिश के दिनों सहित अन्य मौसम में भी स्थानीय निवासियों को काफी सुविधा होगी। मौके परसमाज सेवी विश्वनाथ गोप बेड़ो थाना पुलिस के एएसआई अक्षय सिंह सशस्त्र बलों के साथ मौजूद थे।

बेड़ो के सभी पंचायतों में आज होगा सिदो कान्हू युवा खेल क्लब गठन

बेड़ो (आजाद सिपाही)। जिला खेल पदाधिकारी के निर्देश पर ग्रामीण स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से एवं ग्रामीण युवाओं को सामाजिक सांस्कृतिक, साहित्य, कला खेल कौशल विभाग एवं अन्य लोक कल्याणकारी गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर युवा क्लब का गठन किया जाएगा। वहीं बीडीओ डा प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रखंड के सभी ग्राम पंचायत में युवा क्लब के गठन हेतु 13 जुलाई को अपने पंचायत के गांवों में आम सभा करके सिदो कान्हू युवा खेल क्लब गठन करना सुनिश्चित करेंगे। बीडीओ ने कहा कि प्रखंड के सभी 84 गांवों में सिद्धू कान्हू खेल युवा क्लब के गठन हेतु सभी गांव में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा।

प्रतिभा सम्मान : बाल गोविंद उच्च विद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

विद्यार्थी अनुशासन में रहकर पढ़ायी करें : रामटहल चौधरी

बच्चों का भविष्य शिक्षकों के हाथ में है : निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। नामकुम पुरुलिया रोड स्थित बाल गोविंद उच्च विद्यालय तेतरी टोली नामकुम के सभागार में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मैट्रिक की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल-शील्ड और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रांची लोकसभा के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि ब्रांच मैनेजर पीएनबी नामकुम जयंत कुजूर, स्टडी कम्युनिटी बार काउंसिल रांची परशुराम प्रसाद, हाईकोर्ट अधिवक्ता रेनू तिर्की एवं भाजपा नेता पिंटू सिंह उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत छात्राओं ने स्वागत गान पर नृत्य कर किया।

छात्राओं को सम्मानित करते हुये रामटहल चौधरी ने कहा कि विद्यार्थी अनुशासन में रहकर पढ़ाई करें। अनुशासन से पढ़ाई करके ही मंजिल हासिल की जा सकती है। इसके लिये समय-समय पर अपने आप को साबित करने का प्रयास करें। स्कूल के निदेशक प्रभुनाथ प्रसाद ने कहा कि बच्चों का भविष्य शिक्षकों के हाथ में है। माता-पिता, शिक्षक-शिक्षिका प्रबुद्ध नागरिक गुरु के आशीर्वाद से बच्चे अथक प्रयास से अच्छा परिणाम लाते हैं। प्राचार्य सत्य प्रकाश ने कहा कि हमारे विद्यालय के विद्यार्थी सदैव मैट्रिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में भी सराहनीय कार्य करते हुये उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं।

मौके पर शिक्षक प्रियंका महतो, अभिषेक कुमार, सीमा टोप्पो, अन्नू सिंह, अंजनी कुमारी, अशोक मेहता, मनीष कुमार, विजय मिश्रा के अलावे अभिभावकगण मौजूद थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्रदेश संयोजक ने नवनियुक्त क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक का किया भव्य स्वागत

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में बुधवार को आयोजित एक समारोह में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की नवनियुक्त क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक आरजेडीइ श्रीमती अलका जायसवाल का भव्य स्वागत किया गया। महासंघ के प्रदेश संयोजक समीर चौधरी के नेतृत्व में आयोजित स्वागत समारोह में उन्हें बुके देकर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर कहा गया कि नए आरजेडीई के आने से शिक्षकों में उत्साह का माहौल है। अपने बीच एक कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार अधिकारी को पाकर क्षेत्र के शिक्षक काफी उत्साहित हैं। समारोह में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ झारखण्ड प्रदेश के संयोजक समीर चौधरी, सहसंयोजक डॉ रितेश कुमार महतो, रांची जिला संयोजक डॉ रंजीत सिंह, सचिव दुलालचंद्र महतो, डॉ रमन झा, डॉ मजरूल हक, भगीरथ आर्या, पंकज कुमार मेहता, राकेश कुमार यादव, संगीता कुमारी, चंचला कुमारी, प्रीति पाण्डेय, शिव महतो, संजय प्रमाणिक, शिवेन्दु जायसवाल, शिखा किस्पोटा, अबरार अहमद, डॉ प्रियंका सहित अन्य मौजूद थे।

आरटीसी पब्लिक स्कूल, अनगड़ा में विद्यार्थी परिषद का किया गया गठन

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में बुधवार को एक समारोह आयोजित कर विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। इस दौरान विद्यालय के चारो सदन सतलुज, गंगा, यमुना एवं गोदावरी के सभी विद्यार्थियों एवं चुने हुए प्रतिनिधियों ने विद्यालय स्तर पर विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों का चुनाव किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्रनाथ महतो ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के गठन का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। इस अवसर पर विद्यालय का हेड बॉय उदय कुमार राज एवं हेड गर्ल महिमा कपूर को चुना गया। इस तरह से चारो सदनों में हाउस कैप्टन और वाइस कैप्टन का भी चुनाव किया गया। सतलुज हाउस में सातन कुमार महतो, नुपूर कुमारी, गंगा हाउस में मेधाश्री, किशोर कुमार महतो, यमुना हाउस में आशीष कुमार, प्रीति कुमारी एवं गोदावरी हाउस के लिए राजीव मुण्डा, मानसी कुमारी का चुनाव किया गया। गठन के पश्चात शिक्षक सुमंत कुमार ने नव चयनित सभी पदाधिकारियों को पद एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिका मौजूद थे।

अनगड़ा प्रखंड मुख्यालय में 14 को हल्ला बोल कार्यक्रम को लेकर आजसू ने की बैठक

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। हल्ला बोल कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बुधवार को डाक बंगला अनगड़ा में आजसू पार्टी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 14 जुलाई को प्रखंड मुख्यालय में आयोजित हल्ला बोल कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित किए जाने पर बल दिया गया। कहा गया कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जनता अधिकारियों की लालफीताशाही और भ्रष्ट क्रियाकलाप से तंग आ चुकी है। प्रखंड और अंचल कार्यालय में बगैर रिश्वत के जनता का कोई काम नहीं होता है। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर 14 जुलाई को प्रखंड मुख्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से अधिकारियों को घेरा जाएगा। बैठक में केन्द्रीय सचिव राजेन्द्र शाही मुण्डा, पारसनाथ उरांव, विरेन्द्र सिंह भोगता, जलनाथ चौधरी, विक्रम ठाकुर, अर्जुन राम, आसाराम महतो, अनिता देवी, सोनी देवी, जगदीश महतो, बिरसा हजाम, मदरा मुण्डा, गोर्वधन महतो, प्रेम साहू, दिलेश्वर बेदिया, संगीता देवी, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

सांसद संजय सेठ की मदद से सामुदायिक भवन एवं विद्यालय में एक कमरे का निर्माण कार्य शुरू

कांके (आजाद सिपाही)। कांके प्रखंड अंतर्गत सूतिआंबे पिठौरिया चौक के पास सांसद संजय सेठ की मदद से सामुदायिक भवन एवं चेड़ी कांके प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में एक कमरे का निर्माण कार्य शुरू हुआ। बुधवार को सांसद संजय सेठ ने इसका शिलान्यास किया। श्री सेठ ने कहा कि सभी क्षेत्रों का विकास हमारी प्राथमिकता है और प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जाएगा। साथ ही 12 बूथों पर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों के बीच प्रधानमंत्री के नौ साल के कार्यों को बताया गया। इस अवसर पर कांके के विधायक समरीलाल, मंडल के अध्यक्ष गोपाल महतो, राम लखन मुंडा, अनिल टाइगर, नसीब लाल महतो, मनोज राम, सुरेश राम सहित कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने श्रमदान से बनायी सड़क

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जरिया नहर टोली गांव में गांव जाने वाली कच्ची रास्ता को ग्रामीणों ने श्रमदान से मरम्मत किया। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क बहुत खराब हो गया था। जिससे ग्रामीणों को आने जाने में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अंततः ग्रामीणों ने उक्त सड़क की मरम्मत करने का बीड़ा उठाया। साथ ही ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क को चलने लायक बनाया। ग्रामीणों ने सड़क पर बने गड्ढों में मिट्टी व मोरम भरकर इसे आने-जाने लायक बनाया। इस सड़क के उबड़ खाबड़ रहने व गड्ढा होने से लोगों को अत्यधिक परेशानी होती थी। वहीं श्रमदान के दौरान पंडित, राहुल खाखा,सुमित तिर्की, बुदु खाखा आदि ग्रामीणों ने सराहनीय योगदान दिया।

पीडीएस डीलर की गोली मारकर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

छतरपुर/पलामू। छतरपुर थाना अंतर्गत भिखही पलवा के शाही गांव में हुए पीडीएस डीलर बंगाली उरांव हत्याकांड में मृतक के बेटे संजीत उराव ने थाने में नामदर्ज प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें उसने अपने फूफा पूर्व मुखिया अवधेश सिंह सहित आधा दर्जन लोगों को आरोपी बनाया है। गौरतलब हो कि हथियारबंद अपराधियों ने मंगलवार की रात पीडीएस डीलक के घर पर हमला कर उन्हें तीन गोलियां मारी थी। इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में उनकी मौत हो गयी थी। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया है कि मामले का अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। मृतक के परिजनों का कहना है कि बंगाली उरांव हत्याकांड का वीडियो भी उनके पास है जिसमें हथियारबंद अपराधी गोली मारते देखे जा रहे हैं। पड़ोसियों ने वह वीडियो बनाया है, जिसकी शिनाख्त की जा रही है। वहीं परिजन बता रहे कि कुछ दिन पूर्व मृतक बंगाली उरांव का अपने बहनोई पूर्व मुखिया अवधेश सिंह के साथ झगड़ा हुआ था। जिसकी पंचायत भी गांव में बैठी थी। उसके बाद बंगाली उरांव, उनकी पत्नी और बेटों पर उन्होंने छतरपुर आने के दौरान जानलेवा हमला भी किया था। जिसकी दोनों ओर से थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। बेटे संजीत ने तब गांव में जाने के बाद किसी अनहोनी की आशंका भी जताई थी।

फंदे से झूलता मिला युवक का शव

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर नप मुख्यालय के वर मोहल्ला में 40 वर्षीय एक युवक का शव फंदे से झूलता बरामद किया गया है। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है। उसकी पहचान वृक्ष दास के रूप में हुई है। उसका शव घर में ही फंदे से झूलता देखकर परिजनों ने इसकी सूचना विश्रामपुर पुलिस को दी। उधर, खबर पाते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर पीएमसीएच भेज दिया है। थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

पांकी विधायक ने किया अनाबद्ध निधि से बनने वाले दो सड़कों का शिलान्यास

पांकी विधानसभा क्षेत्र का विकास मेरी प्राथमिकता में: डॉ शशिभूषण

आजाद सिपाही संवाददाता

पांकी/पलामू। पांकी मुख्यालय में जरही चौक से प्रखंड कार्यालय तक और मंझौली में लोचन साव के घर तक जिला योजना अनाबद्ध निधि से पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पूजा पाठ के साथ किया। बुधवार को विधायक के पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

पांकी में पीसीसी लड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक व अन्य।

वहीं, विधायक ने कहा कि क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है। हर गांव मुख्य सड़क से जुड़ सके इसके लिए मैं हमेशा संघर्षशील हूं। क्षेत्र के विकास के लिए जनता कहे या ना कहे यह मेरी जबाबदेही में शामिल है। यह दोनों सड़क निर्माण यहां के लोगों की वर्षो से मांग थी जो आज पूरा हुआ। सड़क के पीसीसी निर्माण से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल देखा गया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, निजी सचिव प्रो.बचन ठाकुर, थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद, डंडार मुखिया प्रदुमन सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, पकरिया मुखिया पति मिंटी वर्मा, रंजय ठाकुर, रूपेश प्रसाद, उमेश प्रसाद, अखिलेश प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, सुनील प्रसाद गुप्ता, रोशन सिंह, शिव प्रसाद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि सत्यप्रकाश पांडेय उर्फ चुनमुन पांडेय, पप्पू यादव, नरेंद्र सिंह, राजेश प्रसाद गुप्ता उर्फ गुड्डू आदि उपस्थित थे।

वन विभाग की जमीन जोत रहा ट्रैक्टर जब्त, छह पर नामजद प्राथमिकी

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। घासीदाग पंचायत के कौड़िया गांव में दबंगों द्वारा वन विभाग की जमीन पर कब्जा कर उसपर खेती किए जाने की सूचना पाकर वन विभाग के पदाधिकी पुलिस बल के साथ पहुंचे और खेत जोत रहे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। वनरक्षी गौरव कुमार व अभिषेक पांडेय ने बताया कि पांडू थाना क्षेत्र के मुशीखाप गांव निवासी लुकमान अंसारी, शहीन अंसारी, अयूब अंसारी, निजाम अंसारी, रवायत अंसारी व कयामुद्दीन अंसारी पर वन भूमि की जबरन कब्जा करने का मामला दर्ज किया गया है।

किसानों की समस्या को लेकर विधायक गंभीर मुल्की पइन का भी किया जा रहा है जीर्णोद्धार

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। बुधुआ माइनर के टूट जाने से दर्जनों गांव के किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंचने की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधायक कोटा की राशि से मंगलवार को टूटे भाग की मरम्मत करा दिया। अब किसानों के खेतों तक पानी पहुंचने लगा है। संबंधित गांव के किसानों ने विधायक के प्रति आभार जताया है। पोलडीह क्षेत्र के किसानों ने भी विधायक को बताया कि सावन का महीना

चल रहा है। पर्याप्त वर्षा नहीं होने से सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अगर सिंचाई की व्यवस्था नहीं की गई तो किसानों के समक्ष बड़ी समस्या उत्पन्न हो जायेगी। किसानों की मांग पर तत्काल अमल करते हुए आठ गांव के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर विलुप्त हो चुकी मुल्की पइन का जीर्णोद्धार कार्य शुरू कराया गया है। किसानों ने विधायक कार्यालय में मंगलवार को आवेदन दिया था। विधायक को सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए बुधवार से जीर्णोद्धार कार्य शुरू करा दिया है। इससे नीमहत, हादना, गांवखाप, बेनी कला, तिवारी बिगहा, सिढा, सदाजल, टेंटा, बेनी खुर्द आदि गांव के किसानों को सुखाड़ से राहत मिलेगी। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि सुखाड़ को लेकर वह गंभीर हैं। किसानों से संबंधित समस्याओं का त्वरित निदान किया जायेगा।

कौशल नगर में आज निःशुल्क पौधा वितरण कर मनेगा 73 वां वन महोत्सव

पाटन विधायक, पूर्व सांसद व डीएफओ पौधा वितरण कर करेंगे शिविर व वन महोत्सव का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। विश्वव्यापी पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल की ओर से चलाए गए निःशुल्क पौधा वितरण व रोपन के 57 वां वर्ष एवं पर्यावरण धर्म व वृक्षों पर रक्षाबंधन के 47 वां वर्ष पूरा होने पर इस वर्ष भी पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत डाली बाजार पंचायत के कौशल नगर में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में इमारती, फलदार व औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। वहां की मुखिया पूनम जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित पौधा वितरण व रोपण कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद व भाजपा नेता

कार्यक्रम की जानकारी देते पर्यावरणविद्, मुखिया, जिप सदस्य व अन्य।

मनोज कुमार, पाटन- छतरपुर की विधायक पुष्पा देवी एवं मेदिनीनगर के डीएफओ सौमित्र शुक्ला करेंगे। कार्यक्रम की जानकारी पमोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क व जैविक उद्यान के अध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल, छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने दी है। उन्होंने यह भी बताया कि छतरपुर प्रखंड के वीडियो अशोक कुमार और अंचल पदाधिकारी मंसूरी जी वन क्षेत्र अधिकारी शंकर पासवान एवं संजीव कुमार चौधरी भी रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारियां कर ली गयी है। उन्होंने क्षेत्र के सम्मानित लोगों से उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर अभियान को सफल बनाने की अपील की है। ताकि तय कार्यक्रम के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके। इस अवसर पर पर्यावरण धर्मगुरु कौशल किशोर जायसवाल व ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल भी मौजूद थे।

आजसू का पलामू प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन 23 को, शामिल होंगे पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की एक बैठक बुधवार को हुई, जिसमें 23 जुलाई को पलामू प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मलेन एवं अगस्त के प्रथम हफ्ते में संभावित प्रदेश महाधिवेशन कार्यक्रम के आयोजन को लेकर चर्चा कर रूप रेखा तय की गयी। प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मलेन में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो भी उपस्थित होंगे। छात्र नेता अभिषेक राज ने बताया कि केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो का पलामू आगमन हमारे लिए सौभाग्य की बात है। आज पलामू प्रमंडलीय सभी आजसू छात्र नेताओं के साथ तीनों जिले के जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक की गयी। जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने एवं सुदेश महतो का भव्य स्वागत करने को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही पदाधिकारियों को उचित

निर्देश भी दिया गया। सुदेश महतो के पलामू प्रवास के दौरान सभी प्रखंड के आजसू छात्र संघ के कार्यकर्ता अपने-अपने प्रखंड में उनका भव्य स्वागत करेंगे। मुझे विश्वविद्यालय की कमान दी गयी है और विश्वविद्यालय में पूरे प्रमंडल के छात्र जुड़े हुए है। इसलिए मेरी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। पलामू जिला अध्यक्ष राहुल कुमार मिश्रा ने कहा कि पलामू जिले के अधिक से अधिक युवाओं को शामिल करना ही हमारा लक्ष्य है। गढ़वा जिला अध्यक्ष कुंदन चंद्रवंशी ने कहा कि सुदेश महतो के आने से हम युवाओं में ऊर्जा बढ़ेगी। गढ़वा से अधिक छात्र,नौजवान कार्यक्रम मे सिरकत करेंगे।

शिक्षक बने डीसी, बच्चों को पढ़ाया

सूआ के मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दी जा रही अरली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन पाठ्यक्रम का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे व डीडीसी रवि आनंद ने बुधवार को सदर प्रखंड के सुआ पंचायत अंतर्गत लहसुनिया मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में तितली प्रोजेक्ट के तहत चल रहे अरली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन पाठ्यक्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने केंद्र में बच्चों को डिजिटल लर्निंग के तहत क्या और कैसे पढ़ाया जा रहा है की जानकारी ली। इस पर सेविका ने बताया कि टैब में सभी बच्चों का रजिस्ट्रेशन करा दिया गया है एवं सभी को किताब से पढ़ाने के बाद एक-एक कर लॉगिन कर उनको प्रैक्टिकली भी पढ़ाया जाता है। समय-समय पर बच्चों का मूल्यांकन भी किया

जाता है। इस पर डीसी ने सेविका को हर हाल में अरली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन पाठ्यक्रम के अनुरूप समानांतर रूप से टैब के जरिये पढ़ाने पर भी बल दिया। इसके बाद डीसी ने बच्चों संग संवाद भी किया। बतातें चलें कि 17 मई को पलामू पहुंची जोबा मांझी ने मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों में इसीसीई पाठ्यक्रम के अनुसार डिजिटल लर्निंग के माध्यम से अनौपचारिक शिक्षा का उद्घाटन किया था। जिले के कुल 2595 आंगनवाड़ी केंद्रों में ईसीसीई पाठ्यक्रम के अनुसार बच्चों को पढ़ाया जा रहा है जिसमें 165 मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों टैब के माध्यम से बच्चों को डिजिटल लर्निंग भी कराया जा रहा है। डीसी की सकारात्मक पहल से जिले में ईसीसीई पाठ्यक्रम के अनुरूप बच्चों को डिजिटल शिक्षा देकर सशक्त बनाया जा रहा है। मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी व स्थानीय सेविका व सहायिका उपस्थित रहीं।

बाबा धाम के लिए बाइक से रवाना हुआ कांवरियों का पहला जत्था

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित पंचमुखी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद 20 कावरियों का जत्था बाइक से बाबा नगरी देवघर के लिये रवाना हुआ। विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने बाबाधाम जा रहे श्रद्धालुओं को भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। कहा कि सावन के पवित्र महीने में बाबा भोले की पूजा-अर्चना से हर मनोकामना पूरी होती है। इस मौके पर विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, नगर प्रतिनिधि

राजन पांडेय, युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि, दामोदर यादव सहित कई लोग मौजूद थे। टीम में शामिल युवा समाजसेवी रजीनिश चंद्रवंशी उर्फ बबलू डिश ने बताया कि बाइक सवार कावरियों का दल बोधगया, सुल्तानगंज, देवघर, बासुकीनाथ होते हुए राजगीर के बाद इस बार भारत के पड़ोसी देश नेपाल के काठमांडू पशुपतिनाथ मंदिर तक की यात्रा तय करेंगे। बाबाधाम जानेवालों में कौशल किशोर चंद्रवंशी, चंद्रदेव चौधरी कुकू, सत्यनारायण सोनी, जितेंद्र चौधरी, दया शंभू चंद्रवंशी, विनय महाजन, मनोज चंद्रवंशी पिंटू, धर्मेंद्र गोस्वामी, जोगिंद्र यादव, नितेश कुमार गोलू, नीरज कुमार, राजन कुमार, विक्की सोनी सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

स्पोर्ट्स

एशिया कम का शेड्यूल 14 जुलाई को जारी हो सकता है। इसे लेकर बीसीसीआइ के सचिव जय शाह और पीसीबी चीफ जका अशरफ ने मुलाकात की और आइब्रिड मॉडल को मजूरी दे दी है।

दो टूक : सचिव भी नहीं जायेंगें पाकिस्तान, 14 जुलाई को जारी हो सकता है एशिया कप का शेड्यूल

टीम इंडिया नहीं जायेगी पाकिस्तान : अरूण धूमल

कहा- बीसीसीआइ सचिव जय शाह व पीसीबी ची जका अशरफ एशिया कप के शेड्यूल को अंतिम रूप देने के लिए मिले, जिसमें हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी गयी

एजेंसी

नई दिल्ली। एशिया कप का शेड्यूल इसी सप्ताह शुक्रवार को जारी हो सकता है। आइपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने स्पष्ट शब्दों में दो टूक कहा कि टीम इंडिया पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। धूमल फिलहाल आइसीसी की चीफ एग्जीक्यूटिव मीट (सीइसी) के लिए डरबन में हैं। उन्होंने बुधवार को पुष्टि की कि बीसीसीआइ सचिव जय शाह और पीसीबी चीफ जका अशरफ ने एशिया कप शेड्यूल को अंतिम

रूप देने के लिए गुरुवार को आइसीसी बोर्ड मीटिंग से पहले मुलाकात की। जिसमें एशिया कप के हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी मिली।

हाइब्रिड मॉडल के तहत ही होगा एशिया कप

धूमल ने कहा कि बीसीसीआइ सचिव ने पीसीबी चीफ जका अशरफ से मुलाकात की और एशिया कप के शेड्यूल को फाइनल कर दिया। जैसा कि पहले इस टूर्नामेंट को लेकर चर्चा की गई थी, बात उसी पर जारी है। पाकिस्तान में लीग राउंड के चार मैच होंगे, जबकि श्रीलंका में नौ मैच खेले जाएंगे। वहीं फाइनल मुकाबला श्रीलंका के दांबुला में खेला जा सकता है। इनमें भारत और पाकिस्तान के बीच दोनों मैच शामिल हैं। यदि दोनों टीमें फाइनल खेलती हैं तो यह मैच भी श्रीलंका में ही खेला जाएगा।' धूमल ने पाकिस्तानी मीडिया से आ रही उन खबरों को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि टीम इंडिया पाकिस्तान की यात्रा करेगी, जैसा कि उनके खेल मंत्री एहसान मजारी दावा कर रहे थे। धूमल ने कहा कि 'ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई। सारी रिपोर्ट्स गलत हैं। न तो टीम इंडिया पाकिस्तान की यात्रा कर रही है और न ही हमारे सचिव वहां की यात्रा करेंगे। केवल कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया है।' पाकिस्तान का अपने देश में एकमात्र घरेलू मैच नेपाल के खिलाफ होगा। अन्य तीन मैच अफगानिस्तान बनाम बांग्लादेश, बांग्लादेश बनाम श्रीलंका और श्रीलंका बनाम अफगानिस्तान हैं।

एशिया कप के वेन्यू को लेकर है विवाद

बतातें चलें कि पिछले साल से एशिया कप के वेन्यू को लेकर विवाद चल रहा है। कई मीटिंग के बाद टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल पर कराने का फैसला लिया गया। पीसीबी के पूर्व चीफ रमीज राजा ने टूर्नामेंट पाकिस्तान में नहीं कराने पर विरोध जताया था और वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं आने की धमकी दी थी। पाकिस्तान खेल मंत्री अहसान मजारी ने हाल ही में कहा था कि यदि भारत अपने एशिया कप मैचों को तटस्थ स्थान (न्यूट्रल वेन्यू) पर खेलने की मांग करता है, तो हम भी भारत में अपने विश्व कप मैचों के लिए भी यही मांग करेंगे। हालांकि, पाकिस्तान के बार-बार भारत न आने की धमकी पर आइसीसी ने एक बार पीसीबी को चेतावनी भी दी थी।

धनबाद रेल मंडल के सीआइटी के जन्म दिन पर उनके पैतृक गांव में एसी ने किया पौधा वितरित

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। धनबाद रेल मंडल के सीआईटी बीएम पांडेय ने अपने पैतृक गांव नावा बजार प्रखंड के बसना गांव में अपना जन्म दिन मनाया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपर समहार्ता सुरजीत सिंह ने वहां के आस पास के कई गांवों के लोगों के बीच 1100 इमारती, फलदार और औषधीय पौधा वितरित किया। मौके पर विश्रामपुर थाना प्रभारी शशिरंजन, नौगढ़ा ओपी प्रभारी गुलतन मिस्त्री, बसपा नेता सुरेश कुमार, समाजसेवी सह कांग्रेसी नेता विवेकानंद त्रिपाठी आदि उपस्थित थे। पौधा वितरण से पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह और समाजसेवी विवेकानंद त्रिपाठी ने सीआईटी बीएम पांडेय को अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर उन्हें दीघार्यु होने की शुभकामनाएं दी। अपर समाहर्ता ने सीआईटी बीएम पांडेय को सुखद और सफल भविष्य की कामना करते हुए उनके द्वारा संचालित सामाजिक कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने

कहा कि प्रकृति को सुरक्षित व संरक्षित करने के लिए समाज के सभी लोगों को अपने जीवन के महत्वपूर्ण मौके पर पौधरोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में रहते हुए भी सीआईटी सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में कभी पीछे नहीं रहते। बराबर सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। कहा कि श्री पांडेय अपने जन्म दिन को यादगार बनाने के लिए पिछले कई वर्षो से पौधा वितरण करते आ रहे हैं। इससे न सिर्फ सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन होता है, बल्कि समाज में समाज के लिए कुछ करने का संदेश भी जाता है। मौके पर सतीश पांडेय, दिलीप पांडेय, विजय पांडेय, विनय पांडेय, धनंजय पांडेय, प्रेमचंद पांडेय आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री का नावाडीह दौरा आज, डीसी ने लिया तैयारियों का जायजा

बोकारो (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को नावाडीह पहुंच रहे हैं। वे विभिन्न विभागों के योजनाओं के शिलान्यास-उद्घाटन एवं परिसंपत्ति वितरण समारोह में शामिल होंगे। मुख्य समारोह का आयोजन विनोद बिहारी महतो स्टेडियम परिसर में होगा। इसकी तैयारियां लगभग पूरी हो गई है। बुधवार को डीसी कुलदीप चौधरी समेत जिले के सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों ने समारोह स्थल का जायजा लिया और संबंधितों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। डीसी ने समारोह को लेकर बन रहें पंडाल, विभिन्न विभागों द्वारा लगाएं जाने वाले स्टाल, विभिन्न योजनाओं से संबंधित लाभुकों-आमजनों के प्रवेश- निकासी, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित पदाधिकारी-पुलिस पदाधिकारी से जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिया।

उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री ने किया मांझी हाउस निर्माण कार्य का शिलान्यास

स्वरोजगार से जोड़ी जायेंगी आदिवासी महिलाएं: बेबी देवी

24.5 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा भवन का निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता

भंडारीदह/बेरमो। चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत आदिवासी बहूल्य सरैयाटांड गांव में झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से मांझी हाउस निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। जिसका विधिवत भूमि पूजन प्रदेश की उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी ने किया। इससे पूर्व कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची मंत्री बेबी देवी को आदिवासी महिलाओं ने संथाली लोकाचार के तहत लोटापानी देकर सम्मानित किया। इसके बाद सरैयाटांड गांव के नायके हडाम, ज्योतिलाल मांझी,

माझी हाउस के निर्माण कार्य का उद्घाटन करतीं मंत्री बेबी देवी।

मांझी हडाम एवं शिवलाल मांझी ने संथाली नियमानुसार भूमिपूजन का शुभारंभ करवाया। उक्त मांझी हाउस 24.5 लाख रुपए की लागत से बनाया जायेगा। शिलान्यास के बाद मंत्री बेबी देवी ने कहा कि दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो आदिवासी समाज के कल्याण के लिए हमेसा तत्पर रहते थे। अब उनके अधूरे कार्य को आगे ले जाना उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्हीं के आदर्शो पर चलते हुए जनकल्याण करती रहूंगी। मंत्री ने कहा कि यहां के आदिवासी परिवार के लोगों को समाज की बैठक के लिए पेड़ के नीचे बैठना पड़ता है। अब इस आदिवासी गांव सरैयाटांड में मांझी हाउस के निर्माण होने से यहां के आदिवासी परिवार फायदा ले सकेंगें। स्थानीय महिलाओ की मांग पर जल्द ही पेयजल की समूचित व्यवस्था बहाल करने एवं आदिवासी महिलाओं को स्वरोजगार के लिए आगे बढने को प्रेरित किया जाएगा। इस मौके पर अखिलेश महतो उर्फ राजू, जगदीश पांडेय, पूर्व मुखिया भुनेश्वर महतो, राजकिशोर पुरी, रामेश्वर कुमार शर्मा, सोहनलाल मांझी, चतुर मांझी, राहूल हेम्ब्रम, पुनम देवी, रासमुनी देवी, अनिता देवी, प्रियंका हेम्ब्रम, पार्वती देवी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

बस्ताकोला लोडिंग पॉइंट से ट्रक लोडिंग शुरू होने के बाद सिंह मेंशन पहुंचे जीएम और एजेंट

जश्रसं महामंत्री रागिनी सिंह से मिलकर जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। बस्ताकोला लोडिंग प्वाइंट विवाद को लेकर विगत दिनों हुए हिंसक झड़प और गोलीबारी की घटना के बाद संयुक्त मोर्चा और जनता श्रमिक संघ की पहल पर मंगलवार को ट्रक लोडिंग का कार्य फिर से शुरू हुआ है। जिससे मजदूरों में खुशी है। वहीं, सारे प्रकरण के बाद बुधवार को बीसीसीएल बस्ताकोला एरिया के महाप्रबंधक जीसी राय एवं एजेंट एके शर्मा ने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) की संयुक्त महामंत्री रागिनी सिंह से उनके सिंह मेंशन स्थित आवासीय कार्यालय जाकर मुलाकात की

और बस्ताकोला लोडिंग पॉइंट पर लोडिंग शुरू कराने में सार्थक प्रयास करने पर आभार प्रकट करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। ज्ञात हो कि झड़प की घटना के बाद लोडिंग पॉइंट शुरू करने को लेकर जश्रसं, बीसीसीएल प्रबंधन एवं संयुक्त मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक हुई थी। जिसमें जश्रसं, संयुक्त मोर्चा एवं बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा सभी मांगों पर सहमति बनने के बाद बस्ताकोला लोडिंग पॉइंट में कार्य शुरू हो गया। जिससे मजदूरों में खुशी की लहर है। हालांकि बस्ताकोला महाप्रबंधक और एजेंट के सिंह मेंशन में जश्रसं की महामंत्री रागिनी सिंह से की गयी मुलाकात क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग दबी जुबान में कहते रहे कि ये सिंह मेंशन का ही रसूख है जो बस्ताकोला प्रबंधन कुछ दिन पहले श्रमिक संघ को तवज्जो नहीं दे रहा था वो घुटने टेक आभार जताने पहुंच गया है।

धनबाद में छात्रा के खुदकुशी मामले में झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने बाल संरक्षण आयोग से जांच की मांग की

बोकारो (आजाद सिपाही)। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र राय ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को ईमेल भेजकर कर धनबाद में बिंदी लगाने पर शिक्षिका द्वारा छात्रा को थप्पर मारने से आहत होकर खुदकुशी किए जाने की घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच कमेटी बनाकर उक्त मामले की जांच आयोग की देख रेख में करने की मांग की है। साथ ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की भी मांग की गयी है। महेंद्र राय ने कहा कि पूरे मामले की लीपापोती की जा रही है जिसकी जांच होनी जरूरी है।

सरकार की योजनाएं आमजन के लिए लाभदायक : संगीता

एग्यारकुंड प्रखंड प्रमुख ने लाभुकों के बीच किया लुंगी साड़ी, धोती का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

चिरकुंडा। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत मैथन काली पहाड़ी उत्तर पंचायत के डीलर मनोज तिवारी की जन वितरण दुकान में बुधवार की सुबह केवल 20 रुपये में लूंगी साड़ी धोती का वितरण किया गया। एग्यारकुंड प्रखंड प्रमुख संगीता महतो ने लाभुकों को लूंगी साड़ी धोती देकर फिर से योजना की शुरूआत की। इस दौरान एग्यारकुड प्रखंड प्रमुख ने कहा कि यह प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है। इसके पहले केवल 10 रुपये में धोती साड़ी लूंगी का वितरण किया गया था। यह योजना आज से सभी पंचायतों में निरंतर चलता रहेगा। दूसरी ओर, लाभुक लूंगी साड़ी धोती लेकर काफी प्रसन्न मुद्रा में दिखे। लगभग 25 लाभुकों के बीच लूंगी साड़ी धोती का वितरण एग्यारकुड प्रखंड प्रमुख संगीता महतो के हाथों किया गया। जबकि सभी पंचायतों में कुल 936 परिवार के लाभुकों के बीच इन सभी चीजों का वितरण किया जाना है। वहीं, जन वितरण के बाद प्रखंड प्रमुख संगीता ने ने कहा कि झारखंड सरकार की ओर से चलायी जा रही यह योजना काफी हितकारी है। यह योजना एग्यारकुड प्रखंड के सभी वार्डों व पंचायतों में किया जा रहा है। जरूरतमंद लोग इसका लाभ उठाएं। इस मौके पर डीलर मनोज तिवारी, कार्तिक महतो, सुरेश प्रसाद, धोनी बावरी, अमर बावरी, सर्जक मंडल, राजू मंडल, नमिता कुमारी आदि उपस्थित थे।

बीएड की छात्रा हाथ की नस काटकर फंदे से लटकी, मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। सुदामडीह थाना क्षेत्र के पाथरडीह मोहन बाजार स्थित भाटडीह मोड़ समीप रेलवे के क्वार्टर संख्या 292/एबी में रहने वाले रेल कर्मी अशोक कुमार सिंह की 22 वर्षीय बेटी ने अपने कमरे में बाएं हाथ की नस काटने के बाद अपने ही दुपट्टे से फंदा बनाकर उस पर झूल गई, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतकी का पहचान अदिती कुमारी के रूप में हुई है। वह बीएड की छात्रा थी। मृतका के पिता अशोक ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 11 बजे वे लोग एक साथ खाना खाये थे। इसके बाद अदिती अपने कमरे में सोने चली गई। बुधवार की सुबह

4.30 बजे जब वो उसे उसके कमरे में उठाने गये और दरवाजा खटखटाया तो भीतर से कोई आवाज नहीं आयी। काफी प्रयास के बाद भी जब कोई आवाज नहीं आयी तो उन्हें संदेह हुआ। उन लोगों ने दरवाजा तोड़ा तो हैरत में पड़ गए, क्योंकि अदिती पंखा के हराटे झूलकर खुदकुशी कर चुकी थी। तुरंत इसकी सूचना सुदामडीह पुलिस को दी गई है। पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और अदिती को फंदे से उतार कर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने उसका (अदितीः का मोबाइल फोन जब्त कर जांच शुरू कर ली। बतातें चलें कि मृतका एसएसएलएनटी की छात्रा थी। स्नातक पूरा करने के बाद बीएड की तैयारी कर रही थी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल सका है।

बांसजोड़ा में कोयला मंत्री के स्वागत की तैयारियों में जुटा बीसीसीएल प्रबंधन

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी 14 जुलाई को बांसजोड़ा आएंगे और यहां के परियोजना विस्तारीकरण को लेकर ग्रामीणों से रू-बरू होंगे। इससे मंत्री जी बुधवार को ही यहां आने वाले थे। उनके आगमन पर स्वागत को लेकर बीसीसीएल प्रबंधन जोर शोर से जुटा है। सड़के लेवलिंग हो रही है। आसपास साफ सफाई पर बीसीसीएल के अधिकारी लगे हुए हैं। पंडाल बनाने का भी काम चल रहा है। व्यू पॉइंट बनाये जा रहे हैं, ताकि मंत्री को फायर परियोजना का हाल दिखाया जा सके। पंडाल में कोयला मंत्री बैठक कर ग्रामीणों से बातें करेंगें। यहां विस्थापन पर चर्चा होगा।

कोयला मंत्री को ज्ञापन सौंपनें के साथ सीबीआइ से करेंगे भ्रष्टाचार की शिकायत

राम अवतार आउटसोर्सिंग कंपनी के दर्जनों मजदूरों ने खोला प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

लोयाबाद। बीसीसीएल के सिजुआ क्षेत्र अंतर्गत कनकनी कोलियरी में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी राम अवतार के मजदूर 14 जुलाई को कंपनी का चक्का जाम करेंगे। इसे लेकर मजदूरों ने संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजा और कोयला मंत्री को अपने खिलाफ हो रहे शोषण को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपेगा। बुधवार को मदनाडीह में कंपनी के मजदूरों ने पत्रकारों से बातें करते हुए कहा कि करीब 15 महीने से कंपनी मजदूरों का शोषण हो रहा है। मजदूरों से गुलामों जैसा बर्ताव किया जा रहा है। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। मजदूरों की अगुवाई कर रहे एटक नेता मनोज मुखिया पार्षद प्रत्याशी उमेश चौहान और मजदूर दीपक चौहान ने कहा कि अब आंदोलन करेंगे। इसके बाद हम सब मजदूर सीबीआई दफ्तर जाएंगे, वहां सीबीआइ एसपी से मिलकर न्याय की मांग करेंगे। मनोज मुखिया ने

प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन करते राम अवतार आउटसोर्सिंग कंपनी के मजदूर।

कहा कि कंपनी ने बीते 15 महीनों में मजदूरों के साथ क्या किया यह जांच सीबीआइ से कराएंगे। कंपनी किसी भी मांग को दर किनार कर दे रही है। बीसीसीएल के अधिकारी भी नहीं सुनते है।

यह है आरोप

एचपीसी के तहत मजदूरों का भुगतान नहीं दिया जाता है। मजदूरों ने कहा कि एचपीसी में हेल्पर का 1060 रुपये है, लेकिन यहां हेल्पर को 300 प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी दी जाती है। चालक का 1160 है, जिसे 583 रुपये मिलता है। 15 मजदूरों को छोड़कर किसी भी मजदूर का वेतन भुगतान बैंक से नहीं होता है। पहचान पत्र अब तक निर्गत नहीं हुआ है। अगर मजदूर की मौत ड्यूटी में हो गई तो कंपनी मुआवजा देने से इनकार कर देगी। मजदूरों को पीएफ नंबर मालूम नहीं है। पीएफ का पैसा कटकर कहां जा रहा है किसी को जानकारी नहीं है। मजदूरों का वीटीसी नहीं होता है। बहुत पहले 28 मजदूरों का हुआ, अब किसी का नहीं होता है। मजदूरों का जूता टोपी नहीं है। दुर्घटना बीमा भी नहीं है। मजदूरों के इलावे सभी सुपरवाइजर का पेमेंट बैंक से होती है। 15 अगस्त, 26 जनवरी और दो अक्टूबर जैसे राष्ट्रीय छुट्टी पर भी काम करवाया जाता है और उसका अलग से कोई मजदूरी नहीं दिया जाता है। फायर परियोजना है उपर से 44 डिग्री तापमान में मजदूर काम करते है। वहां पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। पानी पीने और शौच के लिए छुट्टी मांगनों पर अधिकारी बुरा वर्ताव करते हैं और काम छोड़ कर चले जाने की धमकी देते हैं। उधर, कंपनी के अंकित सिंह ने कहा कि मजदूरों का सारा आरोप निराधार है। सभी तरह की सुविधाएं दी जाती है। मजदूरों का वेतन भुगतान बैंक से ही किया जाता है।

शिकायत मिलने पर करेंगे कार्रवाई : जीएम

इस बाबत पूछे जाने पर सिजुआ क्षेत्र के महाप्रबंधक अनूप राय ने बताया कि मुझे आज तक कोई शिकायत नहीं मिली है। अलग शिकायत मिलती है तो कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। लोग हमसे ऑफिस आकर मिल भी सकते है।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ

मत्स्य पालकों के लिए सुनहरा अवसर

एतद् द्वारा रामगढ़ जिला के मत्स्य कृषक/केज मत्स्य पालक/बायोफ्लोक टैंक लाभुक/रिर्सर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम लाभुक (वर्तमान में मछली पालन किया जा रहा हो) को सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश सं0 07, दिनांक 13.06.2022 के द्वारा फीड बेस्ड फिशरीज योजना के अन्तर्गत फीड एवं मछली से संर्वधन अनुदान पर गुणवत्तायुक्त फिश फीड उपलब्ध करावा जायेगा। वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए इच्छुक मत्स्य पालक कार्यालय आकर निः शुल्क आवेदन भरकर कार्यालय अवधि में जमा कर सकते है।

क्र0	योजना का नाम	प्रति कि0ग्रा0 अनुदान की राशि	अधिकतम अनुदान की राशि
1	2mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड।	18/–	12600/–
2	2mm से 4mm साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (कम से कम 24 प्रतिशत प्रोटीन)।	18/–	21600/–
3	2mm से अधिक साईज के झास्कोफिश/ विभागीय फिश फीड मिल/ PMMSY अन्तर्गत निर्मित फिश फीड मिल से उत्पादित फ्लोटिंग फीड (कम से कम 24 प्रतिशत प्रोटीन)।	22/–	लागू नहीं

1. फीड का क्रय किसी भी मान्यता प्राप्त अधिकृत विक्रेता से किया जा सकता है, जिसका बिल GSTin No. का होना अनिर्वाय है।
2. 2mm से बड़े साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड विभाग द्वारा स्थापित फिश फीड मिल अथवा झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड के क्रय पर ही यह लाभ मत्स्य कृशकों को प्राप्त होगा।
3. फीड क्रय का भौतिक सत्यापन उपरान्त ही देय अनुदान की राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा।
4. मत्स्य आहार क्रय करने के पूर्व एवं क्रय करने के बाद कार्यालय को इसकी सूचना तुरंत देने के पश्चात ही क्षेत्रीय प्रभारी द्वारा स्थल का भौतिक निरीक्षण किया जायगा, जिसके उपरान्त में ही अनुदान की राशि दी जायगी।

नोट : यह योजना पहले आओं पहले पाओं के आधार पर संचालित है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
रामगढ़

PR 302198 (Fish) 23-24 (D)

झारखण्ड सरकार
कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, रामगढ़
New Collectorate Building Ground Floor, Block-c, Chhatarmandu, Ramgarh. Pin-825101.
Phone No. – 06553-291183 G-Mail = dahoahyram@gmail.com

सूचना

सरकार के सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के राज्यादेश संख्या–10 रा0 (वि0) दिनांक–14.06.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत पशुपालन प्रक्षेत्र की योजना/कार्यक्रमों के लिए रामगढ़ जिला के पात्र लाभुक वर्ग का ग्राम सभा द्वारा चयन किया जाना है। ग्राम सभा की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरण सहित आवेदन संबंधित प्रखण्डों के प्रखण्ड स्तरीय समिति के माध्यम से जिला पशुपालन पदाधिकारी, रामगढ़ द्वारा आमंत्रित किया जाता है।

क्रसं	कार्यक्रम /योजना का नाम	योजना लागत	अनुदान प्रतिशत	लक्ष्य	लाभुक वर्ग
1	बकरा विकास योजना (4+1)	24800/–	75% अधिकतम 18600/–	450	अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को
			90% अधिकतम 22320/–	650	अनु0 ज0जा0/अनु0 जा0/असहाय विधवा औरतें/ दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिसकाउम्र कम से कम 50 वर्ष हो)
2	सूकर विकास योजना (4+1)	57800/–	75% अधिकतम 43350/–	128	अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को
			90% अधिकतम 52020/–	87	अनु0 ज0जा0/अनु0 जा0/असहाय विधवा औरतें/ दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिसका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो)
3	बैक्यार्ड लेयर (लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन) की योजना (400)	118200/–	75% अधिकतम 88650/–	70	अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को
			90% अधिकतम 106380/–	43	अनु0 ज0जा0/अनु0 जा0/असहाय विधवा औरतें/ दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिसका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो)
4	ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना (500)	67500/–	75% अधिकतम 50625/–रू0	125	अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को
			90% अधिकतम 60750/–रू0	75	अनु0 ज0जा0/अनु0 जा0/असहाय विधवा औरतें/ दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिसका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो)
5	बत्तख चुजा वितरण की योजना (15)	1700/–	75% अधिकतम 1275/–रू0	1262	अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को
			90% अधिकतम 1530/–रू0	827	अनु0 ज0जा0/अनु0 जा0/असहाय विधवा औरतें/ दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिसका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो)
	कुल			3717	

निदेशक पशुपालन झारखण्ड राँची के पत्रांक–25 आ0, दिनांक–04.07.2023 के द्वारा वर्ष–2023–24में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का संचालन हेतु उप–आवंटन प्राप्त है। योजना के राज्यादेश में प्राप्त रामगढ़ जिला के लक्ष्य कोटिवार प्राप्त आवंटन (OSP, SCSP) के अनुसार प्रखंडवार, योजनावार लक्ष्य निम्न प्रकार है :–

क्र	योजना का नाम	पतरातु			माण्डु			रामगढ़			दुलमी			गोला			चितरपुर			कुल
		75%	90%		75%	90%		75%	90%		75%	90%		75%	90%		75%	90%		
		osp	osp	Scsp	osp	osp	Scsp	osp	osp	Scsp	osp	osp	Scsp	osp	osp	Scsp	osp	osp	Scsp	
1	बकरा विकास योजना	90	90	38	95	91	38	35	40	20	65	78	20	90	90	37	75	78	30	1100
2	सूकर विकास योजना	30	6	12	32	6	14	9	2	5	12	4	8	30	6	12	15	4	8	215
3	बैक्यार्ड लेयर कुक्कुट लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन की योजना	15	8	0	17	9	1	5	4	0	8	7	0	15	8	0	10	6	0	113
4	ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना	25	15	1	28	15	1	7	4	0	20	10	1	25	16	1	20	10	1	200
5	बत्तख चुजा वितरण योजना	240	150	25	260	150	30	112	57	10	200	100	15	240	150	25	210	100	15	2089

सादे कागज पर आवेदन का प्रारुप संबंधित BAHO/TVOके पास निःशुल्क उपलब्ध है।

पशुपालन क्षेत्र की योजना के लिए लाभुक चयन हेतु अहर्ता एवं शर्तें :–

1. पशुपालक झारखण्ड राज्य के रामगढ़ जिला के स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।
2. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा प्राप्त करते हुए **प्रखण्ड स्तरीय समिति** के अनुशंसा के उपरांत चयनित लाभुकों की सूची **जिला स्तरीय समिति** को उपलब्ध कराई जाएगी। तत्पश्चात् जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा अन्तिम रुप से लाभुको का चयन किया जाएगा।
3. लाभुकों के चयन के साथ योजनानुसार आवश्यक पशुशेड हेतु भी अनुशंसा संबंधित ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति द्वारा निश्चित रुप से किया जाएगा
4. योजनान्तर्गत पशु/पक्षी के निवास के लिए शेड, आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा के अभिसरण (Convergence) के तहत की जाएगी।
5. प्रखण्ड स्तरीय समिति में प्रखण्ड प्रमुख (अध्यक्ष), प्रखण्ड विकास पदाधिकारी (उपाध्यक्ष), प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, (संयोजक सदस्य), प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी (सदस्य), स्थानीय विधायक या उनके प्रतिनिधि (सदस्य) संबंधित जिला परिषद सदस्य (सदस्य) होंगे।
6. जिला स्तरीय समिति में उपायुक्त (अध्यक्ष), उप विकास आयुक्त (उपाध्यक्ष), विधायक या उनके प्रतिनिधि (सदस्य),जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा नामित जिला परिषद सदस्य (सदस्य) जिला कल्याण पदाधिकारी/PD.ITDA (सदस्य), जिला पशुपालन पदाधिकारी (संयोजक सदस्य), जिला गव्य पदाधिकारी (सह संयोजक सदस्य), JSLPSके प्रतिनिधि/जिला प्रोग्राम मैनेजर (सदस्य) होंगे।
7. विगत्त पाँच वर्षो में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS) अन्तर्गत परिभाषित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है उन्हे पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
8. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत चयनित प्रत्येक लाभुकों का Escrow Account/Dedicated Account संबंधित DAHO के द्वारा अनिवार्य रुप से खोला जएगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account/Dedicated Accountमें हस्तांतरित की जाएगी। अंतिम रुप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/Dedicated Account में एक माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही संबंधित जिला के पदाधिकारी अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाते में हस्तांतरित करेंगे।

नोट :– उपरोक्त योजनाओं में दिनांक–10.08.2023 तक आवेदन करने एवं अधिक जानकारी हेतु संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी/जिला पशुपालन कार्यालय, रामगढ़ से सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक
ह/0
जिला पशुपालन पदाधिकारी, रामगढ़

PR 302172 Animal Husbandry(23-24)#D

पुरी और भुवनेश्वर के रेलवे स्टेशनों का यात्री सुविधा समिति ने निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। रेलवे बोर्ड की 03 सदस्यों वाली यात्री सुविधा समिति (पीएसी) ने 10.07.2023 से 11.07.2023 तक खोरधा रोड मंडल के पुरी, भुवनेश्वर और खोरधा रोड रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया। समिति के सदस्य दिलीप मल्लिक, अभिजीत दास और विचित्र नारायण कलिता थे। निरीक्षण के दौरान, ध्यान देने वाले क्षेत्र बुनियादी यात्री सुविधाएं थीं जैसे शुद्ध पेयजल की सुविधा की उपलब्धता, वेटिंग हॉल की सुविधा, प्लेटफार्मों पर पंखों की उपलब्धता, फुट ओवर ब्रिज, यात्रियों के लिए बैठने की व्यवस्था, लिफ्ट/एस्केलेटर की

कार्यप्रणाली, ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड आदि। समिति के सदस्यों द्वारा स्टेशन क्षेत्र की साफ-सफाई एवं खानपान स्टॉलों पर उपलब्ध खाद्य सामग्री की भी जांच की गई। स्टेशनों पर साफ-सफाई और उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में यात्रियों से फीडबैक लिया गया। कल्याण पटनायक, अपर मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड ने यात्री सुविधा समिति के सदस्यों को भुवनेश्वर और पुरी रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों से अवगत कराया। तीनों रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण पूरा होने के बाद, समिति ने श्री रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड, श्री कल्याण पटनायक, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन), श्री सुभ्र ज्योति मंडल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) एवं अन्य शाखा अधिकारियों के साथ के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड और उनके अधिकारियों की टीम को रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए कुछ बुनियादी सुविधाओं से संबंधित मुद्दों और आम जनता के लिए सेवाओं को और अधिक बढ़ाने तथा बेहतर बनाने की योजना से अवगत कराया। समिति ने सीलिंग पंखों के स्थानांतरण, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट पर धारकों का प्रावधान, अतिरिक्त मूत्रालयों का प्रावधान, फुट ओवर ब्रिज पर ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड का प्रावधान आदि जैसे सुझाव दिए। श्री रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड ने आश्वासन दिया कि मंडल, यात्रियों को सर्वोत्तम सेवा प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। यात्री सुविधा समिति के सदस्यों ने खोरधा रोड रेलवे स्टेशन को एक मॉडल स्टेशन के रूप में पुनर्विकसित करने की पहल के लिए मंडल की सराहना की। सदस्यों ने ट्रेन की आवाजाही और यात्री सुविधा में बाधा डाले बिना पुरी और भुवनेश्वर में खोरधा रोड मंडल द्वारा किए गए पुनर्विकास कार्यों की भी सराहना की।

लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने समर्थन अभियान चलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

धनवार। धनवार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बरोटांड तथा सिंगारडीह में बुधवार को भाजपा के वरिष्ट नेता लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में मोदी सरकार के नो साल पूरे होने पर नो साल बेमिसाल संपर्क से समर्थन अभियान चलाया गया। इस अभियान में केंद्र सरकार की नो सालो की उपलब्धियां के बारे में लोगों को बताया गया। इस बाबत श्री सिंह ने कहा किबदलते भारत की चर्चा को लेकर बरोटांड तथा सिंगारडीह में संपर्क से समर्थन अभियान के तहत प्रत्येक घरो में जाकर इनके नो सालो के कार्यकाल को बताया गया। कहा कि देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नैतृत्व में देश अग्रसर है। इन्होंने देश को

संपर्क से समर्थन अभियान चलाते लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

आगे बढ़ाने का काम किया आज देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। कहा कि इन्होंने देश की महिलाओं को यसस्वी प्रधान मंत्री ने महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है। इन्होंने, गरीबों के लिए कई प्रकार की योजनाओं को धरातल पर उतारा। गरीबों के लिए फ्री में राशन देने का काम किया जा रहा है ऐसा अनेक प्रकार के कार्य इनके कार्यकरल में किये गए है। पर नकुल राय, श्री कांत, पवन सिंह, निधि पंडा, परमानंद राय, कामेश्वर वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, संदीप विश्कर्मा, रोहणी देवी, उर्मिला देवी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

तालचेर मेडिकल कॉलेज का नाम पवित्र मोहन के नाम पर रखा जायेगा

- उन्होंने तालचेर के राजा के अत्याचार और अन्याय के खिलाफ प्रजामंडल आंदोलन का नेतृत्व किया और भारत छोड़ आंदोलन में भी शामिल हुए थे

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। ओडिशा प्रजामंडल आंदोलन के अग्रणी सारथी, पूर्व उप मुख्यमंत्री, महान संग्रामी पवित्र मोहन प्रधान ने आजादी और स्वतंत्रता के बाद ओडिशा के राजनीतिक और सामाजिक आंदोलनों में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने तालचेर के राजा के अत्याचार और अन्याय के खिलाफ प्रजामंडल आंदोलन का नेतृत्व किया और भारत छोड़ आंदोलन में भी शामिल हुए थे। आजादी के बाद वह कई बार विधायक, सांसद, मंत्री और उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं और राज्य के विकास में

महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने सदैव शिक्षा के विकास, पंचायतीराज व्यवस्था में सुधार तथा भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन पर जोर दिया। मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक ने घोषणा की है कि उस महान सेनानी की स्मृति के सम्मान में, तालचेर में पवित्र मोहन प्रधान मेमोरियल पीठ विकसित किया जायेगा और भुवनेश्वर में उनकी एक पूर्ण आकार की मूर्ति स्थापित की जायेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने तालचेर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का नाम उनके नाम पर रखने का निर्णय लिया है। इसी तरह कनिहां में ब्राह्मणी नदी पर निमार्णाधीन पुल का नाम भी दिवंगत प्रधान के नाम पर रखा जायेगा। गौरतलब है कि 5-टी सचिव श्री बीके पांडियन की अंगुल यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों ने महान सेनानी दिवंगत प्रधान की स्मृति को संरक्षित करने के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल का नाम उनके नाम पर रखने का प्रस्ताव रखा था। मुख्यमंत्री ने जनता की इच्छा का सम्मान करते हुए यह निर्णय लिया है।

टुंडी में आरएसएस कार्यकर्ता शंकर प्रसाद की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद/टुंडी। धनबाद जिले के टुंडी में मंगलवार की देर रात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ता शंकर प्रसाद की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। अपराधियों ने उन पर सामने से छह गोलियां बरसायीं। गोली लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। लोगों को उनकी मौत की जानकारी सुबह हुई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। शंकर प्रसाद धनबाद जिले के पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र के दूमा गांव के ही रहने वाले थे। वे ग्राम रक्षा दल के सदस्य भी थे। शंकर धनबाद जिला वनवासी कल्याण केंद्र के जिला कार्य प्रमुख भी थे। मंगलवार की रात वे

शहरपुरा जा रहे थे। रास्ते में दुमा कब्रिस्तान के पास कुछ लोगों ने उन्हें सामने से गोली मारी। शंकर की हत्या पर उनके भतीजे ने बताया कि पुलिस के सहयोग करने के कारण कुछ लोगों के लिए वह किरकिरी बन चुके थे। वह समाजसेवी थे। उनका लोगों के साथ बहुत अच्छा संबंध रहा। सामाजिक कार्यों में भी वह बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। पुलिस को वह लगातार कई तरह की सूचनाएं भी दिया करते थे। शूटरों को बुलवाकर उनकी हत्या करायी गयी है। उन्होंने पुलिस से दोषियों को खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। घटना पर गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र पांडेय, संघ कार्यकर्ता मोती लाल मुर्मू ने हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है।

बीओआइ महाप्रबंध की ग्राहक समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। बैंक ऑफ इंडिया के नेशनल बैंकिंग ग्रुप (एनजी) के प्रमुख और महा प्रबंधक विक्रम केशरी मिश्र और संबलपुर क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीजीत शंकर बेहेरा ने ब्रह्मपुर क्लस्टर का दौरा किया और ग्राहक समीक्षा बैठक में भाग लिया। श्री मिश्र ने ब्रह्मपुर क्लस्टर के अंतर्गत विभिन्न शाखाओं के 30 ग्राहकों के साथ बातचीत की और कहा कि मछली पालन, मुर्गी पालन, काजू प्रसेसिंग यूनिट, सुअर और बकरी फार्म जैसी विभिन्न परियोजनाओं के लिए 100 करोड़

रुपये मंजूर किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न स्वयं सहायता समूहों को 20 करोड़ रुपये स्वीकृत किये जायेंगे। महा प्रबंधक श्री मिश्र ने अधिक से अधिक इच्छुक लोगों तक पहुंचने और उद्यमियों की मदद करने के लिए अन्य क्षेत्रों में निवेश करने की अपनी योजना व्यक्त की।

बैठक से एक दिन पहले सोनिया गांधी कर रहीं डिनर का आयोजन

विपक्षी एकता बैठक 17-18 जुलाई को, 8 नयी पार्टियां जुड़ीं

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। राजनीतिक दलों की 2024 लोकसभा चुनाव को लेकेर गतिविधियां धीरे-धीरे बढ़ रही हैं। भाजपा के खिलाफ विपक्ष के एकजुट होने का प्रयास जारी है। इसी क्रम में विपक्षी दलों की एक बार फिर 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में बैठक होगी। इसमें 25 दलों के शामिल होने की संभावना है। मुख्य बैठक से एक दिन पहले यानी 17 जुलाई को सोनिया गांधी ने सभी विपक्षी दलों को डिनर पर बुलाया है। गौरतलब है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 23 जून को पटना में विपक्षी दलों की पहली बैठक बुलायी थी। बैठक में आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ कांग्रेस के स्टैंड को लेकर नाराज थी। अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि कांग्रेस ने समर्थन नहीं दिया तो वे दूसरी बैठक में नहीं आयेंगे। कांग्रेस की तरफ से अरविंद केजरीवाल को बैठक और डिनर के लिए न्योता भेजा गया है।

आठ नये दलों को न्योता भेजा गया

पटना में हुई बैठक में 17 दलों के नेता शामिल हुए थे। इस बार विपक्षी कुनबे को और मजबूत करने के लिए आठ और दलों को न्योता भेजा गया है। इनमें मरूमलारची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एमडीएमके), कोंगु देसा मक्कल काची (केडीएमके), विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके), रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी), ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आइयूएमएल), केरल कांग्रेस (जोसेफ) और केरल कांग्रेस (मणि) ने हामी भरी है। इन नयी पार्टियों में से केडीएमके और एमडीएमके 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरानभाजपा के सहयोगी हुआ करती थीं।

खड़गे ने भी चिट्ठी लिखकर भेजा न्योता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी टॉप अपोजिशन लीडर्स को अगली बैठक में शामिल होने का न्योता भेजा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक चिट्ठी लिखकर नेताओं को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तरफ से पटना में बुलायी गयी 23 जून की बैठक में उनकी भागीदारी के बारे में याद दिलाया। उन्होंने पत्र में 17 जुलाई को डिनर का भी जिक्र किया है।

प्रवीण कुमार 2024 पेरिस पैरालिंपिक के लिए क्वालीफाई

भूवनेश्वर। किट विश्वविद्यालय के छात्र श्री प्रवीण कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद (हाई जंप) टी44/64 इवेंट में सीजन की सर्वश्रेष्ठ 2.01 मीटर की छलांग के साथ कांस्य पदक जीता और 2024 पेरिस पैरालिंपिक के लिए स्थान पक्का कर लिया। प्रवीण मास्टर्स डिग्री (समाजशास्त्र) की पढ़ाई कर रहे हैं और किट विश्वविद्यालय भुवनेश्वर में खेल छात्रवृत्ति के तहत मुफ्त शिक्षा प्रदान करते हैं। प्रोफेसर अच्युत सामंत संस्थापक किट और किस और संसद कंधमाल ने प्रवीण को कांस्य पदक जीतने और 2024 पेरिस पैरालिंपिक के लिए क्वालीफाई करने पर बधाई दी। उन्होंने उन्हें उनकी खेल यात्रा के लिए सभी आवश्यक समर्थन का आश्वासन दिया और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

दक्षिण पूर्व रेलवे जीएम का बड़ा खुलासा

बाहानगा ट्रिपल ट्रेन हादसा: 7 रेलवे कर्मचारी निलंबित

- आज जीएम अनिल कुमार मिश्र ने इस मामले की कार्रवाई की जानकारी दी

आजाद सिपाही संवाददाता

भूवनेश्वर बालेश्वर। बाहानगा ट्रेन दुर्घटना मामले में सात रेलवे कर्मचारियों को निलंबित करने की खबर सामने आई है। इन में से 3 लोगों को सीबीआई ने पहले गिरफ्तार कर चुका है उसके साथ और 4 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। आज जीएम

अनिल कुमार मिश्र ने इस मामले की कार्रवाई की जानकारी दी। बाहानगा ट्रेन हादसे की जांच सीबीआई और सीआईएस तदंत कर रही है। इस को लेकर रेलवे प्रशासन ने भी कार्रवाई की है। सीबीआई घटनास्थल पर मौजूद तीन कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। 5 दिन रिमांड खत्म होनेकी बाद सीबीआई ने और 4 दिन की रिमांड पर लिया है। बताया जा रहा है कि इस मामले में कुछ और लोग भी शामिल हैं। बाहानगा ट्रेन हादसे के बाद खड़गपुर डीआरएम के. आर. चौधरी और जीएम अनिल मिश्र ने आज पहली बार बालेश्वर का दौरा किया है। उन्होंने घटनास्थल का भी दौरा किया।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**